# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-11-2022

# राजस्व के तीन मामले निस्तारित

**पादरी बाजार (एसएनबी)।** शाहपुर थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस के उप जिलाधिकारी (न्यायिक) पवन कुमार के मौजूदगी में राजस्व से संबंधित 16 मामले में तीन का निस्तारण किया गया।

फरियादी गौतम प्रसाद के निर्माण कार्य को विपक्षी प्रापर्टी डीलर द्वारा रोके जाने के मामले उप जिलाधिकारी ( न्यायिक) पवन कुमार ने मोबाइल से प्रापर्टी डीलर निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ित का बैनामा है व खारिज दाखिल के उपरांत खतौनी में नाम दर्ज है। यदि इनके द्वारा निर्माण कार्य आपके द्वारा रोका जाएगा तो आपके खिलाफ मुकमदा पंजीकृत करा दिया जायेगा। आरोपी प्रापर्टी डीलर को उप जिलाधिकारी द्वारा बुलाए जाने पर उसने एक निजी अस्पताल में भर्ती होने के वजह से समाधान दिवस में उपस्थित होने में असमर्थता जताई।

मकान में बटवारे से संबंधित मामले में उप जिलाधिकारी ने फरियादियों से कहा कि मकान के बंटवारा के मामले का निस्तारित करना सिविल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में आता है। अन्य भूमि के बंटवारा संबधित वाद धारा 116 में उप जिला अधिकारी कोर्ट में दाखिल कर सकते है।नवागत प्रभारी निरीक्षक शाहपुर मधूप नाथ मिश्रा ने बताया कि शाहपुर थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में कुल 20 मामले आए थे जिसमे 16 मामले राजस्व के थे व 4 मामले पुलिस के थे। राजस्व के 3 मामले निस्तारित किए गए जबकि पुलिस के एक भी मामले निस्तारित नही हो पाया।

# हत्या के प्रयास के जुर्म में सात साल की कैद

**गोरखपुर।** हत्या का प्रयास करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश रामपाल ने तिवारीपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी अभियुक्त शिव कुमार निषाद को सात साल के कठोर कारावास एवं 12 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को पांच माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार मौर्य का कहना था कि घटना 12 मार्च 2018 की शाम पांच बजे की है। वादी भोला प्रसाद किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। उसी समय वादी का लड़का अभियुक्त शिव कुमार आया और वादी की पत्नी को पुरानी बात को लेकर गाली गुप्ता देने लगा। विरोध करने पर जान मारने की नियत से चाकू से उसका गला काट दिया। जिससे उसे प्राणघातक चोट आई।



# समाधान दिवस पर 10 मामले आये, निस्तारण एक भी नहीं

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** कैम्पियरगंज थाना परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में आए कुल 10 मामलो में किसी मामले का निस्तारण नहीं हुआ। समाधान दिवस तहसीलदार राकेश कन्नौजिया के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक विजय तिवारी, गिरजादत्त पाण्डेय, एसएसआई राकेश सिंह, दिवाकर वर्मा मौजूद रहे। जसवल बाजार प्रतिनिधि के अनुसार पीपीगंज थाना समाधान दिवस पर राजस्व के छः मामले में से तीन मामलो का निस्तारण मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा किया गया।

समाधान दिवस में नायब तहसीलदार कैम्पियरगंज एवं थानाध्यक्ष पीपीगंज दीपक कुमार सिंह ने फरियादियो की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समस्या का समाधान कराया गया। मौके पर एसआई शमशीर अहमद, एसआई राम अवध, कानूनगो शेष मुनि वर्मा, लेखपाल रामभरोस गुप्ता, अजीत, वीरेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# फैक्ट्री में काम के दौरान मजदूर गिरा, मौत

**सहजनवा (एसएनबी)।** गीड़ा के सेक्टर 23 में स्थित फैक्ट्री में काम करने के दौरान मजदूर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गयी है।

गीडा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर टोला रानीपुर निवासी गोरखनाथ उपाध्याय (55) पुत्र स्व रामबली जो गीडा सेक्टर- 23 स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शुक्रवार को अपरा 3 बजे कार्य के दौरान गिर कर घायल हो गया। मुँह से खून निकल रहा था। उसे तत्काल एम्बुलेंस से सीएचसी सहजनवां भेजा गया। जहां चिकित्सक ने मृतक घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पीएसी जवान के घर दस लाख की चोरी



**गोरखपुर (एसएनबी)**। कैंट इलाके के डिभिया के धोबी टोले में पीएसी जवान के परिजनों को मकान में ताला बंद कर शादी में जाने और वापस लौटने में महज 6 घंटे का समय लगा होगा कि इस बीच चोर मकान के पीछे से घुस कर ताला तोड़ कर 4 लाख के आभूषण व 6 लाख रूपये नकदी सहित दस लाख का सामान उड़ा ले गए। घर में लड़के एवं लड़की की शादी की तैयारी चल रही थी। घटना के सम्बन्ध में पीड़ित परिवार ने कैंट पुलिस को तहरीर देकर बरामी की गुहार लगाई है।

**बेटी की शादी के लिए रखे चार लाख के जेवरात व नकदी उठा ले गए चोर**

**कैंट थाना क्षेत्र के धोबी टोला निकट गुरू गोवलकर स्कूल के पास हुई घटना**

**मकान में ताला बंद कर शादी में शामिल होने गये थे परिजन**

नंदानगर प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार डिभिया धोबी टोला निवासी रामकोमल पासवान पीएसी में कार्यरत हैं। घर पर पत्नी शोभा व दो पुत्र एक बिटिया तथा पुत्रवधू रानीडिहा रामपुर मार्ग स्थित गुरू गोवलकर स्कूल के पास बने मकान पर रहते हैं। शुक्रवार की शाम 6.30 बजे पूरा परिवार मकान में ताला बंद कर शादी में सामिल होने गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम सिहोंड़वा व सिकरीगंज चला गया तथा 12.45 पर वापास लौट आया। घर लौटने पर परिजनों ने देखा कि आगे का दरवाजा बंद है। पीछे जाने पर देखा कि लोहे के फाटक का ताला टूटा हुआ है। अंदर कमरे में जाने पर अंदर का नजारा देख पूरा परिवार स्तब्ध रह गया। आलमारी तीन बक्से व एक लाकर तोड़ दिया गया था तथा आभूषण व नकदी गायब थे तथा सारा सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय चौकी प्रभारी अंजनी कुमार यादव पुलिस के साथ 112 डायल की पुलिस मौके पर पहुंची। सुबह फोरेंसिक टीम व डाग स्कवाड को भी बुला लिया गया जिन्होंने आवश्यक जांच पड़ताल की।

घटना के सम्बन्ध में पीड़िता शोभा देवी व बड़े पुत्र आदित्य ने बताया कि घर पर छोटे भाई व बहन की शादी थी जिसकी तैयारी चल रही थी।

**सीसी टीवी कैमरा खगांलने में जुटी पुलिस :** घटना के सम्बन्ध में चौकी इंचार्ज प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अंजनी कुमार यादव ने बताया कि आसपास लगे सीसी टीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फुटेज में एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार देखें गए हैं जो शक के दायरे में हैं। आवश्यक छानबीन व जाच पड़ताल की जा रही है।

# 85 लीटर कच्ची व उपकरण के साथ दो धराए

खजनी थाना पुलिस ने शनिवार को क्षेत्र के ईट-भट्ठों पर छापेमारी की. इस दौरान दो भट्ठों से 85 लीटर कच्ची और बनाने के उपकरण बरामद हुए. दो अन्य भट्ठों पर दो क्विंटल लहन नष्ट किया गया.

# मारपीट व छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

नाबालिग से छेड़खानी व मारपीट के आरोप में थाना पुलिस ने शनिवार को मां-बेटे पर मुकदमा दर्ज किया है. थाना प्रभारी ने बताया कि किशोरी ने शनिवार को लिखित शिकायत की थी कि 20 नवंबर की शाम को दूध लेने निकली थी. रास्ते में गांव के विनय कनौजिया ने उसके साथ छेड़खानी करनी शुरू कर दी. शोर मचाने पर फरार हो गया.

# रोटावेटर में फंसने से बालक की मौत

पेवनपुर में शनिवार को सुबह 11 बजे खेत की जोताई करते समय पीछे से ट्रैक्टर पर चढ़ रहे 17 वर्षीय जोगिंदर की रोटावेटर में फंसने से मृत्यु हो गई. नौसढ़ चौकी प्रभारी अनूप कुमार सिंह के अनुसार शुभाकर विश्वकर्मा का पुत्र अभय विश्वकर्मा अपने ट्रैक्टर से खेत की जोताई कर रहा था. इसी दौरान उसी गांव का जोगिंदर ट्रैक्टर पर पीछे से चढ़ रहा था और घटना हो गई.

# बाइक की टक्कर में दो घायल

राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामचौरा के पास दो बाइकों की टक्कर में मऊ के पिजारा खंडेरपुर निवासी सौरभ सिंह व महराजगंज के फरेंदा गनेशपुर के सुदामा चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने दोनों को सीएचसी कैंपियरगंज भिजवाया, जहां से डाक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया.

# किशोरी के साथ छेड़छाड़, मुकदमा

एक गांव की किशोरी की मां ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके गांव के एक युवक ने घर के अंदर घुसकर बेटी से छेड़छाड़ की. शोर मचाने वह भाग गया. चौकी प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित अशोक गोस्वामी पर मुकदमा दर्ज किया गया है.

# फरियादियों की समस्याओं को सुना

MURARPUR. उरुवा थाने में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में पांच शिकायतों में चार का निस्तारण किया गया. इस मौके पर एसओ सुनील कुमार निषाद, कानूनगो रमेश कुमार पांडेय, लेखपाल नीतिश मिश्रा आदि मौजूद रहे.

GOLABAZAR. गोला थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम रोहित मौर्य ने अध्यक्षता की. इस दौरान 13 मामले आए जिसमें तीन का निस्तारण हो सका. इस अवसर पर सीओ जगतराम कन्नौजिया, एसओ अश्विनी तिवारी, एसआई अवनीश सिंह, जयराम यादव आदि मौजूद रहे.

# गोरखपुराइट्स ने ली शपथ...

**GORAKHPUR (26 Nov):** संविधान दिवस के अवसर पर गोरखपुर के स्कूल, कॉलेज और गर्वमेंट ऑफिस में दिनभर कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस दौरान एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स में प्रभात फेरी, लेक्चर और कॉम्पटीशन ऑर्गनाइज किए गए तो वहीं गर्वमेंट ऑफिस में संविधान की शपथ ली गई.



## एमएमएमयूटी के स्टूडेंट्स ने ली शपथ



एमएमएमयूटी के आर्यभट्ट हॉल में भारत लोकतंत्र की जननी विषय पर लेक्चर ऑर्गनाइज हुआ. शुरुआत में चीफ गेस्ट वीसी प्रो. जेपी पांडेय ने दीप प्रज्जवलन और डॉ. बीआर अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किया. मुख्य वक्ता प्रो. गोविंद पांडेय ने सभी स्टूडेंट्स को संविधान सभा की स्थापना से लेकर समिति के क्रियाकलाप और भारतीय जनमानस की अंतरात्मा भारतीय संविधान से परिचित कराया.

## खिलाड़ियों ने लिया संकल्प

रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में संविधान दिवस के अवसर पर सभी प्लेयर्स, अधिकारी, कोच और कर्मचारियों ने संविधान के प्रति शपथ लिया. इस अवसर पर आरएसओ आले हैदर, धर्मवार सिंह, मुकेश सिंह, अजय सिंह और सभी प्लेयर्स मौजूद रहे.





## मेयर ने नगर निगम अफसरों और पाषदों को दिलाई शपथ

गोरखपुर. नगर निगम में संविधान दिवस पर मेयर सीताराम जायसवाल ने अफसरों, कर्मचारियों और पार्षदों को संविधान की शपथ दिलाई. इस दौरान मेयर ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है.इसे तैयार करने में डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद आदि का विशेष सहयोग रहा.

## डीडीयूजीयू में निकाली गई प्रभात फेरी

डीडीयू गोरखपुर यूनिवर्सिटी में प्रभात फेरी आयोजित की गई. प्रभात फेरी को जिला जज फर्स्ट अशोक कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवेंद्र कुमार सेकेंड, अपर जनपद न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह फेरी विधि संकाय भवन से निकलकर दीक्षा भवन, कला संकाय व विज्ञान संकाय भवन होते हुए यूनिवर्सिटी के मेन गेट पर पहुंची जहां तिरंगे के सामने सामूहिक रूप से भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया. इसके बाद प्रभात फेरी यूनिवर्सिटी के विधि संकाय भवन पर जाकर सम्पन्न हुई. इस अवसर पर विधि विभाग के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रो. अहमद नसीम और पूर्व अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रो. जितेंद्र मिश्र, प्रो. वीएन पांडेय, प्रो. अनिल कुमार द्विवेदी, डॉ. अखिल मिश्र, डॉ. वेद प्रकाश राय आदि उपस्थित रहे.

## संविधान के प्रस्तावना का किया वाचन

सेंट एंड्रयूज कॉलेज के क्रिकेट ग्राउंड में संविधान दिवस के अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. आरएन सैमुअल ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया. इसके साथ ही वहां उपस्थित सभी स्टूडेंट्स और टीचर्स ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया. इस अवसर पर डॉ. रवींद्र आनंद के साथ ही सभी टीचर्स और स्टूडेंट्स उपस्थित रहे.

## खजनी थाने परिसर में सीओ ने दिलाई शपथ



खजनी थाना परिसर में सीओ अनिल सिंह ने अधिकारियों, कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई. इस दौरान संजय मिश्रा, चौकी इंचार्ज व उपनिरीक्षक आदि मौजूद रहे.

## उरुवा थाने में पुलिस कर्मियों ने ली शपथ



MURARPUR. उरुवा थाना परिसर में इंस्पेक्टर सुनील कुमार निषाद के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया. इंस्पेक्टर ने सभी पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई. इस मौके पर अशोक, धर्मेंद्र, श्रीराम, प्रिया सिंह, सोनम, प्रीति आदि लोग मौजूद रहे.

## संविधान दिवस के कॉम्पटीशन में चितवन, अनुराधा, समीक्षा और प्रिया विनर



संविधान दिवस के अवसर पर डीडीयूजीयू में बीएएलएलबी के सभी स्टूडेंट्स ने संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया. इसके बाद बीएएलएलबी प्रोग्राम के कोऑर्डिनेटर प्रो. अजय कुमार शुक्ल ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 23 नवंबर से हो रहे कॉम्पटीशन के रिजल्ट घोषित किए. स्पीच कॉम्पटीशन में चितवन मिश्रा, डिबेट कॉम्पटीशन में अनुराधा सिंह, ऑनलाइन क्विज कॉम्पटीशन में प्रिया यादव, प्रस्तावना पाठ वीडियो में सलोनी तिवारी, पोस्टर मेकिंग में समीक्षा मिश्रा, स्लोगन राइटिंग में प्रिया त्रिपाठी को फर्स्ट प्राइज मिला. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ. इस अवसर पर अमित कुमार श्रीवास्तव, मंतशा अजीज, आशीष नाथ तिवारी, डॉ. राजेश मणि त्रिपाठी, डॉ. सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव, डॉ. सर्वेश चंद शुक्ला, संदीप सिंह आदि उपस्थित रहे.

## दायित्वों का सही से निर्वहन संविधान के प्रति सच्चा सम्मान



संविधान दिवस के अवसर पर सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दुबे ने डॉक्टर्स और हेल्थ कर्मियों को संविधान के प्रति सम्मान की शपथ दिलाई. उन्होंने कहा कि संविधान के प्रति सच्चा सम्मान अपने-अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन करें. एक डॉक्टर और हेल्थ कर्मी की भूमिका इस दिशा में कही ज यादा है. इस दौरान जिले के सीएचसी और पीएचसी समेत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर भी हेल्थ कर्मियों को शपथ दिलाई गई.

## संविधान दिवस पर ली शपथ

बाबू रामनरेश सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज, बरही में संविधान दिवस मनाया गया. इस दौरान चीफ गेस्ट और प्रिंसिपल डॉ. महेश पति त्रिपाठी ने कहा कि भारत का संविधान समस्त देशवासियों को सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक न्याय प्रदान करता है. अस अवसर पर डॉ. बलविंदर प्रजापति, अनिल शुक्ला, रीना सिंह, दयानाथ यादव, फूला देवी आदि मौजूद रही. नेहरू इंटर कॉलेज अमहिया में शनिवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि प्रबंधक सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी ने भारत के संविधान के बारे में जानकारी दी. संगोष्ठी के उपरांत प्रतियोगिता के 10 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया.

## संवैधानिक मूल्यों का सम्मान नागरिकों की प्राथमिकता

पं. ठाकुर प्रसाद त्रिपाठी किसान बीटीसी/डीएलएड कॉलेज, आभूराम तुर्कवलिया में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ. संस्थान के प्रबंधक ई. अखिलेश्वर नाथ त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय संविधान ही हैं जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है. इस अवसर पर प्रिंसिपल कृष्ण मुरारी पाठक, डायरेक्टर ई. प्रशांत द्विवेदी, धर्मेंद्र चौहान, वंदना पांडेय आदि उपस्थित रहे.





पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाते एसपी नार्थ.

# बांसगांव सांसद पर आरोप सिद्ध, डेढ़ साल की हुई सजा

## शिवपाल और अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में किया था रास्ता जाम

**GORAKHPUR (26 Nov):** पूर्व सीएम अखिलेश यादव और तत्कालीन सपा नेता शिवपाल यादव की गिरफ्तारी के विरोध में मेडिकल कालेज गेट पर धरना-प्रदर्शन और रास्ता जाम करने के मामले में बांसगांव के भाजपा सांसद कमलेश पासवान, पूर्व विधायक चंद्रेश पासवान समेत सात अभियुक्तों को एक साल छह माह का कारावास एवं दो हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है. अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रभाष त्रिपाठी ने वर्ष 2008 के मामले में सुनवाई के बाद आरोप सिद्ध पाए जाने पर सजा सुनाई है.



### 2008 का है मामला

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अंबरीश मल्ल का कहना था कि 16 जनवरी 2008 को सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के नेता शिवपाल यादव (अब प्रसपा अध्यक्ष) और अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में मेडिकल कालेज के मुख्य गेट के सामने सड़क जाम किया था. गुलरिहा थाना क्षेत्र के मेडिकल कालेज निवासी अभियुक्त कमलेश पासवान (अब भाजपा सांसद), रामवृक्ष यादव, राजी सेमरा निवासी महेश पासवान, पूर्व विधायक चंद्रेश पासवान, सराय निवासी रामआसरे, खोराबार थाना क्षेत्र के रायगंज निवासी सुनील पासवान व चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानबेला निवासी खुदुस उर्फ घुहुस ने नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए विरोध स्वरूप तत्कालीन सीएम का पुतला फूंकने व बसपा प्रत्याशी की होर्डिंग जलाने का प्रयास किया था. विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया.

### 2015 में आरोप निर्धारण

न्यायालय ने आठ अप्रैल 2015 को अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप का निर्धारण किया. न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि अभियुक्त जनसेवक हैं, उनसे कानून का पालन करने की अपेक्षा की जाती है. यदि जनसेवक द्वारा ही कानून का उल्लंघन किया जाएगा तो जनसामान्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. साक्ष्यों के आधार पर सभी को एक साल छह माह का कारावास एवं दो हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया जाता है.

# पुलिस कमिश्नरेट बनाने को लेकर गोरखपुर में भी चल रहा होमवर्क

विवेक पाण्डेय

गोरखपुर। आने वाले दिनों में गोरखपुर भी पुलिस कमिश्नरी बन सकता है। मेट्रोपॉलिटन सिटी में गोरखपुर को शामिल करने के साथ ही इस दिशा में भी काम शुरू हो गया था। हाल में प्रयागराज सहित तीन जिलों को पुलिस कमिश्नरी बनाने के बाद अब अगला नम्बर गोरखपुर का बताया जा रहा है।

यूपी में अब तक सात जिलों में पुलिस कमिश्नरी की व्यवस्था लागू किया जा चुका है। पुलिस कमिश्नरी बनाने के लिए आबादी के हिसाब से थाने को बढ़ाया जा रहा है। सब कुछ ठीक रहा तो मेट्रो पॉलिटन के दायरे की शुरुआत 25 के करीब थानों से की जा सकती है। हालांकि जिले में थानों की संख्या 46 के करीब बढ़ाने की तैयारी है जबकि वर्तमान में 28 है वहीं दो थाने पर काम चल रहा है।

अन्य थानों को लेकर सर्किल अफसरों को आबादी के हिसाब से थाने की गुंजाइश तलाशने का जिम्मा मिला था। उन्होंने इसका सर्वे कराने के बाद अपना प्रस्ताव भी शासन को दे दिया है। सब कुछ ठीक रहा तो नए साल में इस पर अमलीजामा पहनाया जा सकता है। कितनी आबादी के कितने पुलिसकर्मी होने चाहिए और थाने का क्या स्वरूप होना चाहिए यह पहले से तय है। इसको जेहन में रखते हुए ही इस पर काम चल रहा है।

## कमिश्नरी के दायरे में यह थाने आ सकते हैं

शहर के सभी थानों के अलावा गुलरिहा, चिलुआताल, खोराबार, गीडा का पूरा इलाका, पीपीगंज, पिपराइच, सहजनवा, बेलीपार और चौरीचौरा थाना क्षेत्र का हिस्सा आ सकता है। इन इलाकों में एम्स थाना के भवन का निर्माण पूरा हो चुका है वहीं सोनबरसा थाने को लेकर रजिस्ट्री चल रही है।

## सात जिले बने हैं पुलिस कमिश्नरी

लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, वाराणसी के बाद अब गाजियाबाद, प्रयागराज और आगरा जिले को पुलिस कमिश्नरी बनाया गया है। इन तीन जिलों में भी एडीजी तैनात किए जा रहे हैं। वहीं अब मेट्रोपोलेटिन के दायरे में आने वाले जिलों की बात करें तो अगला नम्बर गोरखपुर का आएगा।

## पुलिस की अपनी तैयारी चल रही है : एडीजी जोन

एडीजी जोन अखिल कुमार ने कहा कि पुलिस आयुक्त प्रणाली कहां और कब लागू करना यह शासन का विषय है। जहां-जहां जैसे-जैसे जरूरत महसूस की जा रही है वहां लागू किया जा रहा है। रही बात गोरखपुर की तो जिस हिसाब से विस्तार हो रहा है और आबादी बढ़ रही उस हिसाब से थाने और चौकी का आकलन कर इसे बढ़ाया जा रहा है। हाल में कुछ थाने बने हैं कुछ बनने वाले हैं तो कुछ का प्रस्ताव गया है। मेट्रोपॉलिटन के दायरे के बाद शहर का जो स्वरूप सामने आ रहा है उस हिसाब से पुलिस की अपनी तैयारी चल रही है।

# हत्या के प्रयास के आरोपी को सात साल की कैद

गोरखपुर। मां की हत्या का प्रयास करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश रामकृपाल ने तिवारीपुर थानाक्षेत्र के माधोपुर निवासी अभियुक्त शिव कुमार निषाद को सात साल के कठोर कारावास एवं 12 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को पांच माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार मौर्य का कहना था कि घटना 12 मार्च 2018 की है।

# जिसके लिए पति व बच्चों को छोड़ा उसी पर कराया केस

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। पिपराइच क्षेत्र के एक गांव में अजीबो गरीब मामला सामने आया है। लगभग आठ वर्ष पूर्व महिला ने पति व तीन बच्चों को छोड़कर रिश्ते में लगने वाले जिस भतीजे के साथ शादी कर ली अब उसी दूसरे पति के खिलाफ तहरीर दी है।

महिला की शादी 15 वर्ष पहले पिपराइच क्षेत्र के एक गांव में लक्ष्मी के साथ हुई थी। दोनों से तीन बच्चे हुए। महिला के पट्टीदारी में ही रिश्ते में भतीजा लगने वाले युवक रंजित के साथ संबंध हो गए। दोनों एक साथ रहने की जिद पर अड़ गए। इस बात को लेकर उस समय गांव में पंचायत भी हुई थी, बात नहीं बनी। महिला अपने पति व तीन बच्चों में एक दुधमुहें बच्चे को छोड़कर युवक के साथ शादी रचा ली। इसके बाद युवक महिला को लेकर हैदराबाद चला गया। हैदराबाद से लौटकर दोनों घर पहुंचे और साथ रहने लगे। इधर बीच विवाद होने लगा।

महिला प्रधान के पति अजय सिंह ने बताया कि दो दिन पहले महिला को उसके पति ने घर से निकाल दिया। इस ठंड के मौसम को देखते हुए महिला को रहने के लिए पंचायत भवन का एक कमरा दे दिया गया है।

# गाड़ी में ठोकर लगने पर मारपीट, चालान

सहजनवा। गीडा क्षेत्र के बाघागाड़ा फोरलेन पर चार पहिया वाहन से बाइक और टेंपो में ठोकर लग जाने पर पड़ोस के गांव के कुछ लोगों ने मारपीट की और गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को पकड़ कर 151 में चालान कर दिया।

बाघागाड़ा फोरलेन पर किसी अज्ञात वाहन से एक बाइक और टैंपो में ठोकर लग गई। बाइक सवार गिर गया। पीछे से कौड़ीराम क्षेत्र के पांडेय पार निवासी महंत सिंह चार पहिया वाहन से आ रहे थे। वह अपनी गाड़ी रोककर गिरे युवक को उठाने लगे। बाइक सवार बगल के गांव जीतपुर का था। सूचना पाकर गांव के बहुत से लोग घटन स्थल पर पहुंच गए और महंत सिंह को धक्का देते हुए मारपीट करने लगे।

सजा सुनाए जाने के दौरान कोर्ट में मौजूद रहे सांसद कमलेश पासवान, ऊपर की कोर्ट में करेंगे अपील

# 3 साल की सजा पर जाती सदस्यता, बच गए सांसद

**20** दिन की और सजा काटनी होगी अर्थदंड न देने पर

**14** साल पुरानी घटना में कोर्ट ने सुनाई सांसद को सजा

**08** अन्य लोगों को भी सुनाई गई है सजा सांसद समेत

## राहत

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। डेढ़ साल की सजा मिलने के बाद भी भाजपा सांसद कमलेश पासवान की सदस्यता पर फिलहाल कोई खतरा नहीं है। तीन साल या उसके ऊपर की सजा में सदस्यता समाप्त होती है लेकिन कोर्ट से उन्हें डेढ़ साल की सजा सुनाई है। इस लिए वह बाल-बाल बच गए। जिस वक्त कोर्ट में सजा सुनाई जा रही थी कमलेश पासवान सहित अन्य मौजूद थे। सजा सुनाए जाने के साथ ही उन्हें जमानत भी मिल गई। फिलहाल कमलेश पासवान इस सजा के खिलाफ ऊपर की कोर्ट में अपील करेंगे।



- समाजवादी पार्टी में रहने के दौरान सांसद के खिलाफ दर्ज किया गया था मुकदमा
- सजा सुनाए जाने के साथ ही सांसद कमलेश को जमानत भी मिल गई

> तीन साल या तीन साल से ऊपर की सजा होने पर विधायक या सांसद की सदस्यता समाप्त होती है। इसकी नीचे की सजा होने पर सदस्यता समाप्त होने का कोई खतरा नहीं होता है।
> – जितेन्द्र धर दुबे, पूर्व मंत्री सिविल कोर्ट वार

विशेष अभियोजन अधिकारी अमरीश चंद्र मल्ल ने बताया कि कमलेश पासवान सहित अन्य के खिलाफ 147, 341, 435, 511 आईपीसी 7सीएलए के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। सबूतों और गवाहों के आधार पर कोर्ट ने 147 यानी बलवा में एक साल की सजा पांच हजार रुपये जुर्माना, 341 में एक महीने का सजा 100 रुपये जुर्माना, 435,511 में डेढ़ साल की सजा, सेवन सीएलए में तीन महीने की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर आरोपितों को 20 दिन की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

**इन धाराओं में इतनी की होती है अधिक्तम सजा** : कमलेश पासवान सहित अन्य के खिलाफ 147, 341, 435, 511 आईपीसी 7सीएलए के तहत केस दर्ज हुआ था। इसमें 147 में अधिक्तम सजा दो साल, 341 में एक महीना तो वहीं 435 में सात साल तक की सजा होती है पर 435 के साथ 511 यानी अगजनी का प्रयास किया गया था। वहीं 7सीएलए में छह महीने तक की सजा होती है।

### इनको सुनाई गई सजा

बांसगांव के भाजपा सांसद कमलेश पासवान के अलावा सजा पाने वालों में गुलरिहा थाना क्षेत्र के मेडिकल कालेज निवासी रामवृक्ष यादव, राजीसेमरा निवासी महेश पासवान, चंद्रेश पासवान, सराय निवासी रामआसरे, खोराबार थाना क्षेत्र के रायगंज निवासी सुनील पासवान व चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानबेला निवासी खुदुस उर्फ घुहुस भी इसमें शामिल हैं।

### रेलवे की सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने में हो चुकी है सजा



रेलवे की संपति को क्षति पहुंचाने और ट्रेन रोकने के मामले में भी कोर्ट ने जनवरी 2021 में सांसद कमलेश पासवान और पूर्व पार्षद राजेश कुमार यादव को एक-एक साल कारावास की सजा सुनाई थी। अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने जुर्म सिद्ध पाए जाने पर यह फैसला सुनाया। दोनों अभियुक्तों पर दो-दो हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड न अदा करने पर अभियुक्तों को सात दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा। घटना वर्ष 2004 की है। तब कमलेश पासवान तत्कालीन मानीराम विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक थे।

# नाइन कंपनी के 22 डिस्ट्रीब्यूटरों पर जालसाजी का मुकदमा

- कंपनी के 2.53 करोड़ से अधिक रुपये हड़पने का है आरोप
- सात राज्यों के रहने वाले हैं डिस्ट्रीब्यूटर,जांच में जुटी पुलिस
- सेनेटरी पैड और डायपर बनाती है कंपनी, बैंक रोड पर है कार्यालय

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : नाइन कंपनी के 22 डिस्ट्रीब्यूटरों ने जालसाजी कर 2.53 करोड़ रुपये हड़प लिए हैं। रुपये वापस न करने पर कंपनी के कर्मचारी ने कोतवाली थाने में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान के साथ ही गाजीपुर व सहारनपुर जिले में रहने वाले आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

कंपनी के कर्मचारी रवि प्रकाश चौबे ने कोतवाली थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि नाइन प्राइवेट लिमिटेड सेनेटरी पैड व बेबी डायपर का निर्माण कर पूरे भारत में व्यापार करती है। इसके लिए अलग-अलग राज्यों में डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त हैं। कंपनी सामान डिस्ट्रीब्यूटर को भेजती है, जिसे बेचने के बाद वह रुपये खाते में भेज देते हैं। 22 डिस्ट्रीब्यूटरों ने कंपनी से सामान लेकर बेचकर रुपये ले लिए, लेकिन कंपनी के खाते में जमा नहीं किया। रुपये मांगने पर कंपनी के बारे में दुष्प्रचार करने के साथ ही व्यापार प्रभावित कर रहे हैं, जिससे साख गिर रही है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# सांसद कमलेश पासवान को डेढ़ साल की सजा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बांसगांव से भाजपा सांसद कमलेश पासवान व उनके चाचा पूर्व विधायक चंद्रेश पासवान सहित आठ लोगों को शनिवार को कोर्ट ने जाम और धरना-प्रदर्शन के एक मामले में डेढ़ साल की सजा तथा दो-दो हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। इस दौरान सांसद कोर्ट में मौजूद थे। सजा सुनाए जाने के साथ ही उन्हें जमानत मिल गई। सांसद कमलेश पासवान का कहना है कि इस मामले में वह अपील करेंगे।

अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रभाष त्रिपाठी की कोर्ट ने जुर्म सिद्ध पाए जाने पर यह सजा सुनाई है।

**2008 की है घटना:** जनवरी 2008 में कमलेश पासवान सपा में थे। सपा नेता शिवपाल यादव व अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में 16 जनवरी 2008 को कमलेश व अन्य ने बीआरडी गेट पर जाम कर दिया था। तत्कालीन सीएम का पुतला फूंकने का प्रयास किया। ➤इनको सजा P02



भाजपा सांसद कमलेश पासवान

- पूर्व विधायक चंद्रेश पासवान समेत सात अन्य को भी सजा
- जनवरी 2008 में बीआरडी गेट पर लगाया था जाम

# स्टेपिंग स्कूल बच्चों ने निकाल यातायात जागरूकता रैली



गोरखनाथ मंदिर के गेट पर बच्चों के साथ यातायात विभाग के अधिकारी ● जागरण

**गोरखपुर**: यातायात पुलिस के तत्वावधान में शनिवार को यातायात दिवस पर साप्ताहिक जन जागरूकता अभियान के द्वितीय चरण में स्टेपिंग स्टोन इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने जन जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान विभिन्न स्लोगन के जरिये विद्यार्थियों ने यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया।

तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार रैली विद्यालय से निकलकर विभिन्न मार्गों से होते हुए गोरखनाथ मंदिर गेट पहुंचकर समाप्त हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी। साथ ही नियमों का पालन न करने से होने वाले नुकसान की भी जानकारी दी। इस दौरान सीओ ट्रैफिक जय प्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य स्नेहिता चौहान समेत विद्यालय के अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# गीतों के जरिये सुरक्षित यातायात का दिया संदेश

**जासं, गोरखपुर** : कंपोजिट विद्यालय गिरधरगंज में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने नाटक व गीतों की प्रस्तुति के जरिये सुरक्षा संबंधी संदेश दिया। नागरिकों से हेलमेट पहनने की अपील की। चौकी इंचार्ज एयरफोर्स सुनीता सिंह, पार्षद रणविजय सिंह जुगनू, राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन ट्रस्ट की अध्यक्ष प्रिया कुमारी, प्रधानाचार्या शांति सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष गिरधरगंज मनोज सिंह, रजनीश निषाद, पंकज पासवान, सोमेश ने सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा के संदेश पर विस्तार से चर्चा की।

# बच्चों ने पढ़ा यातायात नियमों का पाठ

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : दैनिक जागरण के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत शनिवार को शहर के स्कूलों में सड़क सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही यातायात विभाग के अधिकारियों ने सभी बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई।



एमपी इंटर कालेज में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में बताते उपनिरीक्षक राहुल राव ● जागरण



राजकीय जुबिली इंटर कालेज में यातायात नियमों की जानकारी देते उपनिरीक्षक सुरेश कुमार रत्ना ● जागरण



सरस्वती शिशु मंदिर पक्कीबाग में यातायात नियमों की जानकारी देते उपनिरीक्षक इंदल राम ● जागरण



स्प्रीगर लोरेटो गर्ल्स स्कूल में यातायात नियमों की जानकारी देते उपनिरीक्षक संजय कुशवाहा ● जागरण

# संभलकर चलें, एक गलती तबाह कर सकती है परिवार

- सीओ यातायात व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने चालकों को किया जागरूक
- नगर निगम के चालकों ने यातायात नियमों के पालन का लिया संकल्प

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** आपकी एक गलती किसी का परिवार तबाह करती है। सड़क पर वाहन चलाते समय इस बात का ख्याल जरूर रखें। आप जितनी बड़ी गाड़ी चला रहे हैं, यातायात नियमों का पालन करने की जिम्मेदारी भी उतनी ही होती है। जिले में दुर्घटना बढ़ने की मुख्य वजह चालकों की मनमानी है। यातायात नियमों का पालन करके आप कभी परेशान नहीं होंगे और परिवार भी खुशहाल रहेगा।

यह बातें सीओ यातायात जेपी सिंह ने शनिवार की दोपहर नगर निगम सभागार में दैनिक जागरण की ओर से वाहन चालकों को प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के चालक रोज पूरे शहर का चक्कर लगाते हैं। गाड़ी चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और दूसरे को प्रेरित करें तो बड़ा बदलाव दिखेगा। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रणधीर मिश्रा ने कहा कि एक दुर्घटना पूरे परिवार को जीवन भर का दर्द देती है।



दैनिक जागरण द्वारा आयोजित अभियान में नगर निगम के वाहन चालकों को यातायात के बारे में जानकारी देते सीओ यातायात जेपी सिंह ● जागरण

वाहन चलाते समय मन और मस्तिष्क को एकाग्र रखें। पैदल, साइकिल व रिक्शा से चलने वालों का सम्मान करें। इस दौरान चौकी प्रभारी नगर निगम अखिले तिवारी, नगर निगम के कार्यालय अधीक्षक पवन मिश्रा, गोपनीय सहायक बृजेश तिवारी व वाहन चालक मौजूद रहें।

# भाजपा सांसद कमलेश पासवान को डेढ़ वर्ष कारावास की सजा

**जासं, गोरखपुर** : पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और तत्कालीन सपा नेता शिवपाल यादव की गिरफ्तारी के विरोध में मेडिकल कालेज गेट पर धरना-प्रदर्शन और रास्ता जाम करने के मामले में बांसगांव के भाजपा सांसद कमलेश पासवान, पूर्व विधायक चंद्रेश पासवान समेत सात अभियुक्तों को एक साल छह माह का कारावास एवं दो हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रभाष त्रिपाठी ने वर्ष 2008 के इस मामले में सुनवाई के बाद आरोप सिद्ध पाए जाने पर सजा सुनाई है। शनिवार शाम चार बजे सांसद कमलेश पासवान एसीजेएम कोर्ट में तारीख पर पेश हुए। फैसला आने के बाद उन्हें निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अंबरीश मल्ल का कहना था कि 16 जनवरी 2008 को गुलरिहा क्षेत्र निवासी अभियुक्त कमलेश पासवान (भाजपा सांसद), रामवृक्ष यादव, राजी सेमरा निवासी महेश पासवान, पूर्व विधायक चंद्रेश पासवान, सराय निवासी रामआसरे, खोराबार थाना क्षेत्र के रायगंज निवासी सुनील पासवान व चिलुआताल थाना क्षेत्र के मानबेला निवासी खुदुस उर्फ घुहस ने नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने व बसपा प्रत्याशी की होर्डिंग जलाने का प्रयास किया था। अभियोजन पक्ष की ओर से 10 गवाह पेश किए गए। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि अभियुक्त जनसेवक हैं, उनसे कानून का पालन करने की अपेक्षा की जाती है। यदि जनसेवक द्वारा ही कानून का उल्लंघन किया जाएगा तो जनसामान्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।



कमलेश पासवान
● जागरण आर्काइव



स्टेपिंग स्टोन इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमों का पालन करने की शपथ लेते लोग। संवाद

# स्टेपिंग स्टोन इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली

गोरखपुर। यातायात पुलिस के नेतृत्व में साप्ताहिक जन जागरुकता अभियान के तहत स्टेपिंग स्टोन इंटर कॉलेज की ओर से यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। विद्यालय से निकली रैली गोरखनाथ मंदिर के मुख्य गेट तक गई। रैली के समापन स्थल पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। कार्यक्रम के समापन पर सीओ ट्रैफिक जय प्रकाश सिंह ने विद्यालय की ग्रीन सिटी शाखा की प्रधानाचार्या स्नेहिता चौहान और शिक्षकों को धन्यवाद दिया। संवाद

# वाहनों में टक्कर, गाड़ियों के शीशे तोड़े

## गीडा इलाके में हुई घटना, पुलिस ने दो का शांतिभंग में चालान किया

अमर उजाला ब्यूरो

गीडा। इलाके के बाघागाड़ा के पास चार पहिया वाहन से बाइक व ऑटो में ठोकर लगने पर विवाद हो गया। पास के गांव के लोग आ गए और फिर मारपीट करते हुए गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। पुलिस ने दो आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, बाघागाड़ा फोरलेन पर किसी अज्ञात वाहन से एक बाइक और ऑटो में ठोकर लग गई, जिससे बाइक सवार गिर गया। पीछे से कौड़ीराम क्षेत्र के पांडेयपार निवासी महंत सिंह चारपहिया वाहन से आ रहे थे। उन्होंने अपनी गाड़ी रोक दी और युवक को उठाने लगे।

बाइक सवार बगल के गांव जीतपुर का रहने वाला है। सूचना पाकर गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए और महंत सिंह को धक्का देते हुए मारपीट करने लगे। कई गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर पुलिस आ गई, लेकिन तब तक लोग भाग गए।

अनुरुद्ध निषाद एवं रंजीत निषाद पकड़े गए, जिनका शांतिभंग में चालान कर दिया गया। नौसड़ पुलिस चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि हंगामा की सूचना पर पुलिस पहुंची तो लोग भाग गए। दो लोग पकड़े गए थे।

# नाबालिग से छेड़खानी युवक पर केस दर्ज

### गगहा इलाके में 20 नवंबर को हुई थी घटना, पुलिस कर रही जांच

अमर उजाला ब्यूरो

गगहा। गगहा पुलिस ने शनिवार को नाबालिग से छेड़खानी व मारपीट के आरोप में मां-बेटे पर मुकदमा दर्ज किया है। 20 नवंबर को हुई घटना की पुलिस छानबीन कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, गगहा थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 20 नवंबर की शाम को वह घर से दूध लेने के लिए निकली थी। रास्ते में पास के ही गांव के विनोद कनौजिया उसके साथ जबरदस्ती करने लगा।

वह जबरन पास की ही प्राथमिक पाठशाला में ले जाकर छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की और फरार हो गया। घर पहुंच कर किशोरी ने परिजनों से आपबीती बताई।

किशोरी के पिता विनोद के घर उलाहना देने पहुंचे तो विनोद और उसकी मां पिंकी देवी ने पीड़िता के घर पहुंच कर मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि स्कूल जाते वक्त रास्ते में अक्सर विनोद उसे प्रताड़ित करता रहा है।

पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद लोकलाज के भय से चुप रही। हिम्मत जुटाकर शनिवार को थाने पर पहुंचकर शिकायत की। थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर विनोद एवं उसकी मां पिंकी देवी के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# हत्या की कोशिश में सात साल की सजा सुनाई

गोरखपुर। हत्या के प्रयास का जुर्म सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश रामकृपाल ने तिवारीपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी शिव कुमार निषाद को सात साल का कठोर कारावास एवं 12 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर पांच माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी प्रमोद कुमार मौर्य का कहना था कि घटना 12 मार्च 2018 की शाम के पांच बजे की है। वादी भोला प्रसाद किसी काम से घर से बाहर गए थे। उसी समय वादी का लड़का अभियुक्त शिव कुमार आया और वादी की पत्नी (अभियुक्त की सौतेली मां) को गाली गुप्ता देने लगा। विरोध करने पर जान मारने की नीयत से चाकू से उसका गला काट दिया, जिससे उसे प्राणघातक चोट आई। ब्यूरो

# नाइन कंपनी के 22 वितरकों पर जालसाजी का केस दर्ज

## सेनेटरी पैड व डायपर बनाने वाली कंपनी के हड़पे 2.53 करोड़ रुपये

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** बैंक रोड पर कार्यालय खोलकर व्यापार करने वाली नाइन कंपनी के 22 वितरकों पर कोतवाली पुलिस ने जालसाजी का केस दर्ज कर लिया।

आरोप है कि सभी ने मिलकर कंपनी के 2.53 करोड़ रुपये हड़प लिए हैं। रुपये न वापस करने पर कंपनी के कर्मचारी ने कोतवाली थाने में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार, राजस्थान के साथ ही गाजीपुर व सहारनपुर जिले में रहने वाले आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, कोतवाली थाने में दी गई तहरीर में कंपनी के कर्मचारी रवि प्रकाश चौबे ने लिखा है कि नाइन प्राइवेट लिमिटेड सेनेटरी पैड व बेबी डायपर का निर्माण कर पूरे भारत में व्यापार करती है। इसके लिए अलग-अलग राज्यों में करार कर वितरक बनाए गए हैं। कंपनी उत्पाद को वितरक को भेजती है, जिसे बेचने के बाद वितरक रुपये खाते में भेज देते हैं। 22 वितरकों ने कंपनी से सामान लिया, लेकिन उसे बेचकर रुपये कंपनी के खाते में जमा नहीं किया।

रुपये मांगने पर कंपनी के बारे में दुष्प्रचार करने के साथ ही व्यापार को प्रभावित कर रहे हैं, जिससे साख गिर रही है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# पति के भतीजे से रचाई थी शादी, अब मुकदमा

अमर उजाला ब्यूरो

## पिपराइच थाने में दहेज उत्पीड़न व मारपीट का केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

### आठ वर्ष पहले पति व बच्चों को छोड़कर की थी दूसरी शादी

भटहट (गोरखपुर)। पिपराइच इलाके के चकिया गांव की एक महिला पति व बच्चों को छोड़कर दूसरे से शादी रचा ली थी। अब उस पर ही दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोप लगाते हुए पिपराइच थाने में केस दर्ज कराया है।

आरोप है कि दूसरा पति उसे लेकर हैदराबाद गया था। वहां प्रताड़ित करने लगा। अब गांव पर भी आकर मारपीट करता है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा थाना क्षेत्र की एक महिला की शादी तकरीबन दो दशक पहले पिपराइच थाना क्षेत्र के चकिया निवासी एक युवक से हुई थी, जिससे तीन लड़के हैं। करीब दस वर्ष पहले पट्टीदारी के एक लड़के (पति के भतीजे) से महिला का संबंध हो गया।

इसकी जानकारी होने पर पति से उसका विवाद होने लगा और फिर आठ साल पहले पति व बच्चों को छोड़कर वह प्रेमी के साथ चली गई। उससे मंदिर में शादी भी कर ली। दोनों हैदराबाद में रहते थे, लेकिन बीच में उनका गांव आना-जाना लगा रहता था। बीते छठ पर्व से पहले दोनों हैदराबाद से गांव लौटे। छठ के बाद दोनों के रिश्ते में खटास आ गई।

महिला का आरोप है कि दो सप्ताह पहले पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पिछले चार दिनों से गांव के पंचायत भवन पर समय गुजार रही है। इस संबंध में पिपराइच थाना प्रभारी सूरज सिंह का कहना है कि महिला की तहरीर पर दूसरे पति पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# गैंगस्टर का केस दर्ज, फिर भी घूम रहा अभियुक्त

गोरखपुर। कैंट थाने में विष्णु धर दुबे, भास्कर दुबे सहित सात लोगों पर दो नवंबर को गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई, लेकिन उनकी गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की। दोनों मुख्य आरोपी पुराने मामले में कोर्ट से जमानत पर रिहा हो गए और पुलिस को भनक भी नहीं लगी।

दक्षिणी बेतियाहाता निवासी शिव प्रताप यादव ने एसएसपी को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की। कहा कि विष्णु धर दुबे, राजन यादव, गोविंद यादव, सुरेश यादव, राजवीर, मोनू, सन्नी पर गैंगस्टर का केस दर्ज है। हत्या की कोशिश के मामले में विष्णु धर दुबे व राजन जमानत पर रिहा हो गए। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि०-27-11-22

# समाधान दिवस पर जिले में आये 140 प्रार्थना पत्र 38 का हुआ निस्तारण

देवरिया(एसएनबी)। शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर आयोजित समाधान दिवस पर कुल 140 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 38 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने थाना बरियारपुर पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुना। यहां आयोजित समाधान दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें दो प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। चार प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर उसका निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को उचित दिशा निर्देश दिये गये।

राष्ट्रीय सहारा दि०-27-11-22

# अवैध शराब के साथ तस्कर धराया

**बनकटा/अकटहीबाजार।** बनकटा थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग से बिहार में अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की शिनाख्त मनीष कुमार संकरपुरा सिवान बिहार के रूप में हुई। अभियुक्त के पास से 40 शीशी देशी शराब बरामद किया गया।इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष बरजोर सिंह ने बताया कि युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही कि जा रही है।

हिन्दुस्तान दि0-27-11-22

# डीएम व एसपी ने थाने में सुनी पीड़ितों की फरियाद

देवरिया, निज संवाददाता। जिले के सभी थानों में चौथे शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पीड़ितों की शिकायतों का समाधान हुआ। डीएम और एसपी ने बरियारपुर थाने में पहुंच कर फरियादियों की शिकायत सुनी। अधिकारियों ने दो मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष समस्याओं का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

जिले के 22 थानों में शनिवार को समाधान दिवस पर थानेदारों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर सुनवाई की। जिले में लगभग 140 मामले आए। जिसमें से 38 का निस्तारण किया गया। वहीं शेष मामलों को टीम बनाकर निस्तारण के लिए सौंप दिया गया। डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा ने सलेमपुर सर्किल के बरियारपुर थाने पहुंचे। बरियारपुर थाने में 12 मामले आए थे। जिसमें राम गुलाब गोंड वार्ड नंबर 7 बरियारपुर, भगेलू प्रसाद बिशुनपुर कला और कुंदन पाठक गौरकोठी खास के राजस्व के मामलों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। शेष बचे समस्याओं का भी पुलिस व राजस्व विभाग की टीम बना कर यथा शीघ्र समाधान करने का निर्देश डीएम ने दिया।

हिन्दुस्तान दि0-27-11-22

# मोबाइल चुराकर बेचने वाले तीन गिरफ्तार

भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद। जिले के अलग-अलग स्थानों से मोबाइल चुरा कर बिहार और झारखंड में बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को चोरों के पास से 10 चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। चोरों के पास से नगद 1.68 लाख रुपये नगदी बरामद हुआ। पुलिस ने चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। चोरों के पास से देवरिया शहर से चोरी हुआ दो मोबाइल बरामद हुआ। जिसका मुकदमा सदर कोतवाली में दर्ज है।

भाटपाररानी के थानेदार मृत्युंजय सिंह पुलिस बल के साथ महुआबारी पेट्रोल पंप के समीप वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच सलेमपुर के तरफ से एक बाइक पर तीन युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस को देख कर तीनों बाइक मुड़ा कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। तीनों के पास 10 मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने मोबाइल लेकर बात किया। इसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

चोरों की तलाशी लेने पर उनके पास से 1.68 लाख रुपये नगद और एक बाइक बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में तीनों ने अपना नाम गुड्डू तिवारी पुत्र स्व. रामचन्द्र तिवारी, गोपाल तिवारी पुत्र स्व. रामचन्द्र तिवारी और नेपाली उर्फ आदित्य तिवारी पुत्र गुड्डू तिवारी निवासीगण कररिया थाना गोपालगंज जिला गोपालगंज बिहार बताया।

दैनिक जागरण दि० 27-11-22

# समाधान दिवस पर पहुंचे भूमि विवाद के पुराने मामले

- अधिकारियों से मिला आश्वासन निस्तारण का इंतजार
- 22 थानों पर आयोजित हुआ दिवस बरियारपुर में पहुंचे डीएम व एसपी

जासं, देवरिया : जनपद के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम व एसपी ने बरियारपुर में फरियाद सुनी। अधिकतर मामले पुराने आए, जिनके समाधान के लिए आश्वासन दिया गया। कुल 140 मामलों में 38 का ही मौके पर निस्तारण हो सका।

सदर कोतवाली में एसडीएम सौरभ सिंह व प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने फरियाद सुनी। उन्होंने भूमि विवाद के मामलों में पुलिस व राजस्व की टीम गठित कर निस्तारण का निर्देश दिया। करौंदी बाजार संवाददाता के अनुसार, डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने बरियारपुर थाने में फरियाद सुनी। कुल दस मामलों में दो का ही मौके पर निस्तारण किया गया। चार मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया गया।

भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार, खामपार में एसडीएम संजीव उपाध्याय व सीओ विनय यादव की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल तीन मामले आए, जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बनकटा में प्रभारी निरीक्षक बरजोर सिंह के समक्ष पांच मामले आए, जिसमें चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। खुखुंदू संवाददाता के अनुसार, समाधान दिवस में कुल पांच मामले आए, जिसमें एक का ही मौके पर समाधान हो सका।

बरहज संवाददाता के अनुसार, नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह व थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने फरियाद सुनी। कुल 22 मामलों में राजस्व के 17 व पुलिस के पांच मामले शामिल थे। इसके अलावा भटनी, गौरीबाजार, तरकुलवा, रामपुर कारखाना, मईल, भलुअनी, लार, एकौना, मदनपुर, रुद्रपुर, बघौचघाट आदि थानों में भी समाधान दिवस का आयोजन किया गया।



दैनिक जागरण दि०-27-11-22

# दो पक्षों में विवाद, शांतिभंग में पांच लोगों का चालान

**जासं, बनकटा :** दो गांवों के लोगों में शनिवार को विवाद हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके विरुद्ध शांतिभंग के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक, इंगुरी व सुंदरपार गांव के रहने वाले लोगों के बीच विवाद को देखते हुए कार्रवाई की गई, जिसमें इंगुरी के श्याम बहादुर, सत्यवीर व संजय तथा सुंदरपार के दीपू व पप्पू शामिल हैं।

**देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार :** बनकटा : रामपुर बुजुर्ग तिराहा के समीप से पुलिस ने 40 शीशी देसी शराब लेकर बिहार लेकर जा रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित मनीष कुमार बिहार के सिवान जनपद के शंकरपुरा गांव का रहने वाला है। प्रभारी निरीक्षक बरजोर सिंह ने बताया कि युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-11-2022

# लकड़ी के साथ एक गिरफ्तार

**नेबुआ नौरंगिया।** नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने क्षेत्र के जड़हा गांव से प्रतिबंधित 19 बोटा लकड़ी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

नेबुआ नौरंगिया पुलिस को जरिये मुखबीर सूचना मिली कि जड़हा गांव में प्रतिबंधित पेड़ गूलर व पाकड़ की अवैध काट कर रखी गई है, जिसे कहीं ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना पर एसआई विनायक यादव अपने सहयोगी कां. सोनू कुमार व संतोष कुमार यादव के साथ मौके पर पहुंच अवैध लकड़ी को बरामद कर आरोपी मुन्नीलाल पुत्र सुनरदेव निवासी जड़हा को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में एसओ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 19 बोटा प्रतिबंधित लकड़ी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# चोरी का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**कसया।** सिसवा महंत चौराहे पर बीते चार दिन पूर्व ग्राहक सेवा केंद्र में ताला तोड़ हुई चोरी का पर्दाफाश कर पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए करीब एक लाख का सामान बरामद किया है। सीओ पीयूषकांत राय ने बताया कि मुखबीर के जरिये सूचना मिली कि चोरी का लैपटॉप, डेस्कटॉप व इन्वर्टर बेचने के लिए दो व्यक्ति हेतिमपुर से भैसहां जा रहे हैं।

# झूठ बोल कर बेची गाय, दो पर धोखाधड़ी का मुकदमा

- पटहेरवा थाना क्षेत्र के पशुपालक की शिकायत पर दर्ज हुआ केस
- गाय के बच्चा देने के बारे में बोला था झूठ, सच जानने के बाद दी तहरीर

पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद। सेवरही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पटहेरवा थाना क्षेत्र के करजही गांव निवासी दो लोगों पर एक माह में गाय के बच्चा देने की बात कह 22 हजार में बिना बच्चा देने वाली गाय बेच देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित की तहरीर पर सेवरही पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सेवरही थाना क्षेत्र के धुरिया इमिलिया निवासी हरिवंश शुक्ला ने पटहेरवा पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि दूध की जरूरत थी, जिसको लेकर एक गाय खरीदने निकले थे। बीते 28 सितंबर को पटहेरवा थाना क्षेत्र के करजही गांव निवासी गुड्डू व भीम मिले, जिन्होंने बताया की इनके पास एक गाय है जो एक माह में बच्चा देने वाली है।

पीड़ित ने आरोपी की बातों में आकर 22 हजार रुपये में गाय खरीद लिया और घर ले जाकर गाय की सेवा करने लगा। लेकिन एक माह से भी अधिक समय बीत जाने के बाद गाय बच्चा नहीं दी तो शक होने पर उसने गाय की पशु चिकित्सक से जांच कराया। पीड़ित का आरोप है की जब पशु चिकित्सक ने बताया की गाय गर्भवती ही नहीं है तो पीड़ित की पैरों तले जमीन खिसक गयी। यह बात सुन पीड़ित गाय लेकर बेचने वालों के पास गया तो आरोपी गाय को अपना बताने से इंकार करते हुए न गाय लिये न पैसा वापस किये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



बीडीओ को ज्ञापन देते भाकियू जिलाध्यक्ष ध्रुवनारायण यादव। ● हिन्दुस्तान

# महापंचायत में जाने से भाकियू जिलाध्यक्ष को पुलिस ने रोका

6/15

मंसाछापर, हिन्दुस्तान संवाद। लखनऊ में आयोजित महापंचायत में जाने से भाकियू जिलाध्यक्ष ध्रुव नारायण यादव को जटहा बाजार पुलिस ने शुक्रवार की रात को रोक दिया गया। पुलिस पूरी रात भाकियू जिलाध्यक्ष को उनके आवास पर ही रोके रखी। शनिवार की सुबह जिलाध्यक्ष आवास पर ही धरने पर बैठ गए। दोपहर बाद जिलाध्यक्ष ने बीडीओ विशुनपुरा को ज्ञापन देकर धरना समाप्त किया।

- **शुक्रवार की रात से ही घर पर जटहा बाजार पुलिस ने लगा दिया था पहरा**
- **लखनऊ में संयुक्त मोर्चा की ओर से बुलायी गई थी महापंचायत**

संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर भाकियू कार्यकर्ता लखनऊ महापंचायत में जाने वाले थे। पुलिस को इसकी भनक लगते ही भाकियू जिलाध्यक्ष ध्रुव नारायण यादव को उनके पकहा गांव स्थित आवास पर ही रोक दिया। शनिवार की सुबह वह अपने आवास पर ही धरना देने लगे। सूचना मिलने के बाद दोपहर बाद भाकियू के जिलाध्यक्ष के घर पहुंचे बीडीओ विशुनपुरा सुशील कुमार सिंह ने ज्ञापन लेकर धरना खत्म कराया। ज्ञापन में कृषि समर्थन मूल्य को लागू करने, किसानों का पुराना बकाया दिलाने, किसानों के आने-जाने के लिए ट्रैक्टर ट्राली पर रोक हटाने व 21 नवंबर वर्ष 2014 में जटहा बाजार थाने में भाकियू किसानों पर दर्ज मुकदमे को वापस लिए जाने की मांग प्रमुख रही।

# एसओ के आश्वासन पर अनशन खत्म

**मंसाछापर।** जटहा बाजार थाना क्षेत्र के कटाई भरपुरवा गांव में जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग को लेकर आमरण अनशन शनिवार को कार्यवाहक एसओ के आश्वासन पर समाप्त हो गया। आमरण अनशन पर बैठे बुजुर्ग को आश्वासन दिया गया कि अगले महीने की 10 तारीख को मामले का समाधान कर दिया जाएगा।



कटाई भरपुरवा गांव के गोपाल यादव गांव के ही एक व्यक्ति से जमीन बैनामा लिए थे। आरोप है कि जिस जमीन पर बात हुई थी, उसको न देकर बड़ी गंडक नदी में आने वाले जमीन को बैनामा कर दिया गया था। बुजुर्ग ने चेतावनी दी थी कि न्याय नहीं मिलने पर रविवार को वह आत्मदाह कर लेगा।

## एक नजर में

# तीन दिन में चोरी का खुलासा दो चोर गिरफ्तार

**कसया :** सिसवा महंथ चौराहा पर ग्राहक सेवा केंद्र में हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश कसया पुलिस ने तीन दिन में कर दी। शनिवार को थाना परिसर में सीओ पीयूषकांत राय व प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी ने बताया कि घटना में शामिल दो चोरों संदीप कुशवाहा, निवासी कोटवा बसावन टोला, थाना महुंआडीह देवरिया व अमरनाथ पटेल, निवासी सहोदर पट्टी, थाना महुंआडीह देवरिया को चोरी गए सामान के साथ दो संदिग्ध व्यक्ति हेतिमपुर भैसहां के तरफ जा रहे थे। (जासं)

# यातायात नियमों का कराया जाएगा पालन

**कुशीनगर :** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर दैनिक जागरण 300 किमी सड़क की रोड आडिट के बाद अब इसके लिए जवाबदेह विभागों के अधिकारियों से उनकी जिम्मेदारी व कार्रवाई को लेकर सीधी बात कर जनता की ओर से जवाब पूछने का कार्य शुरू किया है। इसके क्रम में सीओ यातायात उमेश चंद्र भट्ट से रोड आडिट के आधार पर कट टू कट बात की गई।

**प्रश्नः यातायात नियमों का उल्लंघन सड़क दुर्घटना का बड़ा कारण है, कार्रवाई क्यों नहीं।**

उत्तरः यातायात नियमों के उल्लंघन के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं, मैं इससे इंकार नहीं कर सकता, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही, यह सही नहीं है। हम लगातार उपलब्ध संसाधनों के आधार पर बेहतर कार्य कर रहे हैं।

दो माह में 100 से अधिक चालान इसका प्रमाण है।

**प्रश्नः जब आप कार्रवाई कर रहे हैं तो फिर दुर्घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है।**



उमेश चंद्र भट्ट, सीओ यातायात कुशीनगर।

उत्तरः देखिए इसके पीछे एक बड़ा कारण लोगों द्वारा यातायात नियमों का पूरी तरह से पालन न करना है। हम लोग अभियान चलाकर कार्रवाई करते हैं तो लोग सुधार की बात भी करते हैं। उसके बाद भूल जाते हैं। देखने में यहां तक आता है कि लोग अपने नाबालिग बच्चों को दो पहिया व चार पहिया वाहन चलाने को दे देते हैं।

ऐसे में लोगों को खुद भी पहल करनी होगी, हम पूरा सहयोग करेंगे। सब मिलकर प्रयास करेंगे तभी दुर्घटनाएं रुकेंगी।

**प्रश्नः दुर्घटना के कारण बनने वाले पडरौना के सुभाष चौक, तमुहीराज के ओवरब्रिज पर आदि स्थानों लगने वाले जाम पर कार्रवाई क्यों नहीं होती।**

उत्तरः कार्रवाई की जाती है। वाहन चालकों को समझाया भी जाता है, कुछ दिन ठीक रहता है, फिर जाम लगने लगता है। हम जाम के प्वाइंट को लेकर विशेष अभियान चलाने जा रहे हैं। कड़ी कार्रवाई के साथ जुर्माना लगाया जाएगा।

**प्रश्नः सुकरौली से सलेमगढ़ तक 25 से अधिक स्थानों पर सड़क किनारे भारी वाहन खड़े होते हैं। कोहरे में दुर्घटना का बड़ा कारण बनते हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती।**

उत्तरः ऐसे स्थल हमारी प्रमुखता में हैं। हम वहां कार्रवाई करने जा रहे हैं। वाहनों का चालान किया जाएगा तो जुर्माना भी लगाया जाएगा। दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

# पाठशाला लगा छात्रों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

## यातायात नियमों का करेंगे पालन, दिलाई गई शपथ

जागरण टीम, सेवरही : दैनिक जागरण ने अपने अभियान के अंतर्गत शनिवार को पांच स्कूलों में सड़क सुरक्षा की पाठशाला लगाई, जहां छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए विशेषज्ञों द्वारा यातायात नियमों के बारे में बताया गया।

छात्रों से इन नियमों का स्वयं पालन करने तथा अभिभावकों व आस पड़ोस के लोगों से सहयोग की अपील की गई। उपनगर स्थित लोकमान्य इंटरमीडिएट कालेज में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए थानाध्यक्ष सेवरही संजय कुमार ने बच्चों को सड़क पर बाएं चलने तथा झुंड बनाकर न चलने की नसीहत दी।

कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर में सेवरही कस्बा इंचार्ज मंगेश कुमार मिश्र व एसआइ संदीप कुमार यादव ने छात्रों को सड़क सुरक्षा व अनुशासन की सीख दी।




ठाकुर हरकेश प्रताप सिंह इंटर कालेज दुदही में शपथ दिलाते एसएचओ महेंद्र राम प्रजापति व गुलाइची देवी इंटरमीडिएट कालेज में छात्रों को जागरूक करते प्रभारी थानाध्यक्ष सूर्यभान यादव● जागरण




कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर में सड़क सुरक्षा पाठशाला में बच्चों को जानकारी देते (बीच में) चौकी इंचार्ज मंगेश मिश्र व सेवरही लोकमान्य इंटर कालेज परिसर में यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते थानाध्यक्ष संजय सिंह● जागरण

# समाधान दिवस पर आए मामले का मौके पर ही हुआ निस्तारण



कसया थाना में फरियाद सुनते एसपी धवल जायसवाल बाएं● जागरण

**जासं, कसया** : थाना परिसर में शनिवार को सुबह 10 बजे थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। आयोजन के दौरान पहुंचे एसपी धवल जायसवाल, एसडीएम कल्पना जायसवाल ने समस्या सुनी। आयोजन के दौरान कुल 11 मामले आए, जिसमें तीन मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिए गए।

थाना समाधान दिवस पर पुलिस से जुड़े तीन मामला आए। एसपी ने समस्या सुन तत्काल मामले का निराकरण करा दिया। एसपी ने कहा कि थाना समाधान दिवस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। मामला अगर भूमि विवाद से जुड़ा है तो राजस्व टीम की मदद लें। इसमें लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मी दंडित किए जाएंगें। एसडीएम कल्पना जायसवाल ने राजस्व से जुड़े मामलों में टीम गठित कर निस्तारण के निर्देश दिए। एसएचओ आशुतोष कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

**कोतवाली में पांच मामले निस्तारित**

**पडरौना:** कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। पुलिस व राजस्व से जुड़े कुल 09 मामले आए। इसमें पुलिस से जुड़े तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। कोतवाल ने बताया कि लंबित मामलों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर दी गई है। बड़ी संख्या में पुलिस व राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# 19 बोटा लकड़ी के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, नेबुआ-नौरंगिया :** क्षेत्र के पचफेड़ा गांव के समीप शुक्रवार रात को ट्रैक्टर-ट्राली पर लदे 19 बोटा लकड़ी के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

मामले में भारतीय वन अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। दारोगा विनायक यादव टीम संग गश्त पर थे। पचफेड़ा के पास ट्रैक्टर-ट्राली पर लकड़ी देख टीम ने जब आवश्यक कागजात मांगा तो चालक नहीं दे सका। ट्राली पर गुल्लर व पाकड़ के कुल 19 बोटा मिला। चालक की पहचान मुन्नीलाल निवासी जड़हा थाना नेबुआ-नौरंगिया के रूप में हुई। एसएचओ नेबुआ-नौरंगिया अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही।

# छेड़खानी व मारपीट करने के मामले में 20 पर मुकदमा

**जासं, पटहेरवा :** क्षेत्र के गांव जवार भैसहा में पीड़िया विसर्जन के दौरान लडकियों के साथ छेड़खानी व मारपीट करने वाले 20 मनबढ़ों के विरुद्ध पुलिस ने प्रधान संत खरवार के तहरीर पर शनिवार को मुकदमा दर्ज किया। चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है। गांव की लड़कियां करमैनी गांव के तालाब में पीड़िया विसर्जन करने शुक्रवार की सुबह गई थीं। आरोप है कि जवार भैसहा के एक वर्ग विशेष के कुछ युवक उक्त तालाब पर नृत्य व गाना गा रही लड़कियों की भीड़ में घुस गए। जबरिया उनके साथ नृत्य करने लगे। उनके कुछ साथी वीडियो बनाने लगे। इस मामले में आबिद, जुनैद, गोल्डन, सोनू, हारून, सुहैल, समीर, गुलाब, फैजान, छोटे, हुस्नेरा, आजम अली, सकील, जावेद, शाहरुख, झमन, बदरुद्दीन, दिलसाज व अज्ञात शामिल थे। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## ट्राली चोरी का मुकदमा

**जासं, पटहेरवा :** क्षेत्र के पकड़ी उर्फ पकड़ियार निवासी रामायण यादव की बीते 16 नवंबर को दरवाजे से ट्राली चोरी हो गई थी। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस शनिवार को अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज की है।

# प्रदेश के बौद्ध तीर्थस्थल होंगे विकसित

## उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और एलबीडीएफआइ के बीच 10 वर्ष का हुआ करार

अजय कुमार शुक्ल ● कुशीनगर

पर्यटन की दृष्टि से प्रदेश के बौद्ध तीर्थ स्थलों को विकसित करने को लेकर द लाइट आफ बुद्ध धर्म फाउंडेशन इंटरनेशनल (एलबीडीएफआइ) आगे आई है। उसका उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के साथ 10 वर्ष का करार हुआ है। मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग पर हुए हस्ताक्षर के बाद अब दोनों मिलकर विदेशी व भारतीय तीर्थ यात्रियों के लिए पर्यटक सुविधाएं बढ़ाएंगे। इसको लेकर एक पूरा खाका खींचा गया है, जिसमें विकास के हर पहलू पर कार्य होगा। मसलन फर्रुखाबाद के संकिसा, लखनऊ, श्रावस्ती, कौशांबी, कपिलवस्तु, सारनाथ, देवगढ़, ललितपुर, देवदह पर साइनेज लगाए जाएंगे। पवित्र शांति उद्यान विकसित किए जाएंगे, जहां ग्रामीण जीवन को जोड़ते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्रसाधन सुविधाओं को व्यवस्थित कराया जाएगा। बौद्ध तीर्थ स्थलों पर प्रशिक्षित गाइड नियुक्त किए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश पर्यटन की ओर से लखनऊ में 15 दिन पूर्व पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्र, आइएफएस (भारतीय विदेश सेवा) और एलबीडीएफआइ की कार्यकारी निदेशक वाग्मो डिक्से ने उप्र पर्यटन के उपनिदेशक डा. कल्याण सिंह यादव व समन्वय सेवा संस्थान, लखनऊ के उप सभापति नीलम चंद्रा की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रथम चरण में इंटरनेट व वेबसाइट बनाकर सभी बौद्ध तीर्थ स्थलों की विस्तृत सूचना लोड की जाएगी। यह दिसंबर के अंतिम सप्ताह से शुरू भी हो जाएगा। इससे पर्यटकों को सभी पर्यटक स्थलों की विस्तृत सूचनाएं एक क्लिक पर आसानी से मिल सकेंगी। इसके बाद पर्यटक स्थलों के अन्य आवश्यकताओं के अनुसार कार्य होंगे, जिसमें निर्माण कार्य भी शामिल हैं। इस पर धन का खर्च संस्था की ओर से किया जाएगा तो सरकार भी जरूरत पड़ने पर कुछ सहयोग कर सकती है।

> उप्र मे पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बौद्ध तीर्थ स्थलों पर मूलभूत पर्यटक सुविधाओं को व्यवस्थित किया जाएगा। प्रथम चरण में इंटरनेट व वेबसाइट बनाकर तीर्थ स्थलों की सूचनाएं लोड की जाएंगी। इसपर सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। शोध के बाद आगे की योजना बनाई जाएगी।
>
> वाग्मो डिक्से, कार्यकारी निदेशक, एलबीडीएफआइ



# पोखरी की भूमि पर किए अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



भलुहा में अतिक्रमण हटाता बुलडोजर ● जागरण

**जासं, अहिरौली बाजार :** हाटा तहसील के भलुहा गांव में पोखरी की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को शनिवार को प्रशासन ने बुलडोजर से हटवा दिया। तहसीलदार गोपाल कृष्ण त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम की ओर से हाईकोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की गई।

अहिरौली बाजार थाने के भलुहा निवासी इंद्रदेव ने पोखरी की भूमि से अतिक्रमण हटवाने के लिए हाईकोर्ट में वाद दाखिल किया था। मामले में कोर्ट की ओर से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन को आदेश दिया गया था। उसका अनुपालन कराने के लिए तहसीलदार गोपाल कृष्ण त्रिपाठी, नायब तहसीलदार सुनील कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक रामसिंह व लेखपाल सुनीता देवी, नीरज कांत, हरिशंकर सिंह, डेबा प्रसाद, संजय सिंह, विश्वप्रकाश, रामानंद, थाने के एसआइ सैयद साजिद इमाम और कांस्टेबल अनिल यादव, महिला कांस्टेबल आरती आदि मौके पर पहुंचे।

टीम ने पोखरी की भूमि की पैमाइश की और ओमप्रकाश, छोटेलाल, अमरावती देवी, तालुक राज की ओर से किए गए अतिक्रमण को हटवाया। तहसीलदार ने कहा कि सरकारी भूमि पर कोई अतिक्रमण न करे।

# मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों का चालान

**पनियहवा :** हनुमानगंज के नौतार जंगल गांव में प्राचीन राम जानकी मंदिर की भूमि को लेकर शनिवार को विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस सात व्यक्तियों को हिरासत में ले थाने ले गई, जिन्हें शांति भंग में चालान कर किया गया।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंदिर में धनुष यज्ञ मेला के आयोजन की तैयारियां चल रहीं हैं। आयोजन समिति के सदस्य शनिवार सुबह मंदिर की भूमि पर कब्जा किए लोगों से भूमि खाली करने को कहे तो सबने इससे इंकार कर दिया। इसे लेकर बात बढ़ गई और दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। कुछ ही समय में यह खबर पूरे गांव में फैल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। जानकारी पर नायब तहसीलदार खड्डा रवि यादव, एसएचओ रामसहाय चोहान पहुंच गए। पुलिस ने सात कब्जाधारियों को हिरासत में ले लिया। बता दें कि मंदिर की भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों का कब्जा है, कब्जा किए लोग बोआई आदि करते हैं। इन लोगों ने मंदिर समिति को लिखित भी दिया है कि आयोजन आदि के समय वे भूमि खाली कर देंगे। एसएचओ ने बताया कि हिरासत में लिए गए सभी का शांतिभंग में चालान कर दिया गया। मौके पर शांति व्यवस्था है।



नौतार जंगल गांव में तैनात पुलिस ● जागरण

# पति पर अप्राकृतिक दुष्कर्म का मुकदमा

**जासं, पटहेरवा:** क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता की तहरीर पर पुलिस शनिवार को पति पर अप्राकृतिक दुष्कर्म करने व सास ससुर समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज की है। पीड़िता ने तहरीर में लिखा है कि शादी अक्टूबर 2019 में हुई थी। एक बच्चा भी है। शादी के समय से ही पति इमरान उसके भाई व मां से एक लाख रुपये दहेज के लिए मेरा मानसिक उत्पीड़न करने लगा। 12 जनवरी 2020 को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पिता के घर रहने लगी। पति बातचीत करना व फोन उठाना भी छोड़ दिया। खर्चे के लिए न्यायालय की शरण में गई। इसके बाद पति 26 अक्टूबर 2022 को बहला-फुसला कर ससुराल ले गया। मुकदमा उठाने का दबाव बनाते हुए रात में जबरन अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। घटना सास से बताई तो वह भड़क गई और घर के सभी सदस्यों मिलकर फिर से घर से निकाल दिया। पति ने बिना तलाक दिए सात नवंबर 2022 को कुबेरस्थान थाना के गांव नौका टोला पिपरा में दूसरी शादी कर ली। पुलिस ने पति इमरान हाशमी, सास मुन्नी हाशमी, सहित छह लोगों के पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने बताया है कि अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



थाना समाधान दिवस में फरियाद सुनते प्रभारी थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह। संवाद

# समाधान दिवस में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : एसपी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना।** थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को सभी थानों पर किया गया। इसी क्रम में एसपी धवल जायसवाल ने कसया थाने पर पहुंचकर लोगों की समस्या सुनी। एसपी के सामने 20 मामले आए थे। इसमें 12 पुलिस और आठ राजस्व विभाग के थे।

एसपी ने पुलिस संबंधित सभी मामलों का निस्तारण कर दिया। वहीं, एसडीएम के सहयोग से राजस्व के तीन मामलों का निस्तारण किया गया।

एसपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि थाना समाधान दिवस में आए लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए। संबंधित पुलिसकर्मी मौके पर त्वरित निस्तारण करें। जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उन पर रिपोर्ट लगाकर संबंधित अधिकारी को भेज दें।

# प्रतिबंधित लकड़ी बरामद, एक गिरफ्तार

**पकड़ियार बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के जड़हा गांव में 19 बोटा प्रतिबंधित लकड़ी के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। पुलिस उसके खिलाफ विविध कार्रवाई कर रही है। एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को जड़हा गांव में सब इंस्पेक्टर सहित पुलिसकर्मियों ने छापेमारी की। गांव में काटकर रखे गए प्रतिबंधित हरे गुल्लर और पाकड़ की लकड़ी बरामद की गई। इसके साथ एक व्यक्ति को पकड़कर विविध कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# वांछित गिरफ्तार

**गुरवलिया बाजार।** तुर्कपट्टी पुलिस ने शनिवार दोपहर मारपीट के मामले के एक वांछित को गिरफ्तार किया। उसे बरकवा कला गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। तुर्कपट्टी के थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि ग्राम सभा बरवां कला निवासी वांछित अभियुक्त विंध्याचल पुत्र श्रीकिशुन अपने घर पर मौजूद है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंच घर से ही गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में एसएचओ आशुतोष सिंह ने बताया कि वांछित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। संवाद

# बच्चों ने यातायात जागरुकता रैली निकाली

## ईरम कांवेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लोगों से यातायात नियमों के पालन की अपील की

संवाद न्यूज एजेंसी

**डिबनी बंजरवा।** सड़क सुरक्षा माह के दौरान शनिवार को तमकुहीराज में यातायात जागरुकता रैली निकाली गई। इस रैली में शामिल बच्चों ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

रैली में तमकुहीराज पुलिस के साथ कस्बा के ईरम कांवेंट स्कूल के बच्चे कतारबद्ध होकर चल रहे थे। इस रैली ने पूरे कस्बे का भ्रमण किया। बच्चे हाथ में यातायात जागरुकता के नारे लिखे बैनर लिए हुए थे। तमकुहीराज के एसएचओ नीरज राय ने कहा कि जागरुकता से ही सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है।

ईरम कांवेंट स्कूल से शुरू हुई जागरुकता रैली ओवरब्रिज चौराहा, मुख्य बाजार, ब्लॉक गेट से होते हुए तरया मोड़ पर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में पुलिस और स्कूली बच्चों ने हाथों मे श्लोगन लिखी तख्तियां, फ्लेक्सी आदि लिया हुए थे। उस पर दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी नहीं बैठने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, ओवरलोडिंग न करने, नशे की हालात में वाहन न चलाने की अपील की गई थी। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी मृत्युंजय सिंह, महिला एसआई भारती पटेल, गोपीनाथ, रोली पांडेय, संतोष सिंह, लालमोहन चौहान आदि मौजूद रहे।



तमकुहीराज में जागरुकता रैली निकालते स्कूली बच्चे व पुलिस। संवाद

## यातायात नियमों का रखें ध्यान

**पकड़ियार बाजार।** कोटवा स्थित भागीरथी देवी इंटर कॉलेज, जयनाथ राव इंटर कॉलेज और डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज बरवा रतनपुर के छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग स्थानों पर शनिवार को जागरुकता रैली निकाली। इसमें लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर उसके पालने के लिए प्रेरित किया। रैली को संबोधित करते हुए यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने कहा कि वाहन चलाते समय ड्राईविंग लाइसेंस के साथ निर्धारित गति-सीमा में पूरी सतर्कता एवं सावधानी बरतनी चाहिए। सर्दी के मौसम में कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप एवं फॉग लाइट लगाएं। संवाद

# चार आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में किया पेश

**उजारनाथ।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में पीड़िया विसर्जन के दौरान लड़कियों के साथ छेड़खानी व मारपीट के मामले में प्रधान संत खरवार के तहरीर पर 20 युवकों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार को पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

शुक्रवार की सुबह कुछ लड़कियां एक तालाब के किनारे पीड़िया विसर्जन करने गई थीं। आरोप है कि इसी बीच तालाब पर नृत्य व गाना गा रही लड़कियों की भीड़ में कुछ युवक घुस गए और उनके साथ नृत्य करने लगे, जबकि उनके कुछ साथी इसका वीडियो बनाने लगे। लड़कियों के विरोध करने पर उनके साथ मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने गए लड़कियों के स्वजनों की भी पिटाई कर दी। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गई।

इस संबंध में पटहेरवा थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि 20 युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद शनिवार को चार युवकों को न्यायालय भेज दिया गया है। अन्य की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि अन्य ओरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-11-2022

# किशोरी को भगाने का आरोपी पकड़ा गया

**झनझनपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोपी युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। किशोरी के दादा ने तहरीर देकर आरोपी पर अपनी नाबालिग पौत्री को भगाने का आरोप लगाया था। बागापार चौकी प्रभारी विजय द्विवेदी ने बताया कि किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है।

# 78 मामलों में से सिर्फ 20 का निस्तारण

**समाधान दिवस**



सदर कोतवाली में डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने शिकायतें सुनीं।

**महराजगंज, हिटी।** जिले के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पूरे जिले में कुल 78 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 20 का मौके पर ही अधिकारियों ने निस्तारण कर दिया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए अधिकारियों ने मातहतों को निर्देशित किया।

सदर कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचकर डीएम सत्येन्द्र कुमार व एसपी डॉ. कौस्तुभ ने शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 14 मामले आए, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। डीएम ने कहा कि अधिकारी आने वाले मामलों को गंभीरता से लें और समय से निस्तारण करें। इस दौरान एसडीएम सदर मो. जसीम, सीओ अजय सिंह चौहान व कोतवाल रवि राय आदि मौजूद रहे।

निचलौल थाना परिसर में एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

# पुलिस टीम ने पकड़ी पांच बोरी यूरिया

**बहुआर।** निचलौल थाना क्षेत्र के चौकी बहुआर की टीम ने शनिवार को गश्त के दौरान बहुआर कला लाइन टोला और झुलनीपुर के बीच कुछ लोगों को यूरिया ले जाते पकड़ने का प्रयास किया। तस्कर यूरिया छोड़कर भाग गए। पुलिस ने मौके से पांच बोरी यूरिया पकड़ी है। पुलिस ने पकड़ी गई यूरिया को सीज कर निचलौल कस्टम को सौंप दिया है।

# तस्करी की छह बोरी खाद बरामद

**खनुआ।** खनुआ चौकी प्रभारी राम रतन यादव ने अपनी टीम के साथ हरदीडाली एसएसबी कैंप के पीछे तस्करी कर ले जाई जा रही छह बोरी यूरिया खाद बरामद की। दो व्यक्ति दो साइकिलों पर खाद लादकर नेपाल सीमा में पहुंचाने की फिराक में थे। सोनौली कोतवाल महेन्द्र यादव ने बताया कि पकड़े गए रतीश निवासी फरेंदा व सुग्रीव निवासी हरदी डाली को खाद व साइकिल समेत नौतनवा कस्टम को सौंप दिया गया है।

# नेपाल भेजी जा रही खाद पकड़ी गई

**ठूठीबारी।** लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज शैलेश प्रताप ने अपनी टीम के साथ बॉर्डर के गांव लालपुर से दस बोरी नीम लेपित ब्रांड यूरिया बरामद की है। तस्कर तीन साइकिलों पर लादकर नेपाल ले जा रहे थे। पकड़े गए सामानों को ठूठीबारी कस्टम के हवाले कर दिया गया।



शनिवार को शहर के सक्सेना चौराहे पर यमराज व चित्रगुप्त के भेष में बाइक चालकों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया गया। ● हिन्दुस्तान

# नाटक से यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

- सक्सेना चौराहे पर यमराज व चित्रगुप्त के भेष में किया जागरूक
- यातायात नियमों का पालन नही करने से धन व जनहानि होती है

महराजगंज, निज संवाददाता। एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने शनिवार को नाटक व रैली निकाल लोगों को यातायात नियम का पालन करने के प्रति जागरूक किया। यातायात निमय का पालन नही करने से होने वाले धन व जनहानि के बारे में जानकारी दी।

महराजगंज इंटर कालेज के विद्यार्थी सड़क दुर्घटना से बचना है तो यातायात नियम का पालन करना है आदि नारा देते सोनपति देवी महिला पीजी कालेज, रोडवेज होते हुए सक्सेना चौराहा पहुंचे। यातायात निरीक्षक हरी सिंह यादव की देखरेख में यमराज और चित्रगुप्त बने यातायात कर्मियों ने बाइक व चार पहिया वाहनों को रोककर यातायात नियम के प्रति जागरूक करना शुरू किया। बाइक चालक को रोककर यमराज ने कहा- बेटा बहाना पुलिस से कर सकते हो, यमराज से नहीं, यम हैं हम, ऊपर से निगाह तुम्हारे सर पर ही रखते हैं। हेलमेट लगाओ अपने आप को हमसे छुपाओ। अगर यम से बचना है तो शराब पीकर वाहन न चलाएं, सिर सलामत तो सब सलामत, बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल से बात न करें,चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, निर्धारित गति से वाहन चलाएं, 18 वर्ष से कम के बच्चों को वाहन न दें, वाहन हमेशा अपने बाएं से चले, पास मिलने पर ही आगे बढ़े, दाहिने या बाये मुड़ते समय दिन में हाथ का संकेत व इंडीकेटर दोनों का प्रयोग करें, रात में इंडीकेटर व डीपर का प्रयोग करें, दो पहिया वाहन दो से अधिक न बैठें और परमिट एवं फिटनेश के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया।

# गायब बाइक एक घंटे बाद बरामद की

चिउटहां। सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के बलुअही धूस चौराहे पर शुक्रवार की शाम ग्राम कदुआगंज निवासी विक्की कुमार बाजार करने गया था। वह बाइक सड़क के किनारे खड़ा करके सामान खरीदने लगा। सामान खरीदकर वापस आया तो देखा कि उसकी बाइक गायब है। इसकी सूचना वह चौकी प्रभारी चिउटहां अंकित सिंह को दिया। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए चौकी प्रभारी ने अपने मातहतों को क्षेत्र में दौड़ा दिया। पकड़े जाने के डर से बाइक चोर इस बाइक को ग्राम मुंड़ेरी के पुलिया पर छोडकर भाग गए। इसे कुछ ही समय में बरामद कर पुलिस ने उसे वाहन स्वामी को सौंप दिया।

# यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

**ठूठीबारी।** यातायात माह के दौरान कस्बे के सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को कोतवाली पुलिस ने यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

कोतवाली के एसआई अजय कुमार ने यातायात के नियमों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही साथ छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन न करने पर होने वाले नुकसान को बताया गया। इस मौके पर कांस्टेबल मनीष ने बताया कि यातायात के सुगम एवं सुरक्षित संचालन में आम जनता का सहयोग बहुत जरूरी है। तेज गति से वाहन नहीं चलाएं। चौराहों पर यातायात संकेतों का पालन करें एवं वाहन चलाते समय मोबाइल व वॉकमैन का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

# जंगल में टिन के ड्रम से बरामद हुआ नरकंकाल

**जासं, बभनौली:** बभनौली-भटहट मार्ग पर नटवा जंगल में शनिवार की शाम को टिन के एक ड्रम से नरकंकाल बरामद हुआ है। जंगल की रखवाली के लिए गए वाचर ने दुर्गंध महसूस की तथा ड्रम के पास गया तो मामले की जानकारी हुई। सूचना मिलते ही मौके पर पनियरा थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह टीम के साथ पहुंचे। एसपी डा. कौस्तुभ ने भी सदर सीओ अजय सिंह चौहान के साथ मौके का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

बभनौली-भटहट मार्ग से जंगल में करीब डेढ़ किमी अंदर समय माता के स्थान के पास वन विभाग ने वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए एक मीटर गहरी खाई खोद रखी है। माना जा रहा है कि हत्या के बाद शव को जंगल में छिपाने के उद्देश्य से हत्यारे पहले किसी वाहन से बभनौली-भटहट मार्ग से आए होंगे, जंगल में टिन के ड्रम में शव को छिपा दिया होगा।

घटना काफी पुरानी हो सकती है क्योंकि सिर्फ कंकाल ही बचा है। दोनों पैर की हड्डिया नहीं मिली हैं। शव के पास से पिठ्ठू बैग, लगेज बैग, जूता, चादर और एक



नटवा जंगल में बरामद ड्रम ● जागरण

- **हत्या कर शव को जंगल में छिपाने के एंगल पर जांच कर रही पुलिस**
- **ड्रम के पास से बरामद हुए कपड़े, बैग और चादर**

कंबल भी बरामद हुआ है। फिलहाल पुलिस किसी परदेसी का शव मानकर घटना की जांच कर रही है।

एसपी डा. कौस्तुभ ने बताया कि नरकंकाल की जांच की जा रही है। घटना स्थल से दो बैग भी बरामद हुए हैं। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, झुलनीपुर** : झुलनीपुर नहर पुलिया के पास पुलिस चौकी बहुआर के सिपाहियों को व्यक्ति झोला लेकर आता हुआ दिखा। तलाशी लेने पर उसके झोले में से 20 सीसी नेपाली शराब बरामद हुई।

आरोपित की पहचान अजय चौधरी, हनुमानगंज थाना हनुमानगंज जिला कुशीनगर के रूप में हुई।

**पांच बोरी यूरिया बरामद**

**जासं, झुलनीपुर**: बहुआर कला लाइन टोला झुलनीपुर के पास तस्करों से पुलिस ने पांच बोरी यूरिया उर्वरक बरामद किया है। यह लोग अधिक कीमत पर उर्वरक नेपाल बेचने जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोका तो यूरिया छोड़कर तस्कर नेपाल भाग गए।

# गैर इरादतन हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, नौतनवा**: पुलिस ने शनिवार को बैरवा उर्फ भरपुरवा गांव से गैर इरादतन हत्या के आरोपित को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि घर में घुसकर मारपीट, गैर इरादतन हत्या व एससीएसटी के मामले में फरार आरोपित छोटे अली की एक वर्ष से तलाश की जा रही थी। उसको उसके गांव से शाम चार बजे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

**वाहन के फाटक से टकराकर युवक घायल**: नौतनवाः गांधी चौक के समीप शनिवार को देर शाम नहर रोड पर बोलेरो के फाटक में टकराकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। उप निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि उस्मान नगर वार्ड निवासी गौतम तिवारी अपने घर से तहसील की तरफ बाइक से जा रहे थे। नहर रोड पर खड़ी बोलेरो चालक ने अचानक फाटक खोल दिया जिससे टकराकर वह घायल हो गए।



सदर कोतवाली में समस्या सुनते डीएम सत्येन्द्र कुमार ( बाएं से प्रथम ) ● जागरण

# थाना समाधान दिवस में आए 78 मामले, 20 का निस्तारण

**जासं, महराजगंज :** जिले के सभी थानों में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं के निस्तारण का प्रयास किया गया। सभी थानों में 78 मामले आए, इनमें से 20 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने सदर कोतवाली में लोगों की समस्याएं सुनीं। यहां तीन मामले आए, जो भूमि विवाद से संबंधित थे। डीएम ने एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतें गंभीरता से सुनें, स्थलीय निरीक्षण करके निस्तारण करें। सदर कोतवाल रवि कुमार राय सहित अन्य उपनिरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे। श्यामदेउरवा संवाददाता के अनुसार श्यामदेउरवा थाने में समाधान दिवस की अध्यक्षता अतिरिक्त निरीक्षक रामआसरे यादव ने किया। छह मामले आए इनमें से पांच पुलिस से और एक राजस्व से संबंधित थे। राजस्व के मामले को छोड़ कर शेष का निस्तरण कर दिया गया। उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार, सुनील वर्मा, मृत्युंजय उपाध्याय व अनिल सिंह मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में दो के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, सिंदुरिया**: अपशब्द कहते हुए मिठौरा गांव में कुछ लोग दरवाजे पर चढ़कर मारपीट करने लगे। सिंदुरिया थाने की पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मिठौरा गांव निवासिनी बेइला ने तहरीर में कहा है कि निचलौल थाना क्षेत्र लेदी फार्म निवासी कुछ लोग 10 नवंबर को दोपहर में दरवाजे पर चढ़कर अपशब्द कहते हुए मारपीट करने लगे। आसपास के लोगों के जुटने पर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपित भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर किरन देवी, सत्यवती देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सड़क किनारे खड़े वाहनों में लगाया ह्वीलक्लैंप

- वाहन खड़ा कर गायब रहने पर की गई कार्रवाई
- कालेज रोड सहित कई सड़कों पर चला अभियान

जागरण संवाददाता, महराजगंज : शहर के कालेज रोड सहित अन्य सार्वजनिक स्थान पर वाहन खड़ा कर घंटों गायब रहने वालों के विरुद्ध यातायात पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। ऐसे वाहनों के पहिए में ह्वील क्लैंप लगाकर लाक कर दिया जा रहा है। शनिवार को शहर में कई जगह ह्वील क्लैंप लगाकर लाक करने की कार्रवाई हुई। इसका असर यह हुआ कि कई लोग सड़क के किनारे वाहन खड़ा करने की हिम्मत नहीं किए।

यातायात सुरक्षा माह में भी शहर में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। प्रमुख चौराहों व सड़कों पर जाम की समस्या कायम है। इसके चलते लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों की छुट्टियां होने के बाद तो सक्सेना तिराहे से लेकर कालेज रोड, मऊपाकड़ मोड तक वाहन रेंगते नजर आते हैं। यही हाल कोतवाली रोड, बांसपार रोड, गोरखपुर रोड, एसएसबी रोड का भी है। अक्सर स्कूल वाहन व एंबुलेंस जाम में फंस जाते हैं। शहर की सड़कों पर ट्रैक्टर-ट्राली दौड़ने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ऐसे में यातायात पुलिस ने सड़क पर घंटों खड़े रहने वाले वाहनों का चालान ह्वील क्लैंप लगाकर करने का निर्णय लिया है। वाहन चालक ह्वील क्लैंप लगाने वाले पुलिसकर्मियों को खोजते नजर आए। कोतवाली से लेकर यातायात पुलिस कार्यालय तक का चक्कर लगाते रहे। यातायात पुलिस उपाधीक्षक सुनील दत्त दुबे ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। ह्वील क्लैंप लगाकर चालान किया जा रहा है। लोगों को वाहन खड़ाकर गायब नहीं होना चाहिए।



बाइक में ह्वील क्लैंप लगवाते पुलिस उपाधीक्षक यातायात सुनील दत्त दुबे • जागरण

# नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**चौक बाजार।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक बालिका को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। बालिका के दादा ने बताया कि नतिनी को दूसरे समुदाय का एक युवक कहीं भगा ले गया। बागापार चौकी इंचार्ज ने बताया कि बालिका मिल गई है। संवाद

# शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**निचलौल।** पुलिस ने झुलनीपुर नहर पुल के निकट से शनिवार को एक युवक को नेपाली शराब के साथ  गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर आंनद कुमार गुप्ता ने कहा कि मुखबिर के सूचना पर झुलनीपुर नहर पुल के निकट से एक व्यक्ति को 20 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अजय चौधरी निवासी हनुमान गंज जिला कुशीनगर बताया है। संवाद

# 20 मामलों का समाधान 58 में मिला आश्वासन




सदर कोतवाली में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस पर समस्या सुनते डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी डॉक्टर कौस्तुभ। संवाद

## थाना समाधान दिवस पर अधिकारियों ने सुनी जनता की फरियाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिले में थाना समाधान दिवस के अवसर पर सभी थानों में कुल 78 प्रार्थना पत्र मिले। जिसमें से 20 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य मामलों के निस्तारण के लिए टीमें लगायी गई हैं। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए पुलिस अधीक्षक नेसभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया है।

सदर कोतवाली परिसर में शनिवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने के लिए निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण करें। थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्ध निस्तारण करे। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

थाना घुघली पर अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने समस्याओं को सुना। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थानों पर क्षेत्राधिकारी/ प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा समस्याओं को निस्तारित करने का प्रयास किया।

# 'यमराज के साथ जाओगे या हेलमेट लगाओगे'

## कक्षा नौ के छात्र एजाज ने यमराम की वेशभूषा धारण कर लोगों को जागरुक करने की कोशिश

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** यमराज के साथ जाओगे या हेलमेट लगाकर सुरक्षित सफर करोगे। बिना हेलमेट वालों को रोकते हुए महराजगंज इंटर कालेज के कक्षा नौ के छात्र एजाज ने यह सवाल किया।

एजाज ने शनिवार को कालेज परिसर से शिक्षकों के साथ निकली रैली में शामिल होकर शहर में मुख्य मार्ग पर भ्रमण किया। सक्सेना चौराहे पर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए हेलमेट लगाने की शपथ दिलाई।

रैली में एनसीसी के कैडेटों के अलावा कालेज के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। जागरुकता के नारे लगाते हुए सभी छात्र आगे बढ़े। उनके साथ यमराज की वेषभूषा में चल रहे एजाज रास्ते में बगैर हेलमेट वाले लोगों को रोक कर सवाल कर रहे थे।

उन्होंने बाइक चालक से पूछा किसके साथ जाना चाहेंगे? इस दौरान एजाज ने वाहन चालक को हैलमेट पहनने के फायदे समझाए और सदैव हेमलेट पहनने की शपथ दिलाई। शिक्षक आदित्य नाथ शुक्ल ने कहा कि यातायात माह के तहत लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया गया। यातायात निरीक्षक हरि सिंह ने कहा कि विविध गतिविधियों के माध्यम से यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।



**सक्सेना चौराहे पर यातायात माह के तहत महराजगंज इंटर कॉलेज के कक्षा नौ के छात्र ऐजाज ने यमराज बनकर सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया।** संवाद

### जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया

**ठूठीबारी।** यातायात माह के तहत सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को कोतवाली पुलिस द्वारा यातायात जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। उप निरीक्षक अजय कुमार ने यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मनीष ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से तेज गति से वाहन न चलाएं। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-11-2022

## विवाहिता की पिटाई में पांच नामजद

**बस्ती ।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को उसके पति तथा अन्य ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित करने के साथ ही मारापीटा गया तथा गाली व धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने की पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। महिला थाने पर लिखित तहरीर देते हुए पीड़िता नीमू देवी ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग को लेकर उसके पति राम प्रगट तथा ससुराल के अन्य लोगो द्वारा आये दिन प्रताड़ित करते रहते है। मांग पूरी न होने पर उसे मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में महिला थाने की पुलिस ने आरोपी पति रामप्रकट पुत्र राम कुमार, ससुर रामकुमार पुत्र नगेसर, सास मुलका देवी, देवर श्यामनरायन, ननद शारदा देवी निवासीगण सिरसिया थाना गौर के विरूद्ध धारा 498ए, 356, 323, 506 आईपीसी एवं 3\4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## फोन पर दी गालियां व धमकी, दो पर केस

**बस्ती ।** फोन कर एक युवक को आरोपियो ने गालियां देते हुए जानमाल की धमकी दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानाक्षेत्र के कटरिया नानकार गांव के रहने वाले शैलेन्द्र कुमार सिंह के फोन पर आशीष पाल उर्फ रोमी ने फोन किया और गाली देने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित शैलेन्द्र कुमार सिंह पुत्र विष्णु प्रताप सिंह निवासी कटरिया नानकार थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी आशीष पाल उर्फ रोमी तथा राहुल पाल पुत्रगण आनन्द बहादुर पाल निवासीगण बरडीहा थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## मोटर पार्ट्स की दुकान में सामान व नकदी चोरी, केस

**बस्ती ।** अज्ञात चोरो ने एक मोटरपार्ट के दुकान को निशाना बनाया और अन्दर घुसकर सामनों तथा नकदी की चोरी कर ले गये। मामले में दुकानमालिक की शिकायत पर अज्ञात चोर पर मुकदमा पंजीत किया गया है। लालगंज थानाक्षेत्र के धौरूखोर स्थित दीपक मौर्या की मोटरपार्ट की दुकान है। जिसमें बीती रात अज्ञात चोर पीछे के रोशनदार से लगे प्लाई को तोड़कर अन्दर घुसकर गये जहां से तीन मशीन, एक मिक्सर व एक स्टेपलाइजर तथा एक साउण्ड सहित सात हजार रूपये की चोरी कर फरार हो गये। मामले में पीड़ित दुकानस्वामी दीपक मौर्या पुत्र रामभरोस मौर्या निवासी कथरूआ थाना लालगंज की तहरीर पर अज्ञात चोर के विरूद्ध पुलिस ने धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला से छेड़खानी व पिटाई, मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** सब्जी के पौधे को उखाड़कर फेकने से मना करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की तथा उसके साथ अश्लील हरकत किया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के ससना खन्ता गांव निवासिनी शीला देवी अपने जमीन पर बेड़ा लगाकर सब्जी की फसल लगाई थी। जिसे आरोपी महेश ने उखाड़क फेक दिया। ऐसा करने से पूछने पर आरोपी ने शीला को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान बचाने के लिए भागते समय उसकी साड़ी खींचकर अश्लील हरकत की गयी। मामले में मुण्डेरवा पुलिस ने आरोपी महेश पुत्र राममिलन निवासी ग्राम ससना खन्ता थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 323, 504, 506, 427, 354(ख) आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बाउण्ड्रीवॉल का दीवाल गिराया, चार पर मुकदमा

**बस्ती ।** बैनामाशुदा जमीन पर बनवाया गया बाउण्ड्रीवॉल कुछ लोगो ने जबरन गिरा दिया। जिन्हे मना कर पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के पिकौरा बक्स मोहल्ला में आलोक कुमार की मांता गायत्री देवी के नाम से बैनामा शुदा जमीन पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया गया था। जिसे आरोपी रामकरन परिवार के अन्य लोगो द्वारा तोड़कर गिरा दिया। ऐसा करने के लिए पूछने पर आरोपियों ने मिलकर आलोक कुमार को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित आलोक कुमार पुत्र पारस नाथ निवासी मोहल्ला पिकौरा बक्स गांधीनगर थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामकरन पुत्र हितलाल, रामा देवी पत्नी रामकरन, प्रिन्स, रितिक पुत्रगण रामकरन निवासीगण पिकौरा बक्स गाधीनगर थाना कोतवाली के विरूद्ध धारा 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# लड़की को जबरन घर में ले जाकर किया दुष्कर्म, केस

**बस्ती ।** लड़की को आरोपियों द्वारा जबरदस्ती उठाकर अपने घर में ले गये जहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों द्वारा पूछने पर उन्हे भी मारापीटा गया तथा जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाने की पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उसकी विवाहिता पुत्री को गांव निवासी विवेक व संदीप जबरदस्ती उठाकर अपने घर में ले गये, जहां पर उसके साथ विवेक ने दुष्कर्म किया। जिसके बारे में पूछे जाने पर आरोपियों ने गालियां देते हुए घर में घुसकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी विवेक, संदीप पुत्रगण मोहनलाल निवासीगण गड़ौना थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 376, 365, 323, 504, 506, 452 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया ।

# थाना समाधान दिवस में सुनी गयी शिकायतें

**हर्रैया(एसएनबी)।** तहसील के सभी थानों पर शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियो की शिकायते सुनी गयी तथा उनका निस्तारण किया गया। जमीनी विवाद संबंधी शिकायतो के निस्तारण के लिए पुलिस तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा गया। स्थानीय थाने पर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

**बभनान** प्रतिनिधि के अनुसार पैकोलिया थाने पर थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल आठ मामले आए। दो मामलो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जमीनी विवाद संबंधित छः मामले के निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व टीम मौके पर भेजी गयी। दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार तहसीलदार इन्द्रमणि त्रिपाठी एवं प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में छः मामले आए। एक का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। पांच मामले जमीनी विवाद संबंधित थे जिसके निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम मौके पर भेजी गयी।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट, एफआईआर

**बस्ती ।** जमीनी विवाद को लेकर एक महिला को कुछ लोगो ने गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के दौलतपुर गांव में जमीन के विवाद को लेकर मंजू देवी को आरोपी सविता, संगीता, पल्लवी व सीमा ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित मंजू देवी पत्नी अवधेश निवासी दौलतपुर थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर आरोपी सविता देवी पत्नी प्रदीप चौधरी, संगीता देवी पत्नी विनोद चौधरी, पल्लवी पुत्री प्रदीप चौधरी, सीमा पुत्री राम सरन के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सड़क पर खड़े होने के विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती ।** सड़क पर खड़े होने की बात को लेकर एक युवक को कुछ लोगो ने गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी आवास के पास सड़क पर विनय प्रताप सिंह खड़े थे। इस बीच पल्लू, सैफी व सनम अपने दोस्तो के साथ आये और दोनो के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गये। विवाद बढ़ा ने आरोपियों ने मिलकर विनय प्रताप सिंह को गालियां देते हुए मारपीटकर जख्मी कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित विनय प्रताप सिंह पुत्र मारकण्डेय सिंह निवासी पिपरा गौतम थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पल्लू, सैफी व सनम निवासीगण कम्पनी बाग थाना कोतवाली तथा आधा दर्जन अज्ञात लोगो के विरूद्ध धारा 147, 323, 504, 308, 325, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट, केस

**बस्ती** । दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को उसके पति द्वारा प्रताड़ित करने के साथ ही मारापीटा गया तथा गाली व धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने की पुलिस ने आरोपी पति पर मुकदमा दर्ज किया है।

महिला थाने पर लिखित तहरीर देते हुए पीड़िता सूफिया बानो ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग को लेकर उसके पति अलीम अहमद दहेज की मांग को लेकर आये दिन प्रताड़ित करते रहते है। मांग पूरी न होने पर उसे मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी देने के साथ ही मोबाइल छीनकर रख लिये। मामले में महिला थाने की पुलिस ने आरोपी पति अलीम अहमद पुत्र मकील अहमद निवासी माली टोला गांधी नगर थाना कोतवाली के विरूद्ध धारा 498ए, 356, 323, 506 आईपीसी एवं 3ध्4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# डीजे बजाने के विवाद में युवक की पिटाई, केस

**बस्ती** । डीजे पर गाना बजाने से मना करने पर कुछ लोगो ने युवक को जाति सूचक गालियां देते हुए मारापीटा व जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के कोहड़वा गांव में डीजे पर गाना बजाने से मना करने की बात को लेकर दिग्विजय के बेटे को रास्ते में रोककर आरोपी सूरज तथा अन्य लोगो ने जाति सूचक गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित दिग्विजय पुत्र ढेबा निवासी कोहड़वा थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सूरज, गुरुसहाय पुत्रगण रामसागर, रामसागर पुत्र भूमिधर तथा मीरा देवी पत्नी रामसागर निवासीगण कोहडवा थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी एवं 3(1) (द)(ध) व 3(2) (5ए) एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज कम मिलने पर विवाहिता को पीटा, मुकदमा

**बस्ती** । कम दहेज मिलने पर विवाहिता को मारापीटा गया तथा जानमाल की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के मूडाडीहा गांव अपने मायके में रह रही मीरा देवी ने पुलिस में लिखित शिकायत कर आरोप लगाया कि कम दहेज की बात को लेकर ससुराल वालो द्वारा उसे प्रताड़ित करने के साथ ही मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति दीपक पुत्र बैजनाथ, सास जानकी देवी पत्नी बैजनाथ, ससुर बैजनाथ, नन्द मनीषा, चांदनी पुत्रीगण बैजनाथ निवासीगण ग्राम मुण्डेरवा थाना कोतवाली 498ए, 323, 504 आईपीसी व 3ध्4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# धोखाधड़ी से वाहन बेचकर पैसे हड़पा, केस

**बस्ती।** धाखाधड़ी कर एक व्यक्ति के नाम का वाहन दूसरे के हाथ बेच दिया और बकाया पैसा भी हड़प लिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के खीरीघाट निवासी राजेश कुमार मिश्रा के नाम से रजिस्ट्रेशन हुए वाहन को धोखाधाड़ी व छल पूर्वक आरोपी विवेक महेश्वरी, प्रवीण सिंह तथा राघवेन्द्र सिंह ने मिलकर दूसरे के हाथ बेच दिया और 49 हजार रूपये बकाया भी हड़प लिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित राजेश कुमार मिश्रा पुत्र गौरीशंकर मिश्रा निवासी खीरीघाट गांधीनगर ने माननीय न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी विवेक माहेश्वरी पुत्र हरिओमं माहेश्वरी निवासी आटो वर्कशाप पृथ्वीग्रैड सिटी होटल के बगल अहमा मऊसुल्तानपुर रोड थाना सुसान्त गोल्ड सिटी लखनऊ प्रवीण सिह, राघवेन्द्र सिह पुत्र निवासीगण पत्रकारपुरम गवारी चौराहा कर्पूरीठाकुर चौराहा थाना गोमतीनगर लखनऊ बीमा एजेन्ट रायल सुन्दरम जनरल इन्शयोरेन्स कम्पनी लिमिटेड विश्रान्त मेलारम टावर न 2ध्319 राजीव गाधी सलाई ओएमआर कराकम्पकम चेन्नई के विरूद्ध धारा 406, 420, 504 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# डीएम एसपी ने की जनसुनवाई

**बस्ती ।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने थाना समाधान दिवस पर थाना नगर में जनसुनवाई किया। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियोंध्कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अपराध, त्यौहार, गुण्डा एक्ट एंव गैंगेस्टर रजिस्टर देखा। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों समयबद्धता/गुणवत्ता के साथ निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए।

# बेवफा पत्नी ने प्रेमी के साथ मिल करायी पति की हत्या

**अपर पुलिस अधीक्षक ने विनोद सोनी हत्याकाण्ड का खुलासा**

**हत्या में शामिल पत्नी, बहनोई व दो अन्य को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

बस्ती (एसएनबी)। बीते 18 नवम्बर को छावनी थानाक्षेत्र के सदलपुर गांव में वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के गनेशपुर निवासी युवक के शव मिलने की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। प्रेम में बाधक बन रहे पति को अपने प्रेमी बहनोई के साथ मिलकर पत्नी ने ही घटना का अंजाम दिया। आरोपियों को पुलिस ने मकबूलगंज तिराहा से गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से नकदी व घटना में प्रयुक्त डिजायर कार भी बरामद कर लिया है।

पुलिस कार्यालय में अखबार नवीसो से रूबरू अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के गनेशपुर कस्बा निवासी विनय सोनी ने बीते 15 नवम्बर को सूचना दिया कि उसके पिता विनोद सोनी 14 नवम्बर की शाम करीब 5 बजे जरूरी सामान खरीदने की बात कहकर घर से निकले थे और वापस नही लौटे। इस मामले में पुलिस ने सक्रियता दिखाई और गुमशुदगी का मुकदमा पंजीत किया। इसी दिन विनोद सोनी की मोटरसाईकिल कचहरी से बरामद की गयी। जहां उसका बहनोई जगन्नाथ काम किया करता था। अभी पुलिस मामले की छानबीन कर ही रही थी, कि 18 नवम्बर को छावनी थानाक्षेत्र के सदलपुर के पास सरयू नदी में विनोद सोनी का शव बरामद कर लिया गया। इस मामले में मृतक विनोद सोनी के भाई जमुना प्रसाद ने 25 नवम्बर को नई तहरीर दी और पुलिस को बताया कि उसके भाई विनोद की पत्नी गुड़िया का नाजायज सम्बन्ध उसके जीजा जगन्नाथ से था। उसे आशंका है कि इन दोनो ने मिलकर उसके भाई की हत्या कर दी। इस मामले में 25 नवम्बर को धारा 302, 120बी आईपीसी के तहत नया मुकदमा पंजीत कर मामले की जांच शुरू की गयी तो पुलिस को कई अहम सुराग मिले। जिसे पता चला कि घटना को विनोद सोनी की पत्नी गुड़िया ने ही अपने प्रेमी जगन्नाथ प्रसाद वर्मा व दो अन्य के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी पत्नी गुड़िया, बहनोई जगन्नाथ प्रसाद वर्मा पुत्र राम केवल निवासी हटवा शुक्ल, थाना कोतवाली, विमलेश पुत्र त्रिलोकी व राजन पुत्र हरिराम निवासीगण कुसमौर थाना नगर को धर दबोचा। इनके कब्जे से घटना में शामिल डिजायर कार व पैसठ सौ रूपये नकद भी पुलिस ने बरामद किया है। पूछताछ में पकड़े गये अभियुक्त जगन्नाथ प्रसाद वर्मा ने बताया कि उसका सम्बन्ध अपने चचेरे जीजा विनोद सोनी की पत्नी गुड़िया के साथ था। जिसकी जानकारी विनोद को हो गयी थी और उसने गुड़िया पर कहीं आने जाने पर प्रतिबन्ध लगा दिया था। बावजूद दोनो चोरी छिपे मिला करते थे। इस घुटन भरी जिंदगी से निजात पाने के लिए दोनो ने विनोद को रास्ते से हटाने की योजना बनायी और पैसा व आवास दिलाने का लालच देकर साथी विमलेश तथा राजन को भी अपने साथ मिला लिया। जगन्नाथ ने बताया कि वह कचहरी में काम करता है। पुलिस उसे मोबाइल लोकेशन के आधार पर पकड़ न ले इसलिए उसने 13 नवम्बर की शाम को ही अपना मोबाइल स्वीच ऑफ कर दिया। 14 नवम्बर की सुबह साथी विमलेश व राजन के घर जाकर लिफाफे में दस-दस हजार रूपये एडवांस विनोद को गला दबाकर मारने के लिए दे दिया। फिर उसने विमलेश व राजन को शाम करीब 5 बजे अपने गाड़ी में बैठाया और जब विनोद उससे मिलने आया तो उसकी मोटरसाईकिल को कचहरी में खड़ी करवाकर पकौड़ी चौराहे पर ही अपनी स्वीफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 53 डीएक्स 5232 की अगली सीट पर बैठाकर स्वयं गाड़ी चलाने लगा। बस्ती से निकलकर मूड़घाट पर उन्होंने शराब खरीदा फिर वहां से सीधे पचवस ढाबे पर पहुंचे औ विनोद को शराब पिलाकर उसे नशे में चूर कर दिया। फिर उसे गाड़ी में बैठाकर अयोध्या पुल के पास पहुंच जहां गाड़ी से निकालकर उसे सरयू नदी में फेंक कर चले आये। घटना का खुलासा करने वाली टीम मे थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक सन्तोष कुमार दूबे, आरक्षी संजय यादव, आरक्षी भगवान दयाल, आरक्षी अवधेश यादव, शिवम गिरी, महिला आरक्षी प्रियंका यादव, पूजा सिंह शामिल रहे।



बस्ती: घटना का खुलासा करते एएसपी दीपेन्द्र नाथ। फोटो : एसएनबी

# गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**छावनी(एसएनबी)।** थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने वाहन चेकिंग के दौरान बबुरहवा के पास से एक व्यक्ति को आठ सौ पचास ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके विरूद्ध अपराध संख्या 364/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि उपनिरीक्षक वीरेन्द्र यादव, ओमप्रकाश मिश्र, हेडकांसटेबल राधेश्याम, कांसटेबल केशव प्रसाद, सूरज कुमार एवं राहुल सिंह के साथ बबुरहवा ओवरब्रिज के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान अयोध्या की तरफ से एक व्यक्ति हाथ में झोला लेकर आता दिखाई पडा। पुलिस टीम ने उसे पकडकर तलाशी लिया तो झोले से आठ सौ पचास ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम ओम प्रकाश वर्मा पुत्र गंगाराम वर्मा निवासी सिसई थाना हर्रैया बताया। उसने बताया कि छोटी-छोटी पुडिया बनाकर वह गांजा बेचता है और उसी से अपना जीवन यापन कर रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।अवधेश कुमार सिंह

# चोरी के सामानों के साथ गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना लालगंज पुलिस ने शनिवार को एक चोर की गिरफ्तारी कर उसके पाससे चोरी के सामान को भी बरामद किया है। इस सम्बन्ध में पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा है।

**दो डीजे मशीन, एक मिक्सिंग मशीन, एक एंपलीफायर 500 एम बरामद**

जानकारी के अनुसार लालगंज थाने में चोरी की धारा 457, 411 आईपीसी से संबंधित अभियुक्त के बारे में मुखबिर से आरोपी के क्षेत्र में मौजूद होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर लालगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी भालचन्द यादव पुत्र रामजीत यादव निवासी बेलवाडाडी थाना महुली जनपद संतकबीरनगर को बसौढ़ी गांव के मोड़ के पास से गिरफ्तार करते हुए उसकी निशानदेही पर दो डीजे मशीन, एक मिक्सिंग मशीन, एक आहूजा कंपनी का एम्पलीफायर 500 एम बरामद किया है। बरामद सामान को जब्त करने के बाद आरोपी को कार्यवाही हेतु न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता आरक्षी रामकेश निषाद, आरक्षी सत्यम सिंह यादव थाना लालगंज शामिल रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, एफआईआर

**बस्ती** । पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला को आरोपी ने गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थानाक्षेत्र के बगही गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर शीला देवी को आरोपी अंकुर मिश्रा गालियां दे रहे थे। जिन्हे मना करने पर शीला को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित शीला देवी पत्नी तुलाराम प्रजापति निवासिनी परसाजागीर थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर कलवारी पुलिस ने आरोपी अंकुर मिश्रा पुत्र जय प्रकाश मिश्रा निवासी बगही थाना कलवारी के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# एडवांस लेने के बाद जमीन देने से मुकरा, केस

**बस्ती** । लाखो रूपये एडवांस लेने के बाद आरोपियों ने जमीन की रजिस्ट्री करने से मना कर दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगो को नामजद किया है। लालगंज थानाक्षेत्र के कैतहा गांव निवासी शिव प्रसाद से भुवन पाण्डेय तथा उदिता पाण्डेय ने जमीन विक्रय के नाम पर सात लाख चालीस हजार रूपये एडवांस के रूप में लिये थे। लेकिन दोनो ने बाद में जमीन का बैनामा करने से इन्कार कर दिया। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। मामले में पीड़ित शिवप्रसाद पुत्र कोदई निवासी कैतहा हाल मुकाम जमराव थाना लालगंज ने न्यायालय की शरण ली। इस सम्बन्ध में माननीय न्यायालय के आदेश पर लालगंज पुलिस ने आरोपी भुवन पाण्डेय पुत्र भगवती प्रसाद निवासी सिविल लाइन कानपुर थाना कानपुर देहात एवं उदिता पाण्डेय पत्नी राकेश कुमार नायक निवासिनी इन्दिरानगर विलन्दपुर गोरखपुर के विरूद्ध धारा 406, 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विवाहिता की पिटाई व दुष्कर्म, पांच नामजद

**बस्ती ।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को उसके ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित करने के साथ ही मारापीटा गया तथा गाली व धमकी देकर देवर व बहनोई ने दुष्कर्म किया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर विवाहिता ने आरोप लगाया कि उसके ससुराल गंगीया कोहल थाना लालगंज में पति पंकज सिंह तथा ससुराल के अन्य लोगो द्वारा आये दिन कम दहेज मिलने का ताना देते हु प्रताड़ित किया जाता है। मांग पूरी नही हुई तो लोगो ने उसे गालियां देने के साथ जमकर मारापीटा। यही नही देवर तथा बहनोई ने मिलकर जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने आरोपी पति पंकज सिंह पुत्र चन्द्रकेश सिंह, देवर रमन सिंह पुत्र चन्द्रकेश सिंह, सास गंगोत्री पत्नी चन्द्रकेश सिंह, ननद पूजा पत्नी देवेन्द्र प्रताप सिंह तथा बहनोई देवेन्द्र प्रताप सिंह के विरूद्ध धारा 498ए, 504, 323, 376, 506 आईपीसी एवं डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेजलोभी ससुरालियों ने विवाहिता को पीटा, केस

**बस्ती ।** दहेजलोभी ससुरालियों ने कम दहेज मिलने पर विवाहिता को मारापीटा गया तथा जानमाल की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। महिला थाने में लिखित तहरीर देते हुए पीड़िता विवाहिता पूजा वर्मा ने बताया कि कम दहेज की बात को लेकर ससुराल वालो द्वारा मानसिक तथा शारीरिक उत्पीड़न के साथ ही मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति प्रशान्त कन्नौजिया पुत्र प्रेमलाल कन्नौजिया, ससुर प्रेमलाल कन्नौजिया, सास कमला कन्नौजिया, देवर सुशान्त कन्नौजिया, निवासीगण जेल रोड रायपुर राजा थाना देहात कोतवाली जनपद बहराईच के विरूद्ध धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी व 3ध्4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विवाद में महिला की पिटाई पर मुकदमा

**बभनान।** जमीनी विवाद में मारपीट कर एक महिला को घायल कर दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गौर थाना क्षेत्र के परासडीह गांव निवासी अमरावती पत्नी दिनेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसका गांव की बबीता उर्फ बिंदु, शशि व महेंद्र की औरत से जमीनी विवाद चल रहा है। शुक्रवार को इन लोगों ने जानवरों के खाने के लिए बनी जगह को तोड़ दिया। मना करने पर गाली-गलौज देते हुए मारा-पीटा। जिसमें उसके हाथ वह शरीर में गंभीर चोटें आई। पुलिस ने तीनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**छावनी।** थाना पुलिस ने 850 ग्राम गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के बबुरहवा फ्लाईओवर के पास से हरैया थाना क्षेत्र के सिसई निवासी ओम प्रकाश वर्मा को गांजा के साथ पुलिस टीम ने पकड़ा। गिरफ्तार युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ है

# बेटे को अगवा कर धमकी देने का आरोप, केस दर्ज

बस्ती। पैकोलिया पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है। इसी थाने की रहने वालीं मंजू देवी का आरोप है कि उनके बेटे की शादी के लिए एक रिश्तेदार की लड़की से बातचीत करने के लिए उसे बोलेरो से ले गए। लेकिन बेटा वापस नहीं आया। बाद में दो लाख रुपये की मांग की गई। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ आईपीसी 364, 506 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

**ससुर पर छेड़खानी करने का आरोप, केस:** बस्ती। परसरामपर थाने में तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया है कि दान-दहेज की मांग को लेकर गोंडा कोतवाली क्षेत्र स्थित उनकी ससुराल में प्रताड़ित किया गया। ससुर ने उनके साथ छेड़खानी की। पति ने उनका गर्भपात करा दिया। पुलिस ने पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

**ताला तोड़कर चोरी मामले में केस:** बस्ती। रुधौली थाने में तहरीर देकर बहादुरपुर निवासी अशोक कुमार चौधरी ने आरोप लगाया है कि 24 नवंबर की रात उनके भाई राजकुमार के घर का ताला तोड़कर जेवरात व कागजात चोरी कर लिए गए। वहीं गौर थाने के कूपनगर में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान का शटर तोड़कर चोरी में भी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# चोरी के मामले में वांछित को दबोचा

**बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद।** लालगंज पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की दो डीजे मशीन, एक मिक्सिंग मशीन, एक एम्पलीफायर बरामद किया है।

थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि चोरी के मुकदमे से संबंधित आरोपी भालचंद यादव निवासी बेलवाडाडी महुली जिला संतकबीरनगर को शनिवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे बसौढ़ी गांव मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस की टीम में एसआई राजेश कुमार गुप्ता, आरक्षी रामकेश निषाद, सत्यम सिंह यादव शामिल रहे।

## वाल्टरगंज के स्वर्ण व्यवसायी की छावनी क्षेत्र में मिली थी लाश, पुलिस ने किया खुलासा

# पत्नी और बहनोई ने कराई थी हत्या

- बहनोई ने बीस हजार रुपये देकर दो युवकों का लिया था सहयोग
- पत्नी समेत चारों आरोपी गिरफ्तार, प्रेम प्रसंग के चलते मार डाला

**बस्ती, निज संवाददाता।** वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के स्वर्ण व्यवसायी विनोद सोनी की हत्या का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया। पुलिस कार्यालय में शनिवार को एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि विनोद सोनी की हत्या की साजिश उसकी पत्नी व चचेरे बहनोई के साथ मिलकर रची। चचेरे बहनोई ने दो अन्य युवकों के साथ मिलकर उसे अध्योया पुल से सरयू नदी में बेहोशी की हालत में फेंक दिया था। डूबकर मरने के बाद विनोद की लाश चार दिन बाद 18 नवंबर 2022 को बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र के विक्रमजोत धुसवा तटबंध से सटे संदलपुर गांव के पास टेढ़ी नदी में मिली थी।

एएसपी के अनुसार मृतक विनोद सोनी की पत्नी गुड़िया का प्रेम सम्बन्ध मृतक के चचेरे बहनोई जगन्नाथ से था। प्रेम सम्बन्ध के बारे में जब विनोद को जानकारी हुई तब विनोद ने अपनी पत्नी गुड़िया पर प्रतिबंध लगा दिया था। तब भी गुड़िया चोरी-छिपे जगन्नाथ से बात करती थी। इसके बाद विनोद को रास्ते से हटाने की साजिश रची गई थी।

थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह व विवेचक की टीम ने शनिवार को आरोपी पत्नी गुड़िया निवासी गनेशपुर थाना वाल्टरगंज, चचेरे बहनोई जगन्नाथ प्रसाद वर्मा उर्फ राजेश निवासी हटवा शुक्ल थाना कोतवाली और पैसा लेकर हत्या में सहयोग करने वाले विमलेश और राजन निवासी कुसमौर थाना नगर को गिरफ्तार कर लिया। हत्या में प्रयुक्त कार बरामद कर ली गई है।



पुलिस कार्यालय में शनिवार को स्वर्ण व्यवसायी हत्याकांड का खुलासा करते एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी। ● हिन्दुस्तान

**एसपी ने दिया 25 हजार का पुरस्कार:** हत्या का खुलासा करने वाली थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह की टीम को एसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम दिया है। धरपकड़ करने वाली टीम में थानेदार के साथ एसएसआई संतोष कुमार दूबे, आरक्षी संजय यादव, भगवान दयाल, अवधेश यादव, शिवम गिरि, महिला आरक्षी प्रियंका यादव व पूजा सिंह शामिल रहीं।

## बिरयानी के साथ खूब पिलाई थी शराब

**बस्ती।** पुलिस के मुताबिक जगन्नाथ खुद गाड़ी चला रहा था। विमलेश व राजन पिछली सीट पर बैठे थे। मूड़घाट पर शराब खरीदने के बाद सीधे पचवस स्थित एक ढाबा पर पहुंचे। यहां पर बिरयानी खाने के साथ शराब पी। विनोद को ज्यादा शराब पिलाई। जब विनोद पूरी तरह से नशे में हो गया तो उसे कार में बैठा कर अयोध्या की तरफ निकले।

अयोध्या पुल पर पहुंचकर गाड़ी रोककर पहले जगन्नाथ ने विनोद का मुंह दबाया और विमलेश व राजन ने क्लच वायर को उसके गले में लपेटकर कसने ही वाले थे कि विनोद बेहोश हो गया। फिर जगन्नाथ ने इन दोनों को गला कसने से मना कर दिया। क्योंकि गला कसा हत्या की पुष्टि पोस्टमार्टम में हो जाती। इसलिए पानी में डूबाकर मारने की योजना बना ली। गाड़ी से उतार कर बेहोश विनोद को अयोध्या पुल से सरयू नदी में फेंक दिया था।

# शिकायतों का करें निष्पक्ष समाधान : डीएम

**समाधान दिवस**

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** जिले के सभी थानों पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व से संबंधित शिकायतों की ही भरमार रही। नगर थाने पर डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तव ने जनसुनवाई की। आला अफसरों ने निर्देश दिया कि थाने पर पहुंचने वाली प्रत्येक शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण किया जाए।

डीएम ने अपराध, त्यौहार, गुण्डा एक्ट व गैंगेस्टर रजिस्टर देखा। कहा कि भूमि विवाद से जुड़े प्रकरणों में संयुक्त टीम मौके पर पहुंचे और समयबद्ध ढंग से निस्तारण करें। एसपी ने निर्देशित किया कि फरियादी को बार-बार थाने का चक्कर न लगाना पड़े। त्वरित सुनवाई हो और उनकी समस्या का स्थाई समाधान किया जाए। लापरवाही किसी स्तर पर क्षम्य नहीं होगी। आला अफसरों के समक्ष कुल 17 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, इनमें चार का मौके पर निस्तारण किया जा सका। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी को निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। दुबौलिया में तहसीलदार इंद्रमणि त्रिपाठी की अगुवाई में छह प्रकरण पेश हुए। इनमें एक मौके पर निस्तारण किया जा सका।



नगर थाने पर शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में सुनवाई करती डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव। ● हिन्दुस्तान

थाना प्रभारी संजय कुमार मौजूद रहे। सोनहा थाने पर एसडीएम भानपुर गिरीश कुमार झॉं की अध्यक्षता में कुल 6 मामले आए, जिसमें सभी मामले राजस्व से संबंधित रहे और दो का मौके पर निस्तारण हुआ। हर्रैया थाना पर प्रभारी थानाध्यक्ष हर्रैया सुरपति त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में आठ मामले आए और एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। पैकोलिया थाने पर थानाध्यक्ष दिलीप कुमार की अगुवाई में आए आठ मामलों में से दो का निस्तारण हुआ। थानाध्यक्ष दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि चार मामलों में टीम मौके पर भेजी गई है। बाकी चार मामले विचाराधीन हैं। कोतवाली, पुरानी बस्ती, वाल्टरगंज समेत अन्य थानों पर भी समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

# नवागत मंडलायुक्त ने संभाला कार्यभार



नवागत मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र का स्वागत करतीं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन साथ में पुलिस अधीक्षक व अन्य •जागरण

**जासं, बस्ती :** नवागत मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वह मिर्जापुर में इसी पद पर कार्यरत थे। सर्किट हाउस पहुंचने पर उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा संतकबीरनगर के प्रेम रंजन सिंह, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव तथा संतकबीर नगर के पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, सीडीओ डा. राजेश प्रजापति, अपर आयुक्त न्यायिक बृजकिशोर, जेडीसी पद्मकान्त शुक्ल, अपर आयुक्त प्रशासन/सीआरओ नीता यादव, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या अमजद अली अंसारी, एडीएम कमलेश चन्द्र, एएसपी दीपेन्द्रनाथ चौधरी, मुख्य कोषाधिकारी आत्मप्रकाश बाजपेयी, दुर्गेश प्रसाद, एआरटीओ रविकान्त शुक्ल, एसडीएम आनंद श्रीनेत, जीके झा, गुलाबचंद, अतुल आनंद, सीओ शेषमणि उपाध्याय ने बुके देकर उनका स्वागत किया।

# पत्नी ने कराई थी पति की हत्या

## चार गिरफ्तार, दिवंगत के रिश्तेदार से था उसकी पत्नी का संबंध



गिरफ्तार आरोपितों के बारे में जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी साथ में वाल्टरगंज थानाध्यक्ष योगेश सिंह ●जागरण

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : गनेशपुर निवासी विनोद कुमार सोनी की हत्या उसकी पत्नी ने ही कुछ लोगों के साथ मिलकर कराई थी। पत्नी का दिवंगत के एक रिश्तेदार से नाजायज संबंध था। इसकी जानकारी विनोद को हो गई थी। इस कारण वह अपनी पत्नी को कहीं आने जाने नहीं देता था। ऐसे में उसकी पत्नी ने रिश्तेदार के साथ मिलकर विनोद के हत्या की साजिश रची और बाद में उसे अंजाम दे दिया।

यह कहना है अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी का। वह शनिवार को विनोद सोनी की हत्या के पर्दाफाश और आरोपितों की गिरफ्तारी के बारे में पत्रकारों को जानकारी दे रहे थे। बताया कि 18 नवंबर को छावनी थाने के संदलपुर गांव के पास सरयू नदी में विनोद सोनी पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी गनेशपुर थाना वाल्टरगंज का शव बरामद हुआ था। मामले में हत्या और साक्ष्य मिटाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने घटना को अंजाम देने के आरोप में जगन्नाथ प्रसाद वर्मा निवासी ग्राम हटवा शुक्ल थाना कोतवाली, बिमलेश, राजन निवासीगण कुसमौर थाना नगर के साथ ही दिवंगत की पत्नी गुड़िया को गिरफ्तार कर लिया। जगन्नाथ, विमलेश व राजन की गिरफ्तारी शनिवार को ही मकबूलगंज तिराहा थाना मुंडेरवा तथा गुड़िया की गिरफ्तारी गनेशपुर से की गई। इनके पास से घटना में प्रयुक्त एक कार व 6500 रुपये बरामद हुआ है।

**बेटे ने दी थी पिता के गुमशुदगी की सूचना:** एएसपी ने बताया कि दिवंगत विनोद सोनी के पुत्र विनय सोनी ने 15 नवंबर को थाना वाल्टरगंज पर तहरीर देकर बताया था कि 14 नवंबर की शाम पांच बजे उसके पिता घर से कहकर निकले थे कि कुछ सामान लेने बस्ती जा रहे हैं। वहां रिश्ते में जीजा लगने वाले जगन्नाथ से भी मिलना है। वह उन्हें बुलाए हैं। जाने के बाद वह वापस नहीं लौटे। वाल्टरगंज पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर दिवंगत की तलाश कर रही थी। दिनांक 15 नवंबर को विनोद सोनी की बाइक कचहरी बस्ती के पास मिली, जहां दिवंगत विनोद के रिश्तेदार जगन्नाथ काम करते थे।

25 नवंबर को विनोद सोनी के भाई जमुना प्रसाद ने वाल्टरगंज थाने पर तहरीर देकर बताया कि उनके भाई विनोद की पत्नी गुड़िया का नाजायज संबंध रिश्ते में उनके जीजा लगने वाले जगन्नाथ से था। उन्होंने ही मिलकर उनके भाई की हत्या की है।

# वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने चोरी की घटना में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की दो डीजे मशीन, एक मिक्सिंग मशीन आदि बरामद की है। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि चोरी के मुकदमे से संबंधित आरोपी भालचंद यादव निवासी बेलवाडाडी महुली जिला संतकबीरनगर को शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे बसौढ़ी गांव मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई राजेश कुमार गुप्ता, आरक्षी रामकेश निषाद, सत्यम सिंह यादव शामिल रहे। संवाद

## ससुर पर छेड़खानी करने का आरोप, केस

**बस्ती।** परशुरामपर थाने में तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया है कि दान-दहेज की मांग को लेकर गोंडा कोतवाली क्षेत्र स्थित उनकी ससुराल में प्रताड़ित किया गया। मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। ससुर ने उनके साथ छेड़खानी की। पुलिस ने पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

## पशु चोरी के आरोपियों पर लगा गैंगेस्टर

**बस्ती।** छावनी पुलिस ने गोवंशीय पशुओं के परिवहन व चोरी के आरोपितों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी सोनी यादव निवासी बैसिंह थाना पुराकलन्दर जनपद अयोध्या, दिवाकर दीक्षित निवासी सहजूपार थाना खजनी जनपद गोरखपुर और मनोज यादव निवासी नगवा थाना गीडा जनपद गोरखपुर को गैंगेस्टर अधिनियम के तहत पाबंद किया गया है। संवाद

# पुलिस की कार्रवाई में पूर्वानुमान हावी, बदल रही केस की नवैयत

## हत्या को हादसा, लूट को चोरी बताते में पुलिस खपा रही ऊर्जा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले में घटनाओं को तोड़ने, मोड़ने, मुकदमा दर्ज करने में मामलों के अल्पीकरण करने में पुलिस का कोई जोड़ नहीं है। हत्या को हादसा, गैर इरादतन हत्या, लूट को चोरी, साइबर अपराध को धोखाधड़ी के रूप में पेश करना आम बात है। कई घटनाओं की कार्रवाई में पुलिस का पूर्वानुमान साफ झलकता है। जानकारों का मानना है कि पुलिस के ऐसा करने से केस की नवैयत बदल जाती है। अपराधी को इसका फायदा मिलता है और पीड़ित को न्याय पाने की संभावना कम हो जाती है।

इसका सबसे ताजा सोनहा थानाक्षेत्र के ताबड़तोड़ दो मामले हैं। जिसमें 24 अक्तूबर को गांव के दो

### जानकारों का कहना है कि इससे अपराधियों को मिलता है फायदा

लोगों के साथ निकले 42 वर्षीय केशराम का शव दूसरे दिन गांव के पास पोखरे में मिला। आरोपी खुद शराब के नशे में चिल्लाकर कहता रहा है कि उसने केशराम को मार दिया है। गांव के लोग आरोपी को पकड़कर पीटे और पुलिस के हवाले कर दिए। बावजूद इसके पुलिस डूबकर मौत होने की दलील देती रही।

अधिकारियों का दबाव बढ़ने पर 15 नवंबर को दो आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। इसी तरह का एक अन्य मामला 17 नवंबर का है। जिसमें भाई की ससुराल आए 19 वर्षीय युवक का शव सड़क के किनारे खेत में पाया गया था। उसके चेहरे और शरीर के अन्य हिस्से में गहरे चोट के निशान पाए गए। सिद्धार्थनगर के भवानीगंज थानाक्षेत्र के हिसामुद्दीनपुर गांव के निवासी मृतक रमेश के परिवार वाले हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए तहरीर दिए मगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसे लेकर बुधवार को थाने पर प्रदर्शन भी हुआ था।

कोतवाली थानाक्षेत्र के दुधौरा आंगनबाड़ी केंद्र पर 24 अक्तूबर को पढ़ने गई चार वर्ष की मासूम शाम तक घर नहीं पहुंची। परिवार के लोगों ने काफी खोजबीन की मगर कुछ पता नहीं चला। देर शाम गांव से कुछ दूरी पर पानी में डूबा हुआ उसका शव मिला। शरीर पर बाकी सब कुछ तो सामान्य पाया गया लेकिन कई जगह खरोंच के निशान पाए गए, जिससे लगा कि वह खुद नहीं डूबी बल्कि पानी में डुबाया गया। परिवार के लोग हत्या की तहरीर दिए लेकिन पुलिस टाल मटोल करती रही। बड़े अधिकारियों का चक्कर काटने के बाद 24 दिन बाद हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। ऐसे तमाम मामले हैं जिनमें कानून, नीयत और घटना की नवैयत से हटकर पुलिस अपने मनमर्जी कार्रवाई कर रही है। इसे लेकर लोगों में असंतोष है।

### एसपी बोले, हो रही है कार्रवाई


**एसपी** आशीष श्रीवास्तव का कहना है कि घटनाओं में सही एफआईआर दर्ज किया जाना सबसे जरूरी है। जिन घटनाओं में उन्हें मुकदमा न दर्ज करने या हीला-हवाली करने की शिकायत मिलती है,उनमें संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। कई बार लोग घटना कुछ और होती है और तहरीर में अपने किसी विरोधी को फंसाने की कोशिश करते हैं। ऐसे मामलों में पुलिस बिना छानबीन के कार्रवाई नहीं करती है।

### छिनैती को बता दिया चोरी

**हर्रैया** और परशुरामपुर थानाक्षेत्र में छिनैती की कई घटनाओं में चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। मजे की बात यह कि संबंधित अपराध का अनावरण करने के क्रम में जब आरोपी पकड़ लिया गया तो चोरी की धारा को लूट में परिवर्तित कर दिया गया।

### हत्या को बना दिया दहेज हत्या

**दीपावली** के दरम्यान परशुरामपुर थानाक्षेत्र के सिकंदरपुर कस्बे में पिंकी नाम की महिला को घर में लहूलुहान पाया गया। धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया गया था। परिवार के लोग उसे अयोध्या जिला अस्पताल ले गए,जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हत्या के स्पष्ट मामले में पुलिस ने इसमें दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया। दलील दी गई कि मृतका के पिता ने ऐसी ही तहरीर दी है।





नवागत कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र का डीएम ने किया स्वागत। संवाद

# नवागत मंडलायुक्त योगेश्वर राम ने ग्रहण किया पदभार

बस्ती। मंडलायुक्त गोविंद राजू एनएस की शनिवार को विदाई हुई और नवागत मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने पदभार ग्रहण किया। नवागत मंडलायुक्त इससे पहले मिर्जापुर में इसी पद पर कार्यरत रहे। सर्किट हाउस पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

डीएम बस्ती प्रियंका निरंजन, संतकबीरनगर के प्रेम रंजन सिंह, एसपी बस्ती आशीष श्रीवास्तव, संतकबीरनगर सोनम कुमार आदि ने उनका स्वागत किया। इससे पूर्व गोविंद राजू एनएस को विदाई गई। कार्यक्रम में निवर्तमान मंडलायुक्त ने कहा कि समय से समस्याओं का निराकरण कर और पात्रों को योजनाओं का लाभ देकर वास्तविक सेवा की जा सकती है। मंडलायुक्त सभागार में आयोजित विदाई कार्यक्रम में अपर आयुक्त न्यायिक बृजकिशोर आदि मौजूद रहे। संवाद

# जागरुकता : नाबालिगों से वाहन न चलाने का आह्वान

**बस्ती।** पुलिस की ओर से चलाए जा रहे यातायात माह के तहत शनिवार को हर्रैया क्षेत्र के श्रीनिवास भगवान इंटर कॉलेज डूहवा मिश्र छावनी में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

वहीं, नाबालिगों से वाहन न चलाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छावनी थाना प्रभारी दुर्गेश पांडेय ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने में बच्चों की अहम भूमिका होती है। सड़क पर वाहन चलाने से पहले यातायात के नियमों का ज्ञान होना जरूरी है। बिना हेलमेट व सीट बेल्ट का वाहन नहीं चलाना चाहिए। नाबालिगों से वाहनों को न चलाने का आह्वान किया। संवाद

# नगर थाने पर हुआ चार मामलों का निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने शेष मामलों के गुणवत्तापूर्ण समाधान के दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को हुआ। जिले विभिन्न थानों पर हुए आयोजन के दौरान मामलों का समाधान हुआ। डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी आशीष श्रीवास्तव ने नगर थाने पर जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए चार मामलों का निष्पादन किया।

नगर बाजार प्रतिनिधि के मुताबिक सुनवाई के दौरान कुल 17 मामले आए। जिसमें पांच पुलिस से संबंधित तथा 12 राजस्व विभाग से संबंधित थे। इनमें चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इनमें पुलिस व राजस्व से संबंधित दो-दो मामले शामिल हैं। जमीनी विवाद संबंधित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए टीमें बनाकर रवाना की गई।

शेष मामलों के गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए डीएम व एसपी ने निर्देशित किया गया। मौके पर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र तिवारी, उप निरीक्षक अनस अख्तर, श्रवण कुमार यादव, चौकी प्रभारी फुटाहिया, प्रदीप सिंह मौजूद रहे। बनकटी प्रतिनिधि के मुताबिक लालगंज थाने पर आयोजित समाधान दिवस में 11 मामले आए। जिनमें दो का निस्तारण किया गया। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि नौ राजस्व व दो पुलिस के मामलों सहित 11 प्रार्थना पत्र आए थे। जिसमें राजस्व के दो मामलों का निस्तारण किया गया। शेष नौ के लिए टीमें गठित की गई हैं।

दुबौलिया प्रतिनिधि के अनुसार थाना समाधान दिवस में तहसीलदार इंद्र मणि त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की अध्यक्षता में सुनवाई की गई। जिसमें कुल छह प्रार्थना पत्र आए। जो सभी राजस्व से संबंधित थे। जिसमें एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण मौके पर किया गया। कलवारी प्रतिनिधि के मुताबिक थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व से संबंधित 15 मामले आये। जिसमें एसओ व राजस्व निरीक्षक अवधेश श्रीवास्तव ने दो मामले का निस्तारण मौके पर कराया। बाकी बचे 13 मामलों में राजस्व व पुलिस की टीम बनाकर एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर द्वारिका प्रसाद चौधरी, दिनेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विनोद गुप्ता, मंजूलता, अभयशंकर तिवारी, दुर्गेश पांडेय, संजीव यादव, अमोद आर्य सहित लोग मौजूद रहे।




नगर थाने में समाधान दिवस पर समस्या सुनतीं डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तव। संवाद

### पुलिस से संबंधित तीन मामलों का हुआ समाधान

**सोनहा** प्रतिनिधि के मुताबिक थाना परिसर में एसडीएम भानपुर गिरीश कुमार झा की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि कुल 10 मामले आए थे। जिनमें तीन पुलिस व सात मामले राजस्व विभाग संबंधित थे। पुलिस से संबंधित तीन मामलों का निस्तारण कराया गया। इस मौके पर कानूनगो, लेखपाल सहित थाने के उपनिरीक्षक व कांस्टेबल, दीवान, मुंशी आदि मौजूद रहे।



दुबौलिया थाने पर लोगों की समस्या सुनते सदर तहसीलदार इंद्रमणि। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-11-2022

# ठगी का शिकार हुए युवक को साइबर सेल ने वापस कराये 1,78,000रू.

**सिद्धार्थनगर(एसएनबी)**। साईबर सेल की टीम ने साइबर ठगी का शिकार हुए युवक के खाते में 1 लाख 78 हजार रुपये वापस कराने में सफलता हासिल किया है,अपने खाते में पैसा वापस पाकर राजकुमार गुप्त बहुत खुश हुआ,इसके लिए उसने पुलिस अधीक्षक व साईबर सेल की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# समाधान दिवस पर आठ का निस्तारण

**लोटन(एसएनबी)**। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु पूर्व में प्राप्त आठ प्रार्थना पत्रों का निस्तारण शनिवार को कोतवाली परिसर में शनिवार को हुई।शासन के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक देवनन्दन उपाध्याय की मौजूी में पूर्व से लम्बित चल रहे क्षेत्र के भिन्न भिन्न प्रकरण के प्राप्त प्रार्थना पत्रों व अन्य भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों की जांच की गयी।जिसमें हल्का लेखपाल व बीट पुलिसकर्मीभी मौजूद रहें। कुल आठ प्रार्थना पत्र मिले थे।जिसमें राजस्व से सम्बन्धित दो, पुलिस से सम्बन्धित छः शिकायते थी।सभी का निस्तारण भी कर दिया गया।

# साइबर सेल ने वापस कराए 1.78 लाख

सिद्धार्थनगर। साइबर सेल ने ठगी का शिकार हुए एक व्यक्ति के खाता में उसका 1.78 लाख रुपया शनिवार को खाता में वापस करा दिया।

प्रभारी साइबर सेल सुभाष यादव ने बताया कि राजकुमार गुप्ता निवासी कस्बा इटवा थाना इटवा के डेबिट कार्ड से फ्राड कर साइबर अपराधियों ने 1.78 लाख रुपये निकाल लिए थे। शिकायत के बाद छानबीन कर वापस करा दिया गया है। भविष्य में इस तरह की गलती दुबारा न होने पाए इसके लिए जो जरूरी हिदायतें थी वह उनको दे दी गई है। खाते में पैसा आने के बाद परेशान राजकुमार गुप्ता के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

# पराली जलाएं नहीं, उससे रुपये कमाएं

लोटन, हिन्दुस्तान संवाद। किसान फसल अवशेष को न जलाएं क्योंकि फसलों के अवशेष जलाने से उनके जड़, तने व पत्तियों के लाभदायक पोषक तत्व नष्ट होने के साथ ही मृदा ताप में वृद्धि होती है। इससे मृदा के भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

- लोटन के सुसनहा गांव में बीडीओ, कोतवाल ने किया जागरुक
- पराली जलाने से होने वाले नुकसान से किसानों को किया आगाह

ये बातें क्षेत्र के सुसुनहा गांव में शनिवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवनंदन उपाध्याय व बीडीओ लोटन लालजी शुक्ल ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि फसल से निकलने वाली पराली को जलाएं नहीं उसे खेतों से सुरक्षित निकाल कर रख लें।

पराली से बेचकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। जला देने से पैसे के साथ साथ खेत की पैदावार पर भी बुरा असर पड़ रहा है। मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीवाणु नष्ट होने से मौजूद जीवांश पदार्थ सड़ नहीं पाते हैं और पौधे पोषक तत्वों को प्राप्त करने में असमर्थ हो जाते हैं। इससे उत्पादकता में गिरावट आती है। इसके अतिरिक्त वातावरण के साथ-साथ पशुओं के चारे की व्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेषों को जलाने से फसलों व आबादी में आग लगने की भी संभावना बनी रहती है।बीडीओ ने कहा कि किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंध कर फसल अवशेषों से कम्पोस्ट या वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाकर प्रयोग कर सकते हैं।

# दुर्घटना रोकने के लिए काम कर रही पुलिस

**जासं, सिद्धार्थनगर** : सुरक्षित यातायात को लेकर दैनिक जागरण अभियान चला रहा है। अभियान के दौरान बदहाल सड़क, कट, डिवाइडर को लेकर तमाम कमियां मिली हैं। सड़कों पर नाबालिग वाहन चलाते देखे गए हैं। खुलेआम सड़क सुरक्षा की अवहेलना की जा रही है। युवा बाइकों पर कलाबाजी का प्रदर्शन करते नजर आते हैं। इसकी वजह से कई बार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। यातायात जागरूकता अभियान चलने के बावजूद मार्ग दुर्घटनाएं नहीं रुक रही हैं। इन बिंदुओं को लेकर दैनिक जागरण ने शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ का साक्षात्कार किया। प्रस्तुत है बातचीत के प्रमुख अंश......



एएसपी सिद्धार्थ

● **सवाल**–मार्ग दुर्घटना रोकने के लिए वाहनों की ओवरस्पीड रोकने के लिए पुलिस क्या करती है।

● **जवाब**– वाहनों की ओवरस्पीड रोकने के लिए स्कूलों में छात्र–छात्राओं को जागरूक किया जाता है। सर्वाधिक गति से गाड़ी चलाने वाले अधिकतर युवा ही होते हैं। इन पर खास निगाह है। वाहन की गति अधिक होने पर जानमाल दोनों का नुकसान होता है। इसे रोकने के लिए स्पीड मीटर से गाड़ियों की चेकिंग की जाती है। मानक से गति अधिक होने पर कार्रवाई की जाती है।

**सवाल**–पुलिस का ध्यान चालान की संख्या को बढ़ाने को लेकर होता है। हादसों को रोकने के लिए विभाग कोई प्रयास क्यों नहीं करता है।

● **जवाब**–मार्ग दुर्घटना को रोकने में जो भूमिका पुलिस की है उसका निर्वहन भलीभांति निभाती है। पुलिस के पास यातायात जागरूकता और नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई का अधिकार है।

# जागरण की पाठशाला में सड़क सुरक्षा का पाठ

## यातायात नियमों के पालन से सुरक्षित होगा सफर

**जागरण टीम, सिद्धार्थनगर** : जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शनिवार को पांच विद्यालयों के छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उप संभागीय परिवहन विभाग, यातायात पुलिस व पुलिस जवानों ने इन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी। सुरक्षित यात्रा करने की टिप्स दी। छात्रों को इसके लिए प्रोत्साहित किया।






सिंहेश्वरी इंका. में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते एआरटीओ के वरिष्ठ सहायक अजय सिंह व सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में नियमों की जानकारी देते उप निरीक्षक अमरेश कुमार यादव • जागरण





छेदीलाल इंटर कालेज में छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते सीओ डुमरियागंज राणा महेंद्र प्रताप सिंह व सनराइज पब्लिक स्कूल में छात्रों को जागरूक करते थानाध्यक्ष खेसरहा भानु प्रताप सिंह • जागरण

# सात अपराधियों पर पुलिस ने की गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**जासं, सिद्धार्थनगर:** एसपी अमित कुमार आनंद ने आपरेशन प्रहार के तहत सात बदमाशों पर गुंडा नियंत्रक अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। सभी आरोपित सम्पत्ति सम्बन्धी अपराध, चोरी, नकबजनी, लूट आदि की घटनाओं में संलिप्त पाए गए हैं। जिनके खिलाफ कार्रवाई हुई है उनमें छह शोहरतगढ़ और एक आरोपित लोटन थाना क्षेत्र का निवासी है। एसपी ने बताया कि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

इसके तहत शोहरतगढ़ पुलिस ने शंकर गौड़ पुत्र सुभाष गौड़ निवासी वार्ड नंबर तीन गांधीनगर, वीरेन्द्र प्रसाद पुत्र भारत निवासी नीबी दोहनी,सद्दाम पुत्र वकील निवासी गोल्हौरा मुस्तकहम,आशुतोष शर्मा पुत्र महेश शर्मा निवासी कस्बा शोहरतगढ़,अजीत त्रिपाठी पुत्र राजेश त्रिपाठी निवासी, सिब्बू उर्फ शहजादे पुत्र नूरुद्दीन निवासी वार्ड नंबर एक अम्बेडकरनगर कस्बा थाना शोहरतगढ़ के निवासी हैं। जबकि राजेश उर्फ लौहर पुत्र जगई निवासी परसौना थाना लोटन जनपद सिद्धार्थगर का रहने वाला है।

# बैंक कर्मियों से भी कर रहे ठगी

## साइबर सेल 2376652 रुपये अब तक करा चुका है वापस

**जासं,सिद्धार्थनगर:** साइबर अपराधों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लोगों को बरगलाकर उनके बैंक खातों से खूब पैसे निकाले जा रहे हैं। हालत यह है कि अपराधी आम नागरिकों की छोड़िये, बैंक के स्टाफ तक को नहीं बक्श रहे हैं। आए दिन दर्ज हो रही शिकायतों में बैंक से जुड़े स्टाफ के मामले भी सामने आ रहे हैं।

साइबर अपराध रोकने के लिए पुलिस ने अलग साइबर सेल की स्थापना किया है। साइबर अपराध की जानकारी रखने वालों को इसमें तैनाती दी गयी है। यहां रोज ठगी के रोज मामले आ रहे हैं। इधर ठगी में कुछ बदलाव देखने को मिल रहा है। अब तो हालत यह है कि बैंककर्मी भी ठगे जाने लगे हैं। इनमें अधिकांश लोगों के पास क्रेडिटकार्ड की लिमिट बढ़ाने का काल आता है। काल करने वाले मोबाइल पर आए मेसेज का लिंक खोलकर लीमिट बढ़ने की जानकारी देखने को कहता है। मेसेज खोलते ही बैंक खाते से रकम गायब हो जा रही है। स्टेट बैंक ककरहवा में कार्यरत एक स्टाफ से क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगों ने बैंक खातों से 65हजार रुपये उड़ा लिया। मामले की शिकायत जब साइबर सेल में पहुंची तो प्रयासकर 36 हजार रुपये वापस कराया गया। इसी प्रकार इसी जनपद के निवासी और स्टेट बैंक महराजगंज में तैनात एक कर्मी के बैंक खाते से ठगों ने एक लाख रुपये निकाल लिया। अब पुलिस अपराधियों तक पहुंचने की जुगत में लगी है। इसी प्रकार महराजगंज निवासी स्टेट बैंक की शाखा में कर्ज बांटने का कार्य करने वाले एक स्टाफ के बैंक खाते से ठगों ने शुक्रवार को 42 हजार रुपये निकाल लिया। मामले की शिकायत साइबर सेल में पहुंची है। अब पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।

> साइबर अपराध रोकने के लिए लोगों को जागरूकता अभियान चलाया जाता है। लोगों को किसी अनजान व्यक्ति को बैंक से जुड़ी जानकारी कदापि नहीं देनी चाहिये।
>
> **अमित कुमार आनंद, एसपी**

**क्या कहते हैं साइबर के जानकार:** साइबर सेल में तैनात साइबर अपराध के जानकार दिलीप द्विवेदी का कहना है कि लोगों को ठगी से बचने के लिए तीन चीजें नहीं करनी चाहिये। पहला कि कोई भी बिना सही जानकारी के लोन लेने वाले किसी एप को मोबाइल में लोड न करें। इसी प्रकार अनजान काल आने पर व्यक्तिगत जानकारी न दें। मोबाइल पर आए मेसेज का लिंक कभी न खोलें। यदि इतनी ही सतर्कता बरती जाए तो ठगी से बचा जा सकता है।

# ग्राहक सेवा का मोबाइल नंबर इंटरनेट से खोजना पड़ा भारी

सिद्धार्थनगर : साइबर अपराधियों ने आनलाइन व्यावसायिक एप के जरिये खरीदे गए सामान को वापस करने के लिए ग्राहक सेवा का मोबाइल नंबर इंटरनेट से खोजना इटवा कस्बा निवासी राजकुमार गुप्ता को भारी पड़ गया। ठगों ने उनका मोबाइल हासिल करके बैंक खातों से मिली जानकारी हासिल की और खाते से 323000रुपये निकाल लिया। साइबर सेल ने वापस कराया। (जासं)

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवार के कल्याणार्थ आयोजित चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस एवं उनके स्वजन के सेहत की जांच की गयी। सभी को बताया गया कि आयरन की कमी से शरीर में थकान और कमजोरी होती है। रोगियों को निश्शुल्क दवाएं भी उपलब्ध करायी गईं।

पुलिस स्मृति दिवस व पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर अध्यक्ष वामा सारथी कामिनी कौशल, पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवार के कल्याणार्थ आयोजित स्वास्थ्य शिविर में माधव प्रसाद त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक डा. प्रभाकर प्रतिक ने पुलिस कर्मियों के स्वजन के सेहत की जांच की। आयरन की कमी के बारे में बताते हुए कहा कि आयरन हीमोग्लोबिन का एक महत्वपूर्ण घटक है,इसकी कमी से शरीर में स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाएं नहीं बन पाती हैं। वामा सारथी की अध्यक्ष कामिनी कौशल ने कहा कि पुलिसकर्मी एवं उनके स्वजन स्वस्थ रहें, इसके लिए इस तरह का आयोजन प्रत्येक माह किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि नियमित सेहत की जांच होने पर गंभीर रोगों से सभी को बचाया जा सकेगा। नीलम, प्रियंका, सुषमा आदि मौजुद रहे।



पुलिस लाइन सभागार में जांच करते स्वास्थ्यकर्मी ● सौ. पुलिस मीडिया सैल

# आग से सामान और नकदी जलकर नष्ट

## दमकल व पुलिस कर्मियों ने पहुंचकर आग को किया काबू



बर्डपुर क्षेत्र के बरगदवा में आग लगने से घर में रखे सामान जलकर नष्ट हो गए।

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बर्डपुर।** मोहना थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव के टोला बरगदवा में शुक्रवार रात एक घर में आग लग गई। आग से कई सामान जलकर नष्ट हो गए।

गांव निवासी रामपाल निषाद के मुताबिक, वह गांव में कही गए थे। घर में आग लगने से धुआं देख पड़ोसियों ने सूचना दी। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी।

मौके पर दमकल व पुलिस के लोग पहुंचकर आग पर काबू तो पा गए, लेकिन कमरे में अलमारी में रखे सामान, जेवर, बेड़ न नकदी व मोबाइल फोन जलकर बर्बाद हो गया। इस संबंध में सदर एसडीएम प्रदीप यादव ने बताया कि इस मामले की जांच लेखपाल की ओर से की गई है। पीड़ित परिवार की पूरी मदद की जाएगी।

# अशोक हत्याकांड : घटनास्थल पर पहुंचे एसपी ने की तहकीकात

## नवंबर में धान की कटाई के समय इटवा थाना क्षेत्र के मूसा गांव में मिला था कंकाल

संवाद न्यूज एजेंसी

**इटवा।** अशोक हत्याकांड की जांच में एक बार फिर तेजी आ गई है। इस मामले की तहकीकात के लिए खुद एसपी आगे आए हैं। शुक्रवार को घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने हर बिंदुओं की जांच की। कंकाल मिलने के वक्त मौजूद लोगों से भी मिले। पुलिस टीम लगभग चार घंटे गांव में रही। पर्दाफाश के लिए कई टीमें लगा दी गई हैं।

सूत्रों के अनुसार, पुलिस के हाथ अहम सुराग भी लगे हैं, जिससे माना जा रहा है कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश हो सकता है। इटवा थाना क्षेत्र के मूसा गांव में 12 नवंबर 2020 में धान की कटाई के समय कंबाइंड वाले ने एक नर कंकाल देखा था। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई थी। शिनाख्त की कोशिश की गई थी। इसी बीच गांव के जगदीश ने अपने पुत्र अशोक का कंकाल होने की बात कही थी। शरीर की हड्डी को छोड़कर कोई साक्ष्य न होने के कारण पुलिस नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही थी। इसके बाद डीएनए जांच के लिए भेजा गया था। डीएनए जांच रिपोर्ट मैच कर गई। उसके बाद अप्रैल में केस को हत्या की धारा में तब्दील कर दिया गया।

### एसपी ने लोगों से कई बिंदुओं पर की पूछताछ, पर्दाफाश के लिए लगाई टीम

हालांकि, मामले के पर्दाफाश में कोई किसी ने रुचि नहीं दिखाई गई। इधर, एक बार फिर मामले में तेजी आ गई है। एसपी ने मामले का पर्दाफाश करने के लिए फाइल को उलटना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को एसपी अमित कुमार आनंद इटवा पुलिस टीम के साथ मूसा गांव में पहुंचे। वह घटना स्थल पर गए। साथ ही उस खेत में गए, जहां पर नर कंकाल मिला था। उसके बाद मृतक के माता-पिता से मिले। उसने जानकारी ली कि अशोक घर से कब निकले थे। जिस खेत में कंकाल मिला, उस किसान से वार्ता की गई। गांव के चौकीदार और घटना के वक्त मौजूद लोगों से जानकारी ली। घटनाक्रम की हर बारीकी को समझा और हर बिंदुओं को नोट किया गया।

सूत्रों के अनुसार, पुलिस को इस मामले में अहम सुराग मिले हैं। जल्द ही मामले का पर्दाफाश हो सकता है। इसके लिए स्थानीय पुलिस के अलावा दो अन्य टीमें लगाई गई हैं। इस संबंध में एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। पूरे मामले की जानकारी ली गई है। टीमों को लगाया गया है, जिससे मामले का पर्दाफाश हो सके।

# रैली निकाल यातायात नियम के प्रति किया जागरूक

## उद्योग व्यापार मंडल बिस्कोहर के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बिस्कोहर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल बिस्कोहर के नेतृत्व में विद्यार्थियों की ओर से यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

शनिवार को नगर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय से पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर यातायात रैली को रवाना किया। रैली में शामिल बच्चे स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर जागरूकता के नारे लगाते हुए नगर के मुख्य कस्बा, चौक रोड, पश्चिम मोहल्ला व बस अड्डा होते हुए परशुराम तिराहे पहुंचे। वहां से विद्यालय में पहुंचकर रैली संपन्न हुई। रैली के पूर्व यातायात जागरूकता गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने कहा कि व्यापारी समाज जागरूक है। खुद के व्यापार के साथ ही सामाजिक सरोकारों को मजबूत करना भी वे अपनी जिम्मेदारी समझते हैं।

बिस्कोहर के व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रभात जायसवाल ने कहा कि सिर सलामत तो सब सलामत, इस लिए बाइक चलाते समय हर हाल में हेलमेट का इस्तेमाल करें और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं। वाहन चलाते समय नियमों, चिह्नों व संकेतों का पालन करें। काली फिल्म और हूटर का इस्तेमाल न करें। विद्यालय प्रधानाध्यापक उमाकांत गुप्ता ने गोष्ठी में आए हुए अभिभावकों से कहा कि बच्चों को वाहन चलाने के लिए कदापि प्रेरित न करें।

बिना लाइसेंस व शराब पीकर वाहन न चलाएं। सावधानी से सड़क पार करें और सदैव सड़क की बाईं ओर चलें। नियमों का पालन करने से जहां आप खुद सुरक्षित रहेंगे, वहीं परिवार भी महफूज रहेगा। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष बिस्कोहर प्रभात जायसवाल, संरक्षक सुधीर त्रिपाठी, संजय सिंह, उमाकांत गुप्ता, किशोर सोनी, गौकरण पाठक, विनोद सोनी, सुरेश प्रजापति, किशन जायसवाल आदि मौजूद रहें।

### यातायात नियमों का पालन जरूरी



मिश्रौलिया क्षेत्र के गौरडीह में ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी देते मिश्रौलिया थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह। संवाद

**पकड़ी बाजार।** मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के गौरडीह में शनिवार को पुलिस ने ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी दी। एसओ घनश्याम सिंह ने कहा कि कि बिना हेलमेट के तीन सवारी बैठाकर दो पहिया वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल जरूर करें। सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करने से हादसों को टाला जा सकता है। इस दौरान ग्राम प्रधान मो. इकबाल, घनश्याम गुप्ता, बृजेश दूबे आदि मौजूद रहे। संवाद

# तीन लाख रुपये उड़ाए गए, 1.78 लाख हुए वापस

सिद्धार्थनगर। ऑनलाइन खरीदे गए सामान को वापस करने के चक्कर में एक व्यक्ति ने सवा तीन लाख रुपये गवां दिए। साइबर सेल की टीम के प्रयास से 1.78 लाख रुपये वापस हो पाए।

इटवा कस्बा निवासी राजकुमार गुप्ता के मुताबिक, उनकी पत्नी ने एक एप के माध्यम से ऑनलाइन सामान की खरीद की थी। खरीदे गए सामान को वापस किया गया और रुपये वापस न होने पर गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च किया और डेबिट कार्ड और पिन बता दिया। इससे उनके खाते से कुल 3.23 लाख रुपये गलत तरीके से कम हो गए।

**ऑनलाइन खरीदे सामान को वापस करने में गंवाई थी रकम**

धोखाधड़ी की जानकारी हुई तो इसकी सूचना साइबर सेल सिद्धार्थनगर को तथा साइबर पुलिस पोर्टल 1930 पर दी गई। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए साइबर सेल की टीम ने कार्रवाई करते हुए 1.78 लाख रुपये बैंक खाते में वापस करवा दिए। इस कार्य के लिए राजकुमार गुप्ता ने पुलिस की प्रशंसा की है। संवाद

# गिरोहबंद अपराध के दोषी को चार वर्ष नौ माह की कैद

**सिद्धार्थनगर।** अपर विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ब्रिजेश कुमार ने गिरोहबंद अपराध एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप के दोषी फैयाज को चार वर्ष नौ माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। अर्थदंड अदा न करने की दशा में एक माह का अतिरिक्त कारावास और भोगना होगा।

संतकबीरनगर जिले के थाना बखिरा क्षेत्र के निवासी फैयाज को वर्ष 2009 में जिले की मोहाना थाना पुलिस ने गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

**संतकबीरनगर जिले का रहने वाला है फैयाज**

विवेचना के बाद अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उस आधार पर अपराध का संज्ञान लिया गया और अभियुक्त को विचारण के लिए तलब किया गया। एसओ मोहाना ने अभियुक्त के विरुद्ध गैंगचार्ट भी न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पत्रावली में उपलब्ध समस्त साक्ष्य, तथ्यों, परिस्थितियों व गैंगचार्ट के आधार पर फैयाज को दोषी पाते हुए चार वर्ष नौ माह की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। से दंडित किया गया। अर्थदंड न अदा करने की दशा में अभियुक्त को एक एक और माह समाज और भी भोगनी पड़ेगी। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-11-2022

# थाना समाधान दिवस पांच थानों पर शून्य रहा निस्तारण




थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनते एसडीएम सदर व अन्य तथा मेंहदावल में आयोजित थाना समाधान दिवस को संबोधित करतीं नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी।

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जिले के राजस्व अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल/थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर थाने पर आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए त्वरित निस्तारण कराया गया। शेष प्रकरणों के विधिक निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। प्रार्थना पत्रों में जिले की पांच थानों में निस्तारण संख्या शून्य रही।

एसडीएम खलीलाबाद अजय कुमार त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाय। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाय जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। तत्पश्चात वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध में फीडबैक भी लिया गया। इस मौके पर इंस्पेक्टर सर्वेश राय के साथ ही

**जनपद के सभी थानों पर आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में आये 43 मामलों मात्र तीन का निस्तारण**

अन्य उप निरीक्षक एवं लेखपाल व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक के मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कोतवाली खलीलाबाद में आये 7 मामलों में एक मामले का मौके पर निस्तारण हुआ। थाना दुधारा में आये 4 मामले में एक निस्तारित तथा थाना मेंहदावल में आये पांच मामलों में मात्र एक का निस्तारण हो सका। वहीं थाना धनघटा में आये 11, थाना महुली में 5, थाना बखिरा में आये 4, थाना बेलहरकला में आये 5 तथा थाना धर्मसिंहवा में 2 मामलों में एक भी निस्तारण नहीं हो सका। इस प्रकार जिले के सभी थानों पर आये 43 मामलों में से मात्र 3 निस्तारण हो सका। शेष 40 मामलों में शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु संबंधित को निर्देश किया गया।

**थाना समाधान दिवस को गंभीरता से ले कर्मचारी : प्रियंका तिवारी : मेंहदावल:** थाना समाधान दिवस को कर्मचारी गंभीरता से लें। इसमें आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करें और उनके प्रार्थना पत्रों का निस्तारण तत्काल सुनिश्चित कराएं। इस दिवस पर कर्मचारियों के उपस्थिति अनिवार्य है। जो कर्मचारी लापरवाही करेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। ये बातें मेंहदावल थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी ने कहीं। इस दौरान एसओ रविन्द्र कुमार सिंह, एसआई परवीन कुमार, चौकी इंचार्ज राजेश दूबे, प्रमोद कुमार नायक, संजीव यादव, आलोक मणि,नूरुदीन, नवतेश सिंह, अमित सिंह, अभिनाश यादव, रमेश यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

**थाना दुधारा में आये तीन मामलों में एक निस्तारित : दुधारा :** थाना दुधारा परिसर में शनिवार को समाधान दिवस आयोजन दुधारा में आयोजित किया गया। उप जिलाधिकारी सदर अजय कुमार त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में चार मामले प्रस्तुत हुए। जिसमें तीन राजस्व के मामलों में एक मामले का निस्तारण हुआ। एक पुलिस का मामला प्रस्तुत हुआ। इस मौके पर रजनीश राय उनि, उदयभान मिश्रा उ.नि. प्रेम बहादुर यादव, राम अजोर राजस्व निरीक्षक, दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव, राकेश कुमार, विजय कुमार आजाद, नेबूलाल, धीरेन्द्र सिंह, प्राची सिंह, अमृता तिवारी आदि मौजूद रहे।

# साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** थाना बखिरा के वरिष्ठ उ.नि. प्रमोद यादव ने सबाहउल उलूम मदरसा लेडुआ महुआ के छात्र एवं छात्राओं को यातायात, साइबर अपराध तथा नारी सुरक्षा सशक्तिकरण के सुरक्षा के संदर्भ में जागरूक किया गया। छात्रों को साइबर से संबंधित होने वाले क्राइम पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए इन्टरनेट बैंकिंग, ओएलएक्स फ्राड, वालेट-यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध साइबर अपराध एवं सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्राड के बारे में बताया। साथ ही एटीएम कार्ड बदलकर होने वाले फ्राड, डेबिट कार्ड-क्रेडिट कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्राड, बायोमैट्रिक फ्राड, यूपीआई संबंधी फ्राड, फोन काल के माध्यम से होने वाले फ्राड के बारे में जागरूक किया गया।

# यातायात नियमों का पालन आवश्यक

**दुधारा (एसएनबी)।** शनिवार को एएचएग्री इंटर कालेज उजियार दुधारा में यातायात तथा मिशन शक्ति के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। उप निरीक्षक अमरनाथ यादव ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना हम सबकी सुरक्षा के लिए आवश्यक है। आवश्यकता पड़ने पर हेल्पलाइन नंबरों पर काल करके मदद ली जा सकती है। साइबर क्राइम के तहत खाते से धनराशि साफ हो गई है तो आप 1930 पर काल कर मदद ले सकते हैं आपकी धनराशि वापस आ जाएगी। उप निरीक्षक शम्भू राम ने कहा कि यातायात माह में लोगों को जागरूक करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। दुपहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग करें। महिला कांस्टेबल शम्सा परवीन ने कहा कि किसी भी आपातकालीन हालत में 1090 पर महिलाएं काल करके मदद ले सकती हैं। उन्होंने पुलिस आपातकालीन सेवा 112, 1098 चाइल्ड लाइन, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर काल करके शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य मुनीर आलम खां तथा संचालन उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय द्विवेदी ने किया। इस मौके पर मुनीर आलम, मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, कमरे आलम सिद्दीकी, मुहम्मद यूनुस, ओबैदुल्लाह, जुबेर अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, मुहम्मद परवेज अख्तर, रफी अहमद अंसारी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने किया कबीर प्रेरणा लघु उद्योग का निरीक्षण

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा पुष्टाहार उत्पादन इकाई कबीर प्रेरणा लघु उद्योग सुरैना का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा जिलाधिकारी को स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित पूरे प्लांट का निरीक्षण कराते हुए उत्पादन प्रक्रिया आदि के बारे में अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित समूह की महिलाओं से विभिन्न खाद्य पदार्थों की मिक्सिंग, पैकिंग, रोस्टिंग आदि को देखते हुए उत्पादन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें प्रेरित किया। कबीर प्रेरणा लघु उद्योग स्वयं सहायता समूह की प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा महिला सदस्यों को समय से कार्य पूरा करने तथा उत्पादन बढ़ाकर अधिक लाभ कमाने हेतु उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार जीशान रिजवी, खण्ड विकास अधिकारी हैंसर बाजार सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# थाना दिवस

# महुली में डीएम-एसपी और धनघटा थाने पर एसडीएम-सीओ ने सुनी फरियाद




महुली थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में फरियादियों के प्रार्थनापत्र पर सुनवाई करते डीएम और एसपी।

धनघटा (एसएनबी)। जनसमस्यों के त्वरित समाधान के लिए धनघटा तहसील क्षेत्र के महुली थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह और पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने संयुक्त रूप से पहुंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई की और प्रार्थनापत्रों के त्वरित समाधान के लिए मातहतों को जरूरी दिशानिर्देश जारी किया। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने राजस्व सम्बन्धित मामलो के समाधान के लिए पुलिस और राजस्व टीम के एक साथ मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। इतना ही नहीं जिलाधिकारी ने कहा कि एक ही मामले से सम्बन्धित प्रार्थनापत्र बार बार सामने आने की शिकायतें मिल रही है जिससे यह प्रतीत होता है कि प्रार्थनापत्रों के समाधान में मनमानी की जा रही है। प्रार्थनापत्रों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से समाधान कराना जरूरी है। जिलाधिकारी ने कहा कि एक ही मामले में बार बार प्रार्थनापत्र का सामने आना कत्तई ठीक नहीं है। आगे से जिस अधिकारी कर्मचारी से सम्बन्धित मामला बार बार पेश होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान दोनों आलाअधिकारियों के सामने थाना दिवस में राजस्व विभाग से सम्बन्धित कुल पांच मामले पेश हुए जिसमें से तत्काल एक भी मामले का समाधान नहीं हो सका। दोनों आलाअधिकारियों ने प्रार्थनापत्र का समाधान कराने के लिए तत्काल पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम का गठन करके मौके के लिए रवाना कर दिया है। इस दौरान थाना दिवस में तहसीलदार धनघटा रत्नेश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र, पुलिस चौकी मुखलिसपुर के प्रभारी उपनिरीक्षक विवेकानन्द तिवारी सहित थाने के सभी पुलिसकर्मी एवं सभी राजस्वकर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में धनघटा थाने पर आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में एसडीएम धनघटा डा0 रविन्द्र कुमार तथा सीओ धनघटा रामप्रकाश ने पुहंचे फरियादियों के प्रार्थनापत्र पर सुनाई करते हुए प्रार्थनापत्रों के समाधान के लिए मातहतों को जरूरी दिशानिर्देश दिया। इस दौरान कुल 11 मामले पेश हुए जिसमें से सात मामले राजस्व विभाग से सम्बन्धित तथा चार मामले पुलिस विभाग से सम्बन्धित रहे। मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। दोनों अधिकारियों से पेश हुए सभी मामलों का त्वरित समाधान के लिए पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम का गठन कर मौके के लिए रवाना कर दिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह, उपनिरीक्षक अशोक कुमार दूबे, वीरबहादुर यादव, अनुज यादव, चौकी प्रभारी पौली धर्मेन्द्र मिश्र, चौकी प्रभारी बंसवारीगांव मनोज पटेल, गिरिशलाल दीवान सहित थाने के सभी पुलिसकर्मी और क्षेत्र के सभी राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# निबंध प्रतियोगिता में जैनब अव्वल

मगहर (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश यातायात पुलिस द्वारा नवम्बर में यातायात सुरक्षा माह मनाया जाता है। जिसके क्रम में मगहर पुलिस द्वारा कस्बे के सेवाश्रम आइडियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 28 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगता में जैनब खान प्रथम, शुभम गुप्ता द्वितीय व सिब्रा फातमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों में मगहर चौकी इंचार्ज विजय कुमार दूबे ने प्रमाण पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया और प्रतियोगिता शामिल छात्रों का उत्साह वर्धन किया। मगहर पुलिस ने पुलिस और समाज की जिम्मेदारी/शीर्षक पर लिखित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के कक्षा पांच से लेकर आठ तक के छात्रों ने कुल 28 छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा आठ जैनब खान प्रथम, कक्षा सात के शुभम गुप्ता ने द्वितीय व कक्षा छह की सिब्रा फातमा तृतीय हासिल किया। जिन्हें मगहर चौकी इंचार्ज विजय कुमार दूबे व उनकी पत्नी रूबी नें दूबे निबंध प्रतियोगिता सफल छात्रों को प्रमाण पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया। चौकी इंचार्ज विजय कुमार दूबे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज छात्र कल देश भविष्य हैं। छात्रों को जागरण करने से समाज में जागरूकता आएगी इसके लिए समय-समय पर यातायात से संबंधित लोगों को जागरूक किया जाता है सड़क दुर्घटना में कमियां सकें उन्होंने कहा कि छात्रों को प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए इससे उनके अंदर की प्रतिभा निखर कर सामने आती है। इस अवसर पर प्रबंधक आतिफ ओबैद, प्रधानाचार्य सरफराज अंसारी, मौलाना शादाब कासमी, रूबी देवी, नेहा सिंह, जितेन्द्र तिवारी, अबरार अहमद, गुलफशां, सफकत, मो. उमर, सदरुद्दीन, कमरूल अंसारी आदि मौजूद रहे।




# घर में घुसकर नाबालिग से छेड़खानी

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थानान्तर्गत नगर पंचायत हरिहरपुर के एक वार्ड निवासी परिवार के घर में शुक्रवार की रात पड़ोस का एक युवक घुस गया और घर के भीतर सो रही नाबालिग किशोरी के साथ छेड़खानी करने लगा। इस बीच सो रहे परिवार के लोग जाग गए और आरोपी युवक को दबोच लिया और उसकी जमकर पिटाई भी की। पीड़िता के परिजन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध छेड़खानी समेत पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी गई तहरीर में थानान्तर्गत नगर पंचायत हरिहरपुर के एक वार्ड निवासी व्यक्ति ने बताया कि रोज की तरह उसके परिवार के लोग शुक्रवार की शाम को भोजन करने के बाद सो रहे थे। रात करीव 11 बजे पडोस में रहने वाला प्रद्युम्न उर्फ लाला पुत्र कृष्णचन्द्र नामक युवक उसके घर में घुस गया और उसकी 15 वर्षीया बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। बेटी के शोर मचाने पर परिवार के सभी सदस्य जाग गए और उक्त युवक प्रद्युम्न उर्फ लाला को पकड़ लिए। इस बीच जुटी भीड़ से आरोपी युवक की पिटाई भी की। पीड़िता के परिजन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध आईपीसी की धारा 354,452 तथा पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफत में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# मनबढ़ों ने ढहाया दलित का निर्माण , की मारपीट

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर



पुलिस गिरफत में मारपीट के आरोपी।

कुछ मनबढ़ों ने एक दलित परिवार का निर्माण शनिवार को ढहा दिया साथ ही विरोध करने पर एक युवक समेत उसकी भाभी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने धनघटा थाने पहुंचकर विपक्षी दर्जन भर लोगों के खिलाफ धनघटा पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी दलित पुष्पा देवी पत्नी जिलाजीत ने बताया कि उसके परिवार में बीते 24 नवम्बर को शादी थी तो घर पर नात रिस्तेदारों की भीड़ जमा थी। उसी दौरान विपक्षी विवादित जमीन पर छपपर डालने का प्रयास कर रहे थे लेकिन घर पर नात रिस्तेदारों की भीड़ के कारण छपपर नहीं डाला। शनिवार की सुबह करीब सात बजे विपक्षी हरीराम पुत्र हंशराज, राकेश पुत्र रामकेश, मोहित पुत्र राधेश्याम, किरन पत्नी श्रवण कुमार, गुलाबपति पत्नी राधेश्याम, चन्दा पत्नी रामकेश, शोभा पत्नी रामउजागिर, कंचन पुत्री रामउजागिर, रूपा, ज्योंति, तारा, कुसुमलता, चन्दा व मीरा पुत्रीगण राधेश्याम गोलबंद होकर विवादित जमीन पर धावा बोल दिए और उसके निर्माण को ढहा दिया। विरोध करने पर उक्त विपक्षी मनबढ़ों ने उसे और उसके देवर रामजीत पुत्र सन्तू को लाठी डण्डे से पीटकर बुरी तरह से लहूलुहान कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बीचबचाव कराते हुए रामजीत, जगदीश, इन्द्रजीत, विनय, जिलाजीत, गुलाबपति, शोभा देवी, किरन तथा मोहित को गिरफतार कर सभी को थाने पहुंचा दिया और देर शाम गिरफतार उक्त सभी को शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर सीआरपीसी की धारा 151 के तहत चालान कर दिया है।

संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले के सभी दफ्तरों व थानों पर आयोजन हुआ, डीएम और एसपी भी मौजूद रहे

# संविधान के प्रावधानों के पालन की दिलाई शपथ

**संविधान दिवस**

संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जिले में आयोजन किया गया। सभी दफ्तरों व थानों पर आयोजन कर लोगों को संविधान का पालन करने की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने थाना दिवस के अवसर पर थाना महुली में संविधान दिवस के अवसर पर थाना में उपस्थित समस्त अधिकारी व कर्मचारी एवं फरियादियों को भी शपथ दिलाई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के समस्त थानों, चौकियों व कार्यालयों पर नियुक्त समस्त पुलिस कर्मियों ने राष्ट्र की एकता और अखण्डता की सुनिश्चितता व बन्धुता बनाये रखने की शपथ ली।

डीएम ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान पूर्ण होने पर देश की संविधान सभा ने संविधान को विधिवत स्वीकार किया गया। 26 जनवरी 1950 को इस संविधान को देश में लागू किया गया था। इसी के फलस्वरूप 26 नवम्बर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। कहा कि सभी संविधान के अनुसार ही निष्ठापूर्वक, ईमानदारी से अपने पदीय दायित्व का निर्वहन करें। एसपी ने कहा कि संविधान हमारे देश का मजबूत आधार है। हमारी एकता व अखण्डता को बनाए रखने वाला यह संविधान हर किसी को समान अधिकार देता है। इसके अलावा राष्ट्रीय संविधान दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अभय मिश्र ने सभी कर्मचारियों को संविधान का पालन करने की शपथ दिलाई। विकास भवन सभागार में डीडीओ सुदामा प्रसाद के साथ-साथ जिले के समस्त कार्यालयों में कार्यालयाध्यक्षों द्वारा इस अवसर पर शपथ दिलायी गयी।



शनिवार को महुली थाने पर शपथ दिलाते डीएम प्रेम रंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार। • हिन्दुस्तान



विकास भवन सभागार में कर्मचारियों को शपथ दिलाते डीडीओ सुदामा प्रसाद। • हिन्दुस्तान

## संविधान के प्रति आस्था बनाए रखने का लिया संकल्प

मेंहदावल। शनिवार को अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोकतंत्र की मजबूती का संकल्प लिया। बेलहर में संकल्प दिलाते हुए एसडीएम योगेश्वर सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र की पहचान नैतिक, सामाजिक मूल्यों और उसके जनमानस की आकांक्षाओं से होती है। हमारा संविधान इसी भाव को बताता है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में हर नागरिक को समान अधिकार है। इसका हम सभी को सम्मान करना चाहिए।

**धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस:** बघौली। बघौली क्षेत्र के जंगल कला स्थित पंचायत भवन पर शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। प्रधान प्रतिनिधि राजकपूर गौतम ने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान का निर्माण करके देश में वर्षों से समाज की मुख्यधारा से बाहर हो चुके शोषितों, वंचितों, पिछड़ों, दलितों, महिलाओं को उनका हक और अधिकार दिलाया।

## भारतीयता की मूल आत्मा है संविधान

संतकबीरनगर, निसं। संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को स्कूलों में भी कार्यक्रमों का आयोजन कर संविधान के बारे में जानकारी दी गई। हीरालाल रामनिवास पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डीडीयू के राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ महेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि भारत का संविधान भारतीयता की मूल आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव निहित है। भारतीय संविधान देशवासियों को जागरूक नागरिक बनाने का प्रयास करता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ब्रजेश त्रिपाठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता के साथ बच्चों को संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलाई। राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष शशिकांत राव ने विषय प्रस्तावना रखी। •



एचआरपीजी कालेज खलीलाबाद में कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. महेंद्र।

**उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलाडीह में मनाया संविधान दिवस:** उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलाडीह में बच्चों को भारतीय संविधान के निर्माण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। डॉक्टर अंबेडकर का योगदान बताया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीलम, चंद्रमौलि त्रिपाठी आदि रहे।

**पोस्टर व माडल बनाकर संविधान दिवस मनाया:** हीरालाल रामनिवास सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खलीलाबाद में कक्षा चतुर्थ से अष्टम के छात्रों ने पोस्टर व माडल बनाया। छात्र आशुतोष व सनी ने संविधान पर लेख द्वारा बात रखी।

# घायल को उपचार के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर सड़क दुर्घटना में घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया।

पीआरवी सिन्दुरिया से एक्सीडेंट की सूचना मिली कउक्त सूचना पर पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची तो देखा एक बाइक सवार व्यक्ति गंभीर घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा हुआ था। जानकारी करने पर पता चला कि बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसकी वजह से व्यक्ति घायल हो गया। पीआरवी कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल को एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी नाथनगर उपचार के लिए भेजवाया।

थाना समाधान दिवस पर डीएम और एसपी ने महुली में सुनी फरियाद, पेश हुए पांच मामले, नहीं हो सका निस्तारण

# एक सप्ताह में परती भूमि को पोखरे में तब्दील कराएं

**समाधान दिवस**

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाने पर आयोजित समाधान दिवस में अचानक डीएम प्रेम रंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार पहुंच गए। इस दौरान ग्राम कोहरगड्डी में जबरदस्ती खेत में पानी गिराने की शिकायत पर डीएम गंभीर हो गए। उन्होंने तत्काल तहसीलदार को एक सप्ताह के भीतर नई परती भूमि को अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब रूप में तब्दील कराने का निर्देश दिया। इस दौरान पांच मामले राजस्व से सम्बन्धित पेश हुए लेकिन एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। समाधान के लिए अलग अलग टीमें गठित करके रवाना की गई।

महुली थाना पर आयोजित समाधान दिवस पर तहसीलदार और इंस्पेक्टर सन्तोष मिश्र फरियाद सुन रहे थे। इसी दौरान डीएम प्रेम रंजन सिंह और एसपी सोनम कुमार अचानक पहुंच गए तो अफरा तफरी मच गई। बाहर घूम रहे राजस्व कर्मी दौड़ते हुए पहुंचे। इस दौरान कोहरगड्डी निवासी विद्या यादव ने प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि गांव में आराजी नम्बर 17 नई परती की भूमि है जबकि उसका आराजी नम्बर सोलह में उसका साढ़े आठ बीघा खेत का चक है। गांव के कुछ लोग पुरानी रंजिश की खुन्नस लेकर जबरदस्ती बगल में स्थित बंजर भूमि पर घरों का पानी नहीं गिरा रहे हैं। बल्कि मनबढ़ई करके उसके खेत में पानी गिरा रहे है। जिसकी शिकायत वह तहसील प्रशासन से लेकर पुलिस से किया लेकिन इंसाफ नहीं मिला। जिस पर डीएम चौंक गए। उन्होंने तत्काल तहसीलदार और कानूनगो से इस मामले की जानकारी मांगी तो सही ढंग से नहीं बता सके। जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त किया। डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि नई परती भूमि पर एक सप्ताह के भीतर अमृत सरोवर योजना से खुदाई कराकर तालाब के रूप में तब्दील कराए। जिससे विवाद का पटाक्षेप हो सके। उन्होंने कहा कि अगर दी गई मोहलत में आदेश का पालन नहीं हुआ तो जिम्मेदार कर्मियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि रात्रि में रुककर समाधान होना चाहिए। साथ में पुलिस से जबरदस्ती पानी गिराने वालों को समझाने की बात कही।

अखिल भारतीय कल्याण दुसाध परिषद मण्डल अध्यक्ष लाल चन्द्र दुसाध ने शिकायत किया कि शासनादेश और साक्ष्य प्रस्तुत करने के बावजूद जिले में उनके समाज के लोगों का अनुसूचित प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है। राजस्व कर्मियों द्वारा आधार के उल्लेख बगैर निरस्त कर दिया जा रहा है। इस पर डीएम ने उन्हें कमिश्नर कोर्ट जाने की बात कही। इसी तरह सिकरी निवासी शीला देवी ने आरोप लगाया कि हल्का लेखपाल भूमि विवाद का निस्तारण नहीं करा रहे हैं। जब डीएम ने लेखपाल और कानूनगो को तलब किया तो तहसीलदार ने बताया कि उक्त कर्मी बूथ चेकिंग में गए हुए हैं। इस दौरान कुल पांच मामले पेश हुए। निस्तारण नहीं हो सका। मामले का समाधान कराने के लिए टीम गठित कर रवाना की गई। जिले के दोनों शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि भूमि विवाद मामले में लापरवाही मत बरतें। इस मौके पर इंस्पेक्टर सन्तोष मिश्र, बृज लाल यादव, हेडकांस्टेबल मो. आरिफ खान, एसआई दरन राय मौजूद रहे।



महुली थाने पर थाना समाधान दिवस पर शिकायतों की सुनवाई करते डीएम प्रेम रंजन सिंह व एसपी सोनम कुमार। • हिन्दुस्तान



शनिवार को मेंहदावल थाने पर शिकायतों की सुनवाई करती नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी। • हिन्दुस्तान

## समाधान दिवस में पेश हुए 5 मामले, एक का निस्तारण

मेंहदावल। मेंहदावल थाने पर शनिवार को नायब तहसीलदार प्रियंका तिवारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस हुआ। इस दौरान पांच लोगों ने शिकायत दर्ज करवाई। एक मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। राजस्व से जुड़े चार मामलों का निस्तारण नहीं हो पाया। नायब तहसीलदार ने कहा कि समाधान दिवस की मंशा के अनुरूप सभी मामलों के निस्तारण पर पर विशेष ध्यान दें। शासन द्वारा नियमित इसकी मानीटरिंग की जाती है।

## तय समयसीमा में मामले निस्तारित करें

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिले के थानों पर अफसरों के देखरेख में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिले के सभी थाना पर कुल 43 मामले पहुंचे। जो मामले नहीं निस्तारित हुए उनके निस्तारण तय समय सीमा में किया जाए।

डीएम प्रेमरंजन सिंह व एएसपी सोनम कुमार ने संयुक्त रुप से थाना समाधान दिवस पर थाना महुली पर पहुंचकर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना। वहां मौजूद संबंधित राजस्व व पुलिस विभाग के अफसरों को मौके पर जाकर शिकायतों के शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस पर थाना कोतवाली खलीलाबाद में पहुंचे सात मामलों में एक का निस्तारण हुआ। इसके अलावा थाना दुधारा पर पहुंचे चार मामले में एक निस्तारित, थाना धनघटा 11, थाना महुली 05, थाना मेंहदावल पर पहुंचे पांच मामले में एक का निस्तारण व थाना बखिरा 04, थाना बेलहरकला 05, थाना धर्मसिंहवा पर दो मामले समाधान दिवस पर प्रस्तुत हुए।

# यातायात नियम तोड़ने वालों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान नियम का उल्लंघन करने वालों से जुर्माना भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गहनता से जांच किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने 78 वाहन चालकों से एक लाख 34 हजार 500रुपए जुर्माना वसूल किया।

# दलित किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी घर से एक सप्ताह पूर्व बाजार के लिए निकली थी। जिसे गांव के एक युवक ने अगवा कर लिया। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने मामले मे आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर मे किशोरी की मां ने कहा कि उसकी 13 साल की बेटी बीते 19 नवम्बर को शाम पांच बजे घर से बाजार के लिए निकली थी।

# मारपीट के मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के पचेठी निवासी एक व्यक्ति ने गांव के कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। घटना का कारण विवादित जमीन में जबरिया निर्माण कराना है। पुलिस ने वादी की शिकायत पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मो. इशहाक का आरोप है कि गांव में जमीन का विवाद है, जिसमें बंटवारे का मुकदमा उपजिलाधिकारी ख़लीलाबाद के कोर्ट में विचाराधीन है।

# पुष्टाहार उत्पादन इकाई के बारे में ली जानकारी

- धनघटा के सुरैना में स्थित है प्रेरणा लघु उद्योग इकाई
- जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पुष्टाहार का किया निरीक्षण

हैंसर, हिन्दुस्तान संवाद। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने पुष्टाहार उत्पादन इकाई कबीर प्रेरणा लघु उद्योग सुरैना का निरीक्षण किया। उपायुक्त स्वतः रोजगार ने जिलाधिकारी को स्वंय सहायता समूह द्वारा संचालित पूरे प्लांट का निरीक्षण कराते हुए उत्पादन प्रक्रिया आदि के बारे में विधिवत बताया।

डीएम ने उपस्थित समूह की महिलाओं से विभिन्न खाद्य पदार्थों की मिक्सिग, पैकिंग, रोस्टिंग आदि को देखते हुए उत्पादन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बेहतर करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। कबीर प्रेरणा लघु उद्योग स्वंय सहायता समूह की प्रशिक्षित महिलाओं के द्वारा इस इकाई का संचालन किया जा रहा है। डीएम ने महिला सदस्यों को समय से कार्य पूरा करने, उत्पादन बढ़ा कर अधिक लाभ कमाने के लिए उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार जीशन रिजवी, खण्ड विकास अधिकारी हैंसर बाजार, सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

# चिकित्सक पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए की फरियाद

**जासं, संतकबीर नगर :** जनपद के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात नर्स ने एक चिकित्सक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए एसपी से गुहार लगाई है। आरोप है कि चिकित्सक ने बदनीयती से कमरे में घुसकर नर्स के साथ अश्लील हरकत किया।

पत्र में लिखा है कि उनकी मां पीएचसी पर स्टाफ नर्स के पद पर तैनात है। वह उसी केंद्र पर नर्स तैनात है। मां के नाम अस्पताल परिसर में आवंटित कमरे में वह रहती है। 23 नवंबर को वह घर पर अकेले थी। अस्पताल के चिकित्सक बदनीयती से उसके आवास में घुस आए। चिकित्सक ने अश्लील हरकत आरंभ करने पर उन्होंने शोर मचाया तो वह गाली देते हुए नौकरी से निकलवा देने की धमकी दी।

# 43 मामलों में तीन का निस्तारण

## एक सप्ताह में आदेश का पालन नहीं हुआ तो होगी करवाई

**जागरण टीम, संतकबीर नगर :** जिले के सभी आठ थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे जनपद में कुल 43 मामले सामने आए। इनमें से मात्र तीन समस्याओं का समाधान हुआ। जबकि 40 मामले अनिस्तारित रह गए। इनके निस्तारण के लिए टीमों का गठन कर दिया गया तथा समयबद्ध निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

महुली थाने पर समाधान दिवस डीएम प्रेम रंजन सिंह तथा एसपी सोनम कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस दौरान कोहरगड्डी गांव में जबरदस्ती खेत में पानी गिराने की शिकायत पर डीएम गंभीर हो गए। उन्होंने तत्काल तहसीलदार से नई परती भूमि को अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब के रूप में तब्दील कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर एक सप्ताह में आदेश का पालन नहीं हुआ तो जिम्मेदार कर्मियों पर करवाई होगी। सिकरी निवासी शीला देवी ने आरोप लगाया कि हल्का लेखपाल भूमि विवाद का निस्तारण नहीं करा रहे है। जब डीएम ने लेखपाल और कानूनगो को तलब किया तो तहसीलदार ने बताया कि उक्त कर्मी बूथों की जांच में गए हुए हैं। इसी तरह धनघटा थाने पर एसडीएम डा. रविंद्र कुमार व सीओ रामप्रकाश की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 11 मामले आए लेकिन एक का भी निस्तारण नहीं हो सका।

**पांच थानों में शून्य निस्तारण :** थाना समाधान दिवस पर जिले के आठ थानों में से पांच में निस्तारण की स्थिति शून्य रही। इनमें धनघटा में 11, महुली में पांच, बखिरा में चार, बेलहर में पांच और धर्मसिंहा में दो मामलों में से किसी का निस्तारण नहीं हुआ। जबकि तीन थानों में कोतवाली खलीलाबाद, दुधारा व मेंहदावल में एक-एक मामले का निस्तारण किया गया।



महुली थाने में थाना समाधान दिवस पर सुनवाई करते डीएम प्रेम रंजन सिंह और एसपी सोनम कुमार • जागरण

### गुणवत्तायुक्त पोषाहार तैयार करें महिलाएं : डीएम

जागरण संवाददाता, धनघटा, संतकबीर नगर : जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने धनघटा तहसील क्षेत्र के सुरैना स्थित कबीर प्रेरणा महिला लघु उद्योग केंद्र का शनिवार को निरीक्षण किया। वहां पर मौजूद महिलाओं से उन्होंने पोषाहार के गुणवत्ता की जानकारी ली और कहा कि सभी महिलाएं गुणवत्तायुक्त पोषाहार बनाएं। मौके पर मौजूद उपायुक्त स्वरोजगार जीशान रिजवी, एडीओ अशोक कुमार से गुणवत्ता के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि यहां तैयार पोषाहार धात्री व गर्भवती महिला को पौष्टिक आहार के रूप में वितरित किया जाता है। इसकी गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए जिससे उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे। इसको ध्यान में रखकर पोषाहार को बनाया जाए। डीएम के साथ एसपी सोनम कुमार ने भी लोगों को इसके लिए जागरूक किया। मौके पर बीडीओ महावीर प्रसाद, संस्था की अध्यक्ष विभा यादव, मीना, कनीज, हरिशंकर सहित कई लोग मौजूद रहे।

## गूंगी बालिका समेत तीन बच्चों को पिता से मिलाया

संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र में चल रही पीआरवी टीम के जवानों ने गूंगी बालिका समेत तीन बच्चों को उनके पिता से मिलवाया। पिता को पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पिता ने बताया कि वह बच्चों को उनकी मां के साथ छोड़कर गया था, लेकिन वह नाराज होकर कहीं चली गयी। खलीलाबाद के मेंहदावल बाईपास पर तीन नाबालिग बच्चों को रोते देखकर लोगों ने उनसे बात की। बच्चों को रोते बिलखते देखकर मुहल्ले के लोगों ने पीआरवी टीम को सूचना दी। इस दौरान पीआरवी टीम के कांस्टेबल विजय पासवान तथा चालक दिलीप चौधरी पहुंच गए। उन्होंने लोगों के सहयोग से बच्चों के स्वजन को ढूंढना शुरू किया। इसी दौरान एक व्यक्ति एक बच्चे को गोद में लेकर बदहवास होकर घूमता दिखाई दिया।

# समाधान दिवस : 43 मामले आए, निस्तारित हुए सिर्फ तीन

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जिले के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान 43 मामले आए। मात्र तीन का ही निस्तारण हो सका। महुली में डीएम और एसपी ने समस्याएं सुनीं। एक भी मामले को निस्तारित नहीं करा पाए।

धनघटा प्रतिनिधि के अनुसार महुली में आयोजित समाधान दिवस पर डीएम प्रेम रंजन सिंह ने कहा कि हर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए। समय सीमा के अंतर्गत उनका निस्तारण करें ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े।

## महुली में थाना दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी समस्या

डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता की जांच अब फरियादियों के मोबाइल फोन पर बात कर की जाएगी। यदि निस्तारण में लापरवाही मिली तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पांच मामले आए और एक का भी निस्तारण नहीं हुआ। कोतवाली खलीलाबाद में सात मामले आए।

एक का निस्तारण हुआ। दुधारा में चार मामले आए और एक निस्तारण, धनघटा में 11 मामले आए, निस्तारण शून्य, मेंहदावल में पांच, निस्तारण एक, बखिरा में चार निस्तारण, शून्य, बेलहर में पांच, निस्तारण शून्य और धर्मसिंहवा में दो मामले आए और एक का भी निस्तारण नहीं हो सका।

# दंपती समेत तीन पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

बखिरा। नगर पंचायत बखिरा स्थित मेडरापार में मामूली विवाद में कुछ लोगों ने महिला की पिटाई कर दी। ऐसा आरोप लगाते हुए पीड़ित महिला ने शनिवार को पुलिस को तहरीर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दंपती और उसके बेटे पर केस दर्ज किया। पीड़ित कुंती देवी का आरोप है कि गांव निवासी मृत्युंजय ने पत्नी व बेटे के साथ मिलकर उसे अपशब्द कहा। विरोध करने पर लाठी डंडे से मारापीटा। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि ने मृत्युंजय और उनकी पत्नी अंजनी व बेटे आलोक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# डीएम ने महिलाओं से पुष्टाहार तैयार करने की जानकारी ली

## कबीर प्रेरणा महिला लघु उद्योग केंद्र का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। विकास खंड हैसर बाजार के सुरैना में स्वयं सहायता समूह की ओर से संचालित कबीर प्रेरणा महिला लघु उद्योग केंद्र का शनिवार को डीएम प्रेम रंजन सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से पुष्टाहार तैयार करने की जानकारी ली।

धनघटा थाने में आयोजित समाधान दिवस में भाग लेने जा रहे डीएम प्रेम रंजन सिंह और एसपी सोनम कुमार का काफिला धनघटा चौक से पहले सुरैना गांव की तरफ मुड़ गया। सुरैना में ग्राम प्रधान अमरनाथ यादव के मकान में स्वयं सहायता समूह की ओर से संचालित कबीर प्रेरणा लघु उद्योग केंद्र पर पहुंचकर डीएम ने वहां पर तैयार किए जा रहे पुष्टाहार का निरीक्षण किया।

स्वयं सहायता समूह के लोगों से उत्पादन के संबंध में जानकारी ली। एडीओ आईएसबी अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि केंद्र पर विकास खंड हैसर बाजार और पौली में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए धात्री महिलाओं और तीन से छह साल के बच्चों के लिए पुष्टाहार तैयार किया जाता है।



विकास खंड हैसर बाजार के सुरैना स्थित कबीर प्रेरणा महिला लघु उद्योग केंद्र का शनिवार को निरीक्षण करते डीएम और एसपी। संवाद

पुष्टाहार का उत्पादन करने में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कार्य कर रही हैं। इस मौके पर उपायुक्त स्वरोजगार जीशान रिजवी, खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह, ग्राम प्रधान अमरनाथ यादव, विभा यादव, मीना आदि लोग मौजूद रहे।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-11-2022

# अपहरण के दोषी को तीन वर्ष की सजा

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार ने अपहरण आरोपी को तीन वर्ष की कैद की सजा सुनाई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार पाठक के अनुसार थाना इटियाथोक अंतर्गत ग्राम सिरहना सोनापार निवासी पुत्तूलाल के विरुद्ध लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज हुआ था। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को अपहरण करने के अंतर्गत दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कठोर कारावास व पांच रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव से नाबालिग को बहकाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी राजू सिंह उर्फ बल्ले है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने कोतवाली देहात क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। लड़की की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# रेप का वीडियो बनाने वाला गिरफ्तार

वजीरगंज। डुमरियाडीह चौकी क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी को दो युवकों ने नलकूप के पास एक कमरे में ले जाकररेप किया था और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल किया था। मुकदमा लिखने के बाद पुलिस दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के फिराक में जुटी हुई थी। आखिरकार पुलिस को एक को पकड़ने में सफलता मिली है।

डुमरियाडीह चौकी इंचार्ज गोपाल सिंह ने मय फोर्स के साथ वीडियो बनाने वाले आरोपी सद्दाम को दबोच लिया है। एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रेप करने वाला आरोपी युवक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। दबिश दी जा दी जा रही है।

# अफसरों व कर्मियों ने संविधान रक्षा की ली शपथ

गोण्डा, संवाददाता। संविधान दिवस पर डीएम डॉ उज्ज्वल कुमार ने कलेक्ट्रेट के अधिकारियों व कर्मचारियों को देश की एकता व अखण्डता बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एडीएम सुरेश कुमार सोनी, सीआरओ जयनाथ यादव, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी रहे।

दूसरी तरफ जनपद न्यायाधीश पूजा सिंह ने देश के संविधान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण रहे।

वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को सामूहिक रूप से संविधान की शपथ दिलाई। आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों को संविधान की रक्षा एवं देश की अखंडता की शपथ दिलायी गई।

**रुपईडीह में एकता व अखंडता का पाठ पढ़ाया :** संविधान दिवस पर शनिवार को कौड़िया थाने पर थानाध्यक्ष विद्यासागर पांडे के नेतृत्व में सभी पुलिसकर्मियों, राजस्व कर्मचारियों को संविधान का पाठ पढ़ाते हुए भारत के एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। इसमें उपनिरीक्षक सत्येंद्र यादव, हेडमोहर्रि राजदेव यादव, संतोष शर्मा, आदित्य राय, अयोध्या प्रजापति ,संध्या, हिमांशु शुक्ला, मानवेंद्र पांडे, स्वयत यादव, रूपेश कुमार रहे।

## संविधान जागरुकता का बताया महत्व

गोण्डा। संविधान दिवस पर शनिवार को एलबीएस में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त गिरीश नारायण पांडेय ने 'संविधान कथा : प्रणयन, प्रयोग और आवश्यकताओं पर विचार व्यक्त किया। सीडीओ गौरव कुमार ने संविधान की उद्देशिका पर कहा कि यह प्रत्येक नागरिक के प्रति सामाजिक-आर्थिक न्याय की प्रतिबद्धता से जुड़ा हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि संविधान दर्शनीय और सेल्फी प्वाइंट के रूप में स्मारक अच्छी पहल है। इस दौरान उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, गिरीश नारायण पांडे, प्रो.वंदना सारस्वत रहीं।

वहीं शनिवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कंपोजिट स्कूल सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में संविधान दिवस मनाया गया। शिक्षकों ने बच्चों को संविधान की प्रस्तावना, बाल अधिकार, मूल अधिकार, मूल कर्तव्य आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर बलजीत सिंह कनौजिया, राम अनुज, शताब्दी वर्मा, अमर ज्योति शर्मा, पूनम यादव रहीं।

**निकाली गई तिरंगा यात्रा :** संविधान दिवस पर सीडीओ गौरव कुमार की अध्यक्षता में गुरुनानक चौराहे से लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में कई लोग शामिल रहे।

# राजस्व विभाग के तीस मामले आए

**समाधान दिवस**

वजीरगंज, संवाददाता। माह के चौथे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार डॉ. पुष्कर मिश्रा व एसओ चंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

समाधान दिवस में राजस्व विभाग के तीस व पुलिस विभाग से संबंधित गुमशुदगी का एक मामला आया। मौके पर मौजूद कानूनगो व संबंधित लेखपाल को राजस्व के मामलों को जल्द निस्तारित करने के लिए कहा गया है। इस दौरान डुमरियाडीह चौकी इंचार्ज गोपाल सिंह, एसएसआई राम भवन पासवान, उप निरीक्षक आशीष कुमार व लेखपाल मौजूद रहे।

**दो शिकायतों का निस्तारण किया गया :** कौड़िया थाना पर आयोजित समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांव से 11 शिकायत पत्र मिले जिसमें में दो शिकायत पत्रो का निस्तारण किया गया। नौ शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की टीम गठन कर सभी को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष कौडिया विद्यासागर पांडे ने बताया कि समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांव के नौ राजस्व व दो पुलिस से सम्बंधित शिकायती पत्र मिले। इसमें उपनिरीक्षक सत्येंद्र यादव, संतोष शर्मा, राजदेव यादव, आदित्य राय रहे।

**आधा दर्जन मामलों के निस्तारण लिए टीम गठित :** धानेपुर थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 8 मामले आए थे जिसमें दो का निस्तारण किया गया है। समाधान दिवस में सीओ सदर शिल्पा वर्मा व नायब तहसीलदार नेहा राजवंशी ने पहुंचकर आने वाले फरियादियों की समस्याएं सुनी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का मातहतों को निर्देश दिया ।

# एजेंसी प्रबंधक सहित तीन पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**कार्रवाई**

पत्सपुर, मंडाइडला। लॉकडाउन के दौरान किस्तों की अदायगी न होने पर एजेन्सी प्रबंधक सहित अन्य दो लोगों पर अयोध्या ले जाकर क्रेता से बाईक छीनने का आरोप लगा है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ढाई साल बाद अधिकृत विक्रेता के मैनेजर सहित तीन लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने अब मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रकरण में ग्राम पुरैना के हिम्मतपुरवा निवासी पीड़ित भड़कू सिंह ने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर कहा है कि उसने अधिकृत विक्रेता के मैनेजर के समक्ष डाउन पेमेंट पर प्लेटिना बाईक ली थी। उसके बाद मैनेजर ने बिक्री प्रपत्र देते हुए उसकी किस्त बांध दी। क्रेता ने कुछ रुपये किस्तों में जमा किया। फिर वर्ष 2019 में लॉकडाउन लगने से किस्त जमा नहीं हो पाई। फाईनेंसर और दो अन्य बाईक पर बकाया का हवाला देते हुए उसके घर पहुंचे और अयोध्या चलकर मसला हल कर लेने की बात कही। उसे अयोध्या ले जाकर कुछ कागजात पर हस्ताक्षर बनवाकर बाईक छीन लिया।

पीड़ित का कहना कि उसने थाना सहित पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन मामले का निस्तारण नहीं हुआ। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सरोज ने बताया कि मैनेजर राजेश कुमार, इनायत नगर अयोध्या निवासी सुधाकर पाण्डेय, फाईनेंस कम्पनी के कमिश्नरेट लखनऊ के प्रबंधक पर धमकी दिए जाने, धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि मामले की गहराई से जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी से हो सकते हैं बड़े खुलासे

गोंडा, विधि संवाददाता। भूमि घोटाले के मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी से बड़े खुलासे हो सकते हैं। जिसमें वकील, अधिकारी, कर्मचारी और सफेदपोश जांच के दायरे में आ सकते हैं।

रजिस्ट्री दफ्तर में हुए भूमि घोटाले का मुख्य आरोपी बृजेश कुमार अवस्थी की गिरफ्तारी से पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लग सकते हैं। सूत्रों के अनुसार भूमि घोटाले में कचहरी के कई वकील, तहसील के कर्मचारी व कुछ अधिकारियों के ऊपर जांच की तलवार लटक रही है। इस मामले की जांच कर रही एसआईटी कभी भी तहसील पहुंच कर मामले से जुड़े अभिलेखों की जांच कर सकती है। बताया जा रहा है कि फर्जी भूमि घोटाले का एक बहुत बड़ा रैकेट सक्रिय रहकर फर्जीवाड़े लिप्त रहा है।

**चारों तहसीलों में खुल सकती है घोटाले की कलई :** सूत्रों के अनुसार यदि निष्पक्ष जांच हुई तो भूमि घोटाले की आंच जिले की चारों तहसील में देखने को मिलेगी क्योंकि इससे जुड़े रैकेट जिले से लेकर गैर जनपदों में भी सक्रिय बताए जा रहे हैं।

# कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा

परसपुर, संवाददाता। कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला का आरोप है कि दबंग एक केस के मामले में सुलह का दबाव बनाते हुए घर पर चढ़ आये और उसकी पिटाई कर दी जिससे उसका गर्भपात हो गया। यही नहीं दबंगों ने उसे तेजाब डालकर बर्बाद कर देने की धमकी भी दी।

थाना क्षेत्र के पसका पंडित पुरवा निवासिनी राजरानी की ओर से कोर्ट में अर्जी दाखिल कर कहा गया है कि बारह अगस्त को तीन आरोपी एकजुट होकर उसके घर पहुंचे। केस में सुलह का दबाव बनाने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो दबंगों ने लात, घूंसा, मूका थप्पड़ो से उसे पीटना शुरू कर दिया। आरोपियों ने पैर से उसके पेट पर भी कई वार किए। जिससे उसके पेट में बराबर दर्द बना रहा। कुछ दिनों बाद असमय उसका गर्भपात हो गया। इंस्पेक्टर संतोष कुमार सरोज ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आशीष कुमार मिश्रा, अतुल कुमार मिश्रा व संतोष मिश्रा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है, पुलिस जांच कर रही है।

# पूर्व प्रधान समेत दो ने किया आत्मसमर्पण

**संवादसूत्र, कटराबाजार (गोंडा) :** जानलेवा हमले में फरार चल रहे आरोपित पूर्व प्रधान लक्ष्मण सिंह व चंद्र पाल सिंह ने न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। हमले में सात आरोपितों के खिलाफ न्यायालय ने कुर्की के आदेश दिए थे।

गौरिया गांव के रहने वाले पवन सिंह पर हमला हुआ था। पीड़ित ने लक्ष्मण सिंह सहित 12 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा कराया था। कुछ दिन बाद नामजद आरोपितों में से पांच ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। अन्य फरार चल रहे थे। अपराध शाखा के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश यादव ने बताया कि गौरिया गांव निवासी लक्ष्मण सिंह व चंद्र पाल सिंह ने न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया है। शिवम सिंह, शुभम सिंह, रणविजय सिंह, सतेन्द्र सिंह व अंकित सिंह फरार चल रहे हैं। न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय ने लक्ष्मण सिंह व चंद्र पाल सिंह को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने बताया कि लक्ष्मण सिंह व चंद्र पाल सिंह ने न्यायलय में आत्मसमर्पण किया है। अन्य आरोपितों के खिलाफ न्यायलय में हाजिर न होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए टीम गठित की जा रही है।

# क्रय केंद्र से धान गायब प्रभारी पर मुकदमा दर्ज

## जांच में 316 बोरियां नहीं मिलीं

**संसू, वजीरगंज (गोंडा) :** वजीरगंज के सहकारी समिति परसिया में संचालित क्रय केंद्र से 316 बोरी धान गायब होने का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश को-आपरेटिव यूनियन लिमिटेड (यूपीपीसीयू) के जिला प्रबंधक जितेंद्र कुमार वर्मा की तहरीर पर धान क्रय केंद्र प्रभारी सुधीर कुमार तिवारी के खिलाफ गबन सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है।

जिला प्रबंधक पीसीयू जितेंद्र कुमार वर्मा ने दी गई तहरीर में कहा कि गत 23 नवंबर को धान क्रय केंद्र सहकारी समिति लिमिटेड परसिया का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के समय केंद्र पर अभिलेखों के अनुसार कुल 1599.60 क्विंटल धान की खरीद हुई। इसके सापेक्ष 320 क्विंटल धान संबद्ध चावल मिलों को भेजा दिया गया है। ऐसे में केंद्र पर 698 बोरी धान होना चाहिए था लेकिन, निरीक्षण के दौरान केंद्र पर 382 बोरी धान ही पाया गया। रजिस्टर में अंकित स्टाक के अनुसार 316 बोरी (126.4 क्विंटल) कम पाया गया। आरोप है कि केंद्र प्रभारी सुधीर कुमार तिवारी ने 316 बोरी धान का गबन का लिया है। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर केंद्र प्रभारी के खिलाफ गबन का मुकदमा किया गया है।



महराजगंज बाजार स्थित दुकान पर कृषि रक्षा रसायन की जांच करते कृषि अधिकारी जेपी यादव ● जागरण

**रेट बोर्ड न रजिस्टर, मनमानी से चल रही दुकान:** डीएम डा. उज्ज्वल कुमार के निर्देश पर अधिकारियों ने तहसीलवार दुकानों का औचक निरीक्षण किया। उप निदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर ने गोंडा सदर व कर्नलगंज, जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव ने तरबगंज व मनकापुर तहसील की दुकानों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि 22 दुकानों पर छापेमारी करके सात नमूने लिए गए। महराजगंज व तरबगंज थाना चौराहे पर रेट बोर्ड, स्टाक बोर्ड व वितरण पंजिका न मिलने पर दुकानदार राजेश शुक्ल व दीपक मिश्र को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। एक सप्ताह में जवाब न मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो प्रसारित करने का आरोपित गिरफ्तार

# पीड़ितों का टूट रहा अरमान, समस्याओं का नहीं होता निदान

**संसू, गोंडा :** देहात कोतवाली के खोरहंसा के रहने वाले कलीम अपनी फरियाद लेकर समाधान दिवस पर एक बार फिर पहुंचे। कलीम की पीड़ा है कि गत एक वर्ष से उनका भूमि विवाद चल रहा है। वह थाना से लेकर तहसील तक दौड़ लगा रहे हैं लेकिन, उनकी समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। पिलखांवा के उमाशंकर का कहना है कि गत चार माह से विपक्षी से उसका पेड़ काटने व उसे ले जाने को लेकर विवाद चल रहा है। इसकी शिकायत उसने कोतवाली में की लेकिन, चार माह बाद भी निस्तारण नहीं हो सका। वह अपनी समस्या के निस्तारण कराने के लिए देहात कोतवाली के समाधान दिवस में फिर आया है। हरखापुर की खुशबू का जमीन विवाद गत चार वर्ष से चल रहा है। आए दिन विपक्षी उसके खेत पर कब्जा कर लेते हैं। इसकी शिकायत कई बार की गई लेकिन, स्थाई निदान नहीं हो सका। ठकुरापुर के राम प्रताप का रास्ता विवाद व प्रेम शंकर के भूमि विवाद का निस्तारण चार माह बाद भी नहीं किया सका।



वजीरगंज थाने मे शिकायत सुनते तहसीलदार तरबगंज डा. पुष्कर मिश्र ● जागरण

ये कुछ मामले बानगी भर हैं। नगर कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता के साथ प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने जन सुनवाई की। विवादों के निस्तारण के निर्देश दिए। जिले भर के थानों में आयोजित समाधान दिवस में कुल 179 समस्याएं आईं। इनमें से 21 समस्याओं का निस्तारण मौके पर किया गया। वजीरगंज में तहसीलदार तरबगंज डा. पुष्कर मिश्र ने समस्याएं सुनीं। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि समाधान दिवस में राजस्व के 11 व पुलिस से संबंधित एक शिकायत आई थी। नवाबगंज में उपजिलाधिकारी तरबगंज शत्रुघ्न पाठक ने कहा समाधान दिवस में कुल 17 शिकायतें आईं। इसमें से 16 राजस्व से व एक मामला पुलिस विभाग से संबंधित है। दो शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर का कहना है कि समस्याओं के निस्तारण लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) :** पसका के पंडित पुरवा गांव की रहने वाली राजरानी मिश्र ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा कि गांव के दबंग से उसका मुकदमा चल रहा है। मुकदमे में सुलह लगाने के लिए आरोपित दबाव बना रहे थे। ऐसा न करने पर बीते 12 अगस्त को दबंग घर में घुस आए। उसकी पिटाई की। इससे उसका गर्भपात हो गया। आरोपित तेजाब डालकर मार डालने की धमकी दे रहे हैं।

उधर पुरैना के हिमांचल पुरवा गांव के रहने वाले बडकू सिंह ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उसने बाइक का फाइनेंस कराया था। 12,420 रुपया जमा करना था। अयोध्या में उसे ले गए। जहां बाइक छीनकर उससे सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर पसका के पंडित पुरवा गांव के आशीष कुमार मिश्र, अतुल मिश्र व ध्रुव मिश्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं पुरैना गांव के रहने वाले बडकू सिंह की बाइक छीनने वाले वैभव ट्रेडर्स परसपुर के राजेश कुमार, इनायत नगर अयोध्या के रहने वाले सुधाकर पांडेय व बजाज आटो फाइनेंस लखनऊ के प्रबंधक समेत छह लोगों पर मुकदमा लिखा गया है।


लखनऊ नगर
टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ-
ई-टेण्डर पोर्टल – https://eten

पत्र सं0–186/मु.अ./22–23

अल्पकालिक निविदा सू

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू0 में) |
| --- | --- | --- |

# तीन के खिलाफ छिनैती का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

परसपुर (गोंडा)। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के ग्राम पुरैना हिमाचल पुरवा निवासी बड़कू सिंह ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि किस्त पर बाइक खरीदी। बाइक का 15 हजार डाउन पेमेंट के बाद 3105 रुपये प्रतिमाह की 23 किस्त का का भुगतान करना था। कंपनी मैनेजर ने 15 हजार नकद लेकर 7 जून 2019 को सेल लेटर व बाइक दे दी। उसने लगातार कई किस्तें अदा की। आरोप है कि 6 फरवरी 2022 को सुधाकर पांडेय व दो अन्य अज्ञात घर आए। तीनों ने कहा कि बकाया है अयोध्या ऑफिस चलकर सुलझा लें। वहां बाइक छीन कर सादे कागज पर हस्ताक्षर बनवा लिया।

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर राजेश कुमार, सुधाकर पांडेय, प्रबंधक ऑटो फाइनेंस कंपनी लिमिटेड लखनऊ के खिलाफ धोखाधड़ी, छिनैती व अमानत में खयानत का केस दर्ज किया गया है।

# केंद्र प्रभारी पर गबन का केस

## विशेष सचिव ने की कार्रवाई, 316 बोरी धान कहां गया, प्रभारी को पता नहीं

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। धान खरीद मामले में लापरवाही बरतने व निरीक्षण में स्टॉक कम मिलने पर शनिवार को क्रय केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई की गई। वजीरगंज साधन सहकारी समिति पर बने पीसीयू के केंद्र प्रभारी सुधीर कुमार तिवारी पर गबन का मुकदमा दर्ज कराया गया। साथ ही 15 अन्य क्रय केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस दी गई।

जिले के दौरे पर आए धान खरीद के नोडल अधिकारी व विशेष सचिव खाद्य एवं रसद अतुल सिंह के निरीक्षण में बड़ी खामियां सामने आई। वजीरगंज के साधन सहकारी समिति परसिया पर बने पीसीयू के क्रय केंद्र पर अभिलेखों के अनुसार 1599.60 क्विंटल धान की खरीद की गई थी। जिसमें 320 क्विंटल धान को कुटाई के लिए राइस मिल भेजना दर्शाया गया। जिसके अनुसार स्टाक में 698 बोरी धान होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान 382 बोरी धान ही पाया गया।

इस प्रकार 316 (126.40 क्विंटल) बोरी धान का पता नहीं चल सका।

पूछे जाने पर क्रय केंद्र प्रभारी की ओर से संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया गया। विशेष सचिव के निर्देश जिला प्रबंधक पीसीयू जितेंद्र कुमार वर्मा ने वजीरगंज थाने मे तहरीर देकर गबन का मुकदमा दर्ज कराया।

### 15 क्रय केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस

लक्ष्य के सापेक्ष खरीद न होने पर नाराजगी जताते हुए डिप्टी आरएमओ प्रज्ञा मिश्रा ने कम खरीद वाले केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

डिप्टी आरएमओ ने क्रय केंद्र पड़री कृपाल, छपिया, हलधरमऊ, इटियाथोक, मुजेहना, रुपईडीह, करनैलगंज मंडी, नबावगंज मंडी, वजीरगंज, बेलसर, मनकापुर, बभनजोत, गोंडा मंडी ए, गोंडा मंडी बी व पसरपुर के प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस देते हुए खरीद बढ़ाने की कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रत्येक केंद्र पर नियमानुसार प्रतिदिन कम से कम 300 क्विंटल धान की खरीद की जानी है। अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी ने रुपईडीह क्रय केंद्र खरीद शुरू न होने पर प्रभारी अमृतेश कुमार गुप्ता को कारण बताओ नोटिस दिया। जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने राइस मिल संचालकों के साथ बैठक कर धान खरीद की समीक्षा की। (संवाद)

# निरीक्षण में 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायब मिलीं

धानेपुर/मुजेहना (गोंडा)। बाल विकास परियोजना अधिकारी के निरीक्षण में 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाई गईं। सीडीपीओ ने इन सभी का मानदेय रोकते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है।

मुजेहना विकास खंड के माधवगंज, बनकसिया प्रथम एवं द्वितीय, दिनारा, राजापुर परसौरा एवं भवानीपुर के आंगनबाड़ी केंद्रों का सीडीपीओ अभिषेक दुबे ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इन केंद्रों पर मिली कमियों को दूर करने एवं केंद्रों पर बच्चों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया। (संवाद)

# समाधान दिवस में 179 शिकायतों में सिर्फ 21 का निपटारा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। समाधान दिवस पर थानों में जन शिकायतों की सुनवाई हुई। एएसपी ने शिवराज ने थाना कोतवाली नगर में आयोजित समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान शिकायतों में 179 में 21 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण हुआ।

अन्य मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस टीम गठित दी। तरबगंज थाना परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कुल 10 शिकायतें ही प्राप्त हुई। जिसमें से नौ शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित आईं, जबकि एक शिकायत पुलिस से संबंधित प्राप्त हुई। जिसका निस्तारण कर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक गांव की निवासिनी महिला का आरोप था कि उसकी नाबालिग बेटी को गांव की एक रिश्तेदारी में आया युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है। एसडीएम शत्रोहन पाठक, प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक आदि मौजूद रहे।



धानेपुर थाना में जनसमस्याएं सुनतीं नायब तहसीलदार व सीओ। -संवाद

# किशोरी के अपहरणकर्ता को तीन साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। किशोरी के अपहरण के मामले में दोषी को तीन साल कारावास की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित कुमार पाठक ने बताया कि इटियाथोक थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 17 मई 2019 को थाने में तहरीर देकर कहा कि नाबालिग बेटी बड़ी बहन के घर गई थी।

पुत्तूलाल उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की। इसके बाद आरोपी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने आरोपी पुत्तूलाल के खिलाफ अपराध का पुख्ता सबूत मिलने पर दोषसिद्ध किया।

अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय राजेश कुमार ने अभियुक्त पुत्तूलाल को बालिका के अपहरण के अपराध में तीन साल कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# फर्जी बैनामों के लिए घोटालेबाजों ने खोल लिया था अलग दफ्तर

## हर रजिस्ट्री की तैयार की जा रही नकली फाइल, अब तक दर्ज हुए 32 केस

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जिले में भूमि बैनामे का फर्जीवाड़ा बहुत संगठित तरीके से चल रहा है। इस बात का अंदाजा इसी से लग सकता है कि शातिरों ने बैनामे के अभिलेख तैयार करने के लिए एक फर्जी रजिस्ट्री दफ्तर तक खोल रखा था। यहीं से फर्जी अभिलेख तैयार होते थे और उन्हें रजिस्ट्री दफ्तर में शामिल करने का खेल चलता था।

जांच के दायरे में रजिस्ट्री दफ्तर तो पहले से ही है, इसके अलावा तहसील की भूमिका की भी अब पड़ताल होगी। साथ ही नगर पालिका कार्यालय भी जांच के दायरे में आ गया है।

बैनामा घोटाले में बिना बैनामे के ही जिल्द बदलकर अभिलेखों में हेराफेरी की गई। इस पूरे फर्जीवाड़े से पर्दा तब उठा जब जमीन के मालिकों ने बैनामा न किए जाने की जानकारी अधिकारियों को दी।

### घोटाले का मुख्य आरोपी जा चुका है जेल, 19 से अधिक पर आरोप

- क्राइम ब्रांच के साथ एसआईटी कर रही है जांच, नगर पालिका परिषद पर भी सवाल

### जांच में चौंकाने वाले तथ्य उजागर



बैनामा घोटाले की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पूर्व में हुई जांच रिपोर्ट में बैनामों से जुड़े अभिलेखों में हेराफेरी करने के साथ छेड़छाड़ भी की गई है। कई पन्ने फाड़े जाने की बात भी कही जा रही है। माना जा रहा है कि इस पूरे खेल में रजिस्ट्री दफ्तर के कर्मियों की मिलीभगत भी रही, जिसके चलते लिपिक अरविंद और अनुचर ननकू को निलंबित भी किया जा चुका है।

> फर्जी बैनामा मामले में सभी के केस दर्ज कराए जा रहे हैं, विवेचनाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है। एक आरोपी गिरफ्तार किया जा चुका है, अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम काम कर रही है। मामला गंभीर है, इसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।
>
> – उपेंद्र अग्रवाल, पुलिस उपमहानिरीक्षक

इसके बाद 32 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। वहीं 60 बैनामे जांच के दायरे में हैं। अभी कई और केस दर्ज होने की तैयारी हो रही है।

सदर के उपनिबंधक कार्यालय में ये खेल कई सालों से हो रहा था। पुलिस की ओर से दर्ज किए गए मुकदमों के अनुसार बिना बैनामा कराए ही अभिलेखों में हेराफेरी की गई और फर्जी अभिलेख दाखिल किए गए। इसी में एक मामला ऐसा हैं, जिसमें मृत्यु प्रमाण पत्र दाखिल किया गया है।

मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिका गोंडा से जारी होना बताया गया है। इसकी जांच के लिए बीते दिनों एसआईटी टीम ने नगर पालिका जाकर जांच की थी। उस समय अभिलेख की जानकारी नहीं हो सकी। अब नगर पालिका के लोगों की मिलीभगत की भी जांच होनी तय है। दर्ज हुए मुकदमों की जांच राज्य स्तरीय एसआईटी के साथ ही जिले की क्राइम ब्रांच की टीम भी कर रही है।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-11-2022

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को तुलसीपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तुलसीपुर के सीओ ने बताया कि वजीरडीह संझवल निवासी तिलकराम यादव पर दुष्कर्म का केस दर्ज था। उसकी तलाश की जा रही थी। उसे निरीक्षक विजय कुमार सिंह व कांस्टेबल विजय कुमार पाण्डेय ने शनिवार को पुरुषोत्तमपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है।

# दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस ने बलबा सहित अन्य धाराओं के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्त न्यायालय से गिरफ्तारी के लिए वांछित चल रहे थे। उप निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि कांस्टेबल संजय कुमार व राहुल गुप्ता के साथ चेकिंग अभियान के दौरान पिपरी निवासी मोहम्मद इजहार पुत्र मोहम्मद इस्लाम, चैन उर्फ अब्दुल कादिर पुत्र मोहम्मद हनीफ को गिरफ्तार किया है।

### सीवर लाइन बनाने के नाम पर जल निगम में शहर की गलियों में खोदी है सड़क

# डीएम ने दर्ज कराया केस, फिर भी जल निगम नहीं हुआ सचेत

बलरामपुर, संवाददाता। सीवर लाइन बनाने के नाम पर खोदी गई अधिकांश सड़कों को अभी तक दुरुस्त नहीं कराया गया। नगर के अधिकतर गलियों की सड़कें उजाड़ दी गई हैं। शहर वासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत पर डीएम ने गत दिनों कार्यदाई संस्था जल निगम के खिलाफ केस दर्ज कराया है, फिर भी विभाग सड़कों को दुरुस्त कराने में कोताही बरत रहा है। कुछ स्थानों पर सड़कों की मरम्मत शुरू तो हुई है लेकिन उसकी गति धीमी है।

सीवर लाइन बिछाने के लिए शहर की गलियों को खोद दिया गया है। जल निकासी के लिए पाइप डालने के लिए सड़कों की खोदाई कर दी गई। सड़क की खोदाई के बाद उसकी मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई। अक्टूबर माह में हुई भारी वर्षा से बची कुची सड़कें भी ध्वस्त हो गई। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के सिविल लाइन, नई बस्ती, चिकनी, नौशहरा व अलीजान पुरवा में सड़कों के नाम पर केवल कच्ची जमीन बची है। सिविल लाइन निवासी मनोज कुमार, महेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार व सतीश ने बताया कि सड़क में गड्ढे हैं। रात के समय अंधेरा होने पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। जरा सी चूक होने पर बाइक भी पलट जाती है। नगर के सभी 25 वार्डों में खुली नालियों से जलनिकासी होती है। सभी वार्डों में सीवर लाइन डालकर जलनिकासी की सुदृढ़ व्यवस्था की जा रही है, लेकिन कार्यदायी संस्था की सुस्त चाल के कारण अभी पाइप डालने का कार्य भी पूरा नहीं हो सका है। गोविंद बाग में 12 दिन पहले पाइप डालने के लिए गड्ढा खोदा गया था, जिसका मरम्मतीकरण अभी तक नहीं कराया गया है। मोहल्लावासी कलीम, शफीक आदि ने बताया कि छोटे बच्चों को गड्ढे में गिरने का खतरा बना हुआ है। बहराइच रोड से झारखंडी रेलवे स्टेशन को जाने वाली सड़क पूरी धंस गई है। ई-रिक्शा चालक भी स्टेशन जाने से कतराते हैं। देर रात ट्रेन से आने वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी होती है। चिकनी स्थित गन्ना दफ्तर के बगल से गोविंदबाग मोहल्ला को जाने वाली सड़क भी खोदाई करके छोड़ दी गई है। नगर पालिका परिषद का दावा है कि सड़क मरम्मत की जिम्मेदारी कार्यदाई संस्था को जाती है।



मोहल्ला चिकनी से गोविंद बाग जाने वाली सड़क जिसकी नही कराई गई मरम्मत

## जल निगम पर लापरवाही बरतने का दर्ज है केस

गत दिनों डीएम डा. महेंद्र कुमार के निर्देश पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने जल निगम पर लापरवाही बरतने का केस दर्ज कराया है। उसके बाद काम तो शुरू हुआ लेकिन उसकी गति काफी धीमी है। लोगों की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही है। जल निगम के अधिशासी अभियंता ने बताया कि मरम्मत कार्य शुरू करा दिया गया है। अधिकांश स्थानों पर सड़क मरम्मत का काम पूरा हो चुका है। कुछ ही दिनों में समस्या का निस्तारण हो जाएगा। इसका पूरा प्रयास विभाग कर रहा है।

**नहीं कोई सुनवाई :** झारखंडी रेलवे स्टेशन निवासी राजेंद्र गुप्त व सुजीत सिंह ने बताया कि चार माह से सड़क ऐसी है। जल निगम अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पाइप डालने के बाद मिट्टी की भराई बिना कुटाई के कर दी गई। बारिश होते ही सड़क जगह-जगह धंस गई है। सराय के यूसुफ ने बताया कि सड़क की खोदाई करके काम बंद कर दिया गया है।

# संविधान दिवसः पुलिस कर्मियों ने कर्तव्य पालन की शपथ ली

बलरामपुर, संवाददाता। जिले के सभी विभागों में कर्मचारियों को संविधान दिवस पर शपथ दिलाई गई। एसपी कार्यालय में एसपी राजेश सक्सेना ने पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई। संविधान में वर्णित मूल कर्तव्य को पालन करने के लिए अवगत कराया।

इस अवसर पर सीओ राधा रमण सिंह, दरवेश कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे। रिजर्व पुलिस लाइन में सीओ कुंवर प्रभात सिंह व सीओ यातायात ज्योति श्री ने कर्मचारियों को शपथ दिलाया। कहा कि संविधान का पालन करना सभी का कर्तव्य है। सभी लोग संविधान का पालन करें। तहसील सभागार में तहसीलदार अवधेश कुमार ने राजस्व कर्मचारियों को संविधान दिवस पर शपथ दिलाई। तहसीलदार ने कहा कि संविधान का पालन करना हमारा कर्तव्य है। कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम ओम प्रकाश की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी, पंथनिरपेक्ष व लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए संकल्प दिलाया गया। सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने की भी शपथ दिलाई गई। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में शासकीय अधिवक्ता अम्बिकेश्वर मिश्र ने लोगों को शपथ दिलाई। एमएलके पीजी कॉलेज में प्राचार्य जेपी पाण्डेय ने सभी को संविधान के अनुरूप चलने की सलाह दी।

सीएचसी श्रीदत्तगंज में अधीक्षक डा. विकल्प मिश्र ने कर्मियों को शपथ दिलाकर विधिवत चर्चा की।



एसपी कार्यालय में संविधान दिवस में शनिवार को शपथ लेते पुलिस कर्मी।

# डीएम की मौजूदगी में भूमि विवाद निपटा

## समाधान दिवस

- काफी दिनों से चल रहा था रास्ते का विवाद
- डीएम ने दोनों पक्षों को बुलाकर मामला हल किया

बलरामपुर संवाददाता। शासन के निर्देश पर जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम डा. महेंद्र कुमार ने मौके पर जाकर जांच कर मामले के निस्तारण का निर्देश दिया।

शनिवार को थाना कोतवाली नगर में जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार व एसपी राजेश कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। नगर निवासी एक पीड़ित ने रास्ते के विवाद की शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने पुलिस की सहायता से दूसरे पक्ष को बुलवाया। उन्होंने दोनों पक्षों वाद को सुनकर हल्का लेखपाल व पुलिस टीम को लगाकर मामले का निस्तारण करा दिया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी टीम बनाकर मौके पर जाएं तथा गुण व दोष के आधार पर मामले का निस्तारण करें। इस अवसर पर थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह, निरीक्षक राजकुमार यादव, उपनिरीक्षक खादिम सज्जाद, उप निरीक्षक श्रवण कुमार वर्मा, चालक संजय कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में थाना कोतवाली देहात में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक श्री सरोज ने बताया कि नौ मामले आए जिसमें से चार का सफल निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक श्याम नारायण मिश्रा, कांस्टेबल रणविजय सिंह, सोनू जयसवाल, वीरेंद्र तिवारी सहित तमाम पुलिस व राजस्व कर्मी मौजूद रहे। इसी क्रम में थाना ललिया, गौरा, उतरौला, पचपेड़वा, जरवा, तुलसीपुर, रेहरा बाजार, मॉडर्न थाना श्रीदत्तगंज, थाना सादुल्लाह नगर में आयोजित हुआ।

# शिकायतों का शीघ्र करें निस्तारण

**संवाददसूत्र, बलरामपुर :** जिले के 15 कोतवाली व थानों में शनिवार को समाधान दिवस में आने वाले फरियादियों के शिकायतों की सुनवाई की गई। नाली, चकरोड, खड़ंजा व अतिक्रमण के मामलों का निस्तारण कराने के लिए पुलिस व राजस्व टीम को मौके पर जाने का निर्देश दिया गया। थाना समाधान दिवस में आने वाली जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

जिलाधिकारी डा. महेंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने कोतवाली नगर पहुंचकर शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना। शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले फरियादियों से अच्छा व्यवहार किया जाए, महिला अपराधों में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। सरकार की मंशा है कि कोतवाली व थानों में फरियादियों के शिकायतों की सुनवाई की जाए, जिससे उन्हें भटकना न पड़े। क्षेत्राधिकारी सदर ज्योतिश्री, नगर दरवेश कुमार, ललिया राधारमण सिंह व तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह ने अपने-अपने सर्किल के कोतवाली में समाधान दिवस के आयोजन में भाग लिया।

# खुदकुशी के लिए मजबूर के करने के आरोपी को दबोचा

**श्रीदत्तगंज।** क्षेत्र के ढोवाडाबर निवासी इरफान को पुलिस ने पकड़ लिया है। एसपी राजेश सक्सेना ने बताया कि कुछ दिन पहले इरफान की पत्नी फूलबानो ने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पिता ने थाने में तहरीर देकर पति पर बेटी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था। प्रभारी निरीक्षक विपुल पांडेय की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। (संवाद)

# शिकायतों का प्राथमिकता से कराएं निपटारा : डीएम

बलरामपुर। नगर कोतवाली में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की सुनवाई की गई। डीएम डॉ. महेंद्र कुमार ने राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर शिकायतों का निस्तारण करने को कहा। साथ ही निस्तारण रिपोर्ट देने का निर्देश भी दिया।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराएं। जिन प्रार्थनापत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है, उनकी रिपोर्ट दें। जिससे समय से शिकायतों का निस्तारण कराया जा सके। प्रभारी निरीक्षक विमलेश सिंह ने अब तक की स्थिति के बारे में जानकारी दी।

उतरौला कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में एडीएम ज्योति गौतम व सीओ ज्योति श्री की अध्यक्षता में सुनवाई की गई। दो शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम बनाई गई है। (संवाद)

# टोली बनाकर निकलें ग्रामीण, बरतें सतर्कता

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** नेपाल सीमा से सटे गांवों में तेंदुए की दस्तक से लोग दहशत में हैं। वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाने के साथ ही ग्रामीणों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। क्षेत्र के मजगवां गांव में 23 नवंबर को तेंदुए के हमले में आठ वर्षीय संदीप की मौत हो गई थी। इसके बाद तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने प्रयास तेज कर दिए हैं। पिंजरा लगाने के साथ ही सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। डीएफओ डॉ. एम सेम्मारन ने प्रभावित इलाकों का रात में भ्रमण किया। कहा कि ग्रामीण टोली बनाकर धान की कटाई करने जाएं। उन्होंने जंगल के आसपास और पिंजरे लगाने तथा फ्लैश कैमरा ट्रिप लगाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**तुलसीपुर।** पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी वजीरडीह निवासी तिलकराम यादव को गिरफ्तार किया है। वहीं, गैसड़ी पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मोहम्मद इजहार व अब्दुल कादिर को पकड़ा है। (संवाद)

# एससी/एसटी एक्ट में पांच को सजा

**बलरामपुर।** विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट ने वर्ष 2018 में हुई मारपीट के मामले की सुनवाई करते हुए पांच लोगों को सजा सुनाई है। महाराजगंज तराई के चेतराम ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना करके न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मॉनीटरिंग सेल प्रभारी केके यादव की निगरानी में न्यायालय में पैरवी की गई। न्यायालय ने कौशल किशोर, शंकर, शैलेंद्र, चंद्रशेखर व केशव को चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। (संवाद)

# सीओ बोले- आपात स्थिति में पुलिस की लें मदद

10वीं की छात्रा सुहानी श्रीवास्तव ने सवाल पूछा कि आपात स्थिति में क्या करें। सीओ ने जवाब दिया कि इसमें परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। अगर कोई ऐसी परिस्थिति आती है तो तत्काल यूपी 112 की मदद लें। पांच मिनट के भीतर मदद मिलेगी। आपात स्थिति में घबराने के बजाय हिम्मत से काम लेना चाहिए।

11वीं की छात्रा प्रज्ञा सिंह ने पूछा कि सुरक्षा को लेकर बेटियों में आज भी डर बना रहता है। ऐसे में क्या करना चाहिए? इस पर महिला थानाध्यक्ष ने कहा कि बेटियों को अपनी शक्ति को पहचानना होगा। किसी से डरने की कोई जरूरत नहीं है। कहा कि अगर कोई दिक्कत है तो मेरे सीयूजी नंबर 9454404895 पर कॉल कर सकती हैं। तुरंत पुलिस की मदद मिलेगी।

11वीं की छात्रा हृदया श्रीवास्तव ने सवाल किया- अपराधियों से कैसे सतर्कता बरतें? महिला थानाध्यक्ष ने कहा कि बेटियों को गुड व बैड टच के बारे में जानकारी दी जा रही है। किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। अगर आपको लगता है कि कोई पीछा कर रहा है तो बेहिचक पुलिस की मदद लें। यूपी 112 व 1090 की मदद लें।

11वीं की छात्रा विद्योत्तमा ने सवाल पूछा कि आम तौर पर बेटियां अपनी परेशानी परिजनों के साथ साझा नहीं कर पाती हैं। इससे समस्या बढ़ती जाती है। सीओ ने कहा कि कभी-कभी चुप्पी परेशानी का कारण बन जाती है। ऐसे में चुप्पी तोड़कर आगे बढ़ें। मित्रों को अपनी समस्याएं बताएं। शिक्षकों को बताएं। समाधान अवश्य निकलेगा।

10वीं की छात्रा आयुषी ने सवाल किया कि इंटरनेट के ज्यादा प्रयोग के चलते हम लक्ष्य से भटक रहे हैं, क्या करें। सीओ ने कहा- इंटरनेट का प्रयोग उतना ही करें, जितना आवश्यक हो।

सीओ ने कहा- लक्ष्य को हासिल करने के लिए एकाग्र होकर पढ़ाई करें। इंटरनेट के प्रयोग में सावधानी भी अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर मौजमस्ती नहीं बल्कि पढ़ाई के लिए व ज्ञान बढ़ाने के लिए जाएं।

# बदल रहे परिवेश में विद्यार्थियों की बढ़ी जिम्मेदारी

पहले व आज के परिवेश में बदलाव दिख रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म से हर कोई जुड़ा है। ऐसे में इसका प्रयोग सकारात्मक कार्यों में करें। अपनी समस्याएं दोस्तों के बीच रखकर समाधान करें। खुद में आत्मविश्वास पैदा करें। सामाजिक स्थितियों का आकलन कर उसके अनुरूप कार्य करें। अगर कहीं कोई समस्या आ रही है तो पुलिस की मदद लें, निदान कराया जाएगा।

– दरवेश कुमार, सीओ सिटी

# बेहिचक बताएं परेशानी, हम कराएंगे समाधान

संविधान में हर किसी को समान अधिकार दिए गए है। ऐसे में हर किसी को अपने अधिकार की जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए हमारी टीम शहर से लेकर गांवों तक जागरूकता अभियान चला रही है। इसका पॉजिटिव रिस्पांस भी दिख रहा है। अगर किसी को कोई परेशानी हो तो बेहिचक बताएं, पुलिस के हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करें। तत्काल समाधान होगा। महज पांच मिनट के भीतर यूपी 112 की पुलिस टीम मदद को पहुंचती है। 1090 की भी मदद ली जा सकती है।

– राजेश कुमार सक्सेना, एसपी

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 27-11-2022

# दशकों से कर रहे थे न्याय को संघर्ष, मिली जीत

**जासं, बहराइच** : जिला न्यायालय में कई पुराने मामले अरसे से लंबित थे। पेशी लेकर वादकारी मायूस होकर लौट जाते थे। उच्च न्यायालय के निर्देश पर न्यायालयों में पुराने वादों को एक्शन प्लान में शामिल करते हुए जल्द से जल्द निस्तारण पर जोर दिया गया। नतीजा रहा कि सीजेएम न्यायालय में ही 60 से अधिक मुकदमे निपट गए। सीजेएम शिवेंद्र कुमार मिश्र ने न्यायिक कार्यालयों में जाकर लिपिकों को निर्देशित कर पुरानी लंबित पत्रावलियें को पटल पर पेश कराकर निस्तारण पर जोर दिया। दो माह के अंदर ही विभिन्न अदालतों में दशकों से लंबित चल रहे डेढ़ सौ मुकदमों पर फैसला दिय जा चुका।

**केस 1**

तीन अप्रैल 1977 को कोतवाली देहात के अव्वल मसूदपुर निवासी बच्चालाल ने अपने गांव के ही सियाराम व संतराम के खिलाफ अभद्रता और मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराय था। मुकदमा चलता रहा, पेशी होती रही। आरोपित सियाराम की मौत हो गई। इस मामले में दूसरे आरोपित संतराम को 350 रुपये का अर्थदंड लगाकर 19 नवंबर को उनका मुकदमा समाप्त कर दिया गया।




जिला न्यायालय का मुख्य द्वार • जागरण

**60** से अधिक वाद सीजेएम की अदालत में निपटे

**02** माह में विभिन्न न्यायालयों में निपटाए गए 150 वाद

**केस 2**

12 अगस्त 1978 को कोतवाली देहात के ही बहादुरपुर के रहने वाले मुहम्मद युनुस ने गांव के ही मुनीर समेत आठ लोगों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। विचारण के दौरान कई बार गैर हाजिर भी हुए। अंत में 19 अक्टूबर 2022 को अदालत ने मामले में दोषी ठहराते हुए आरोपितों को एक वर्ष की परिवीक्षा की सजा सुनाते हुए मुकदमे का निस्तारण किया।

**केस 3**

सात मार्च 1978 को कल्पीपारा के सहकारी समिति के सहायक सचिव वासुदेव सिंह ने मसीहाबाद निवासी अब्दुल हसन के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। चार्जशीट दाखिल होने पर वर्ष 2019 में मुकदमे में फरार घोषित किया गया था, लेकिन कोविड के दौरान आरोपित की मौत हो गई और वे अपनी बेगुनाही साबित नहीं कर पाए। अदालत ने उनका मुकदमा उपशमिति कर दिया।

वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अशोक कुमार गिरि बताते हैं कि उच्च न्यायालय के निर्देश पर सभी अदालतों में पुरानी पत्रावलियों के निस्तारण पर जोर दिया जा रहा है, जिसके तहत दो माह में सीजेएम न्यायालय में 60, जेएम न्यायालय में 35 व एसीजेएम न्यायालय में 55 वाद निस्तारित हुए हैं।

# सात लोगों पर हत्या का मुकदमा

## तारापुर खुर्द में खूनी संघर्ष में मौत का मामला, एक बंदी

**जासं, बहराइच** : रामगांव इलाके के तारापुर खुर्द मेटुकहा चौराहा के पास पुरानी रंजिश में दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत मामले में पुलिस ने सात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। घटना में डायल 112 पुलिस की लापरवाही का भी आरोप लगा था।

तारापुर खुर्द निवासी इश्तियाक ट्रैक्टर-ट्राली से मौरंग लादकर हमीदपुर जा रहा था। आरोप है कि कुछ दूर पर मौजूद इकराम अली, अख्तर अली जाफर ने अपने समर्थकों के साथ उसे मेटुकहा चौराहे पर रोक लिया। कहासुनी के बाद उसे लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद वसीम अहमद, अली अहमद व मुजीबुर्रहमान उर्फ गुल्ले ने जब बीच बचाव करने का प्रयास किया तो गुल्ले को पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया था। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठियां चलने लगी। जमकर ईंट पत्थर चले। कई वाहनों में तोड़फोड की गई थी। मामले में मुजीब की तहरीर पर इकराम अली, अख्तर अली, लियाकत अली, जाफर अली, अतहर अली व तैय्यब अली के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि एक आरोपित की गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार छापामारी कर रही हैं।



### रिश्तेदारी में गए युवक की मौत

**शिवपुर** : खैरीघाट के धनावा बकैना निवासी प्रदीप त्रिवेदी अपनी रिश्तेदारी में लखीमपुर गए थे। लौटते समय थाना ईशानगर के आदिलपुर के भरेहटा गांव के पास नाले में उसका शव उतराता राहगीरों ने देखा। पुलिस ने जेब में मिले आधार से उसकी पहचान की। (संसू)

# मुंबई हमले के बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

**जासं, बहराइच** : 26/11 मुंबई हमले के बलिदानी सुरक्षा कर्मियों को शहीद स्मारक पर बहराइच विकास मंच ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच अध्यक्ष हर्षित त्रिपाठी ने की।

संरक्षक अनिल त्रिपाठी ने कहा कि 26 नवंबर 2008 को हुआ चरमपंथी हमला ऐसी पहचान है, जिसे मुंबई कभी अपने नाम नहीं करना चाहता था। लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षित और भारी हथियारों से लैस दस चरमपंथियों ने मुंबई के कई जगहों और प्रतिष्ठित इमारतों पर हमला कर दिया था, जो चार दिन तक चला। मुंबई हमलों में 160 से अधिक लोग मारे गए थे। अध्यक्ष हर्षित त्रिपाठी ने कहा कि उस रात को मुंबई गोलियों की आवाज से दहल उठी। समाजसेवी रमेश मिश्र ने कहा कि ताजमहल होटल के गुंबद में लगी आग आज भी लोगों के मन मस्तिष्क पर छाई हुई है। इस मौके पर प्रमोद तिवारी, सोनू, अमजद, राजन यादव, दिलीप कुमार विश्वास, आदिल शाह, वीरेंद्र सिंह, अमित मिश्र, अनिल कुमार, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।



शहीद स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि देते बहराइच विकास मंच के पदाधिकारी ● जागरण

# कोटेदार के खिलाफ कार्डधारकों का प्रदर्शन

**संसू, नानपारा/ बलहा(बहराइच)** : नारायणपुर कला के कार्डधारकों ने तहसील पहुंचकर कोटेदार के खिलाफ प्रदर्शन किया। राशन न देने का आरोप लगाया। उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। तहसील पहुंचकर ग्रामीणों व कार्डधारकों ने कोटेदार के खिलाफ नारेबाजी की। आरोप लगाया कि कोटेदार ने अक्टूबर में ग्रामीणों से मशीन पर अंगूठा लगवा लिया और खाद्यान्न सामग्री का वितरण नहीं किया। आपूर्ति निरीक्षक बलहा ओमप्रकाश ने बताया कि कोटेदार के खिलाफ शिकायत मिली थी। अभी कुछ दिन पूर्व ही उसका कोटा सस्पेंड किया गया है। प्रदर्शन करने वालों में आशाराम, सलीम, पीर गुलाम, रोजेदार, मायावती, मनीषा, बिट्टा, छेदन, बानो, मीना, संवारा आदि शामिल रहे।

# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बाबागंज (बहराइच)।** बाबागंज पुलिस ने शनिवार को चौराहे के पास एक युवक को रोक लिया। उसके पास से दस लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। युवक की पहचान पवन कुमार निवासी ग्राम बसभरिया, रुपईडीहा के रूप में हुई। उसे जेल भेज दिया गया है। संवाद

# थाना समाधान दिवस में लगा राजस्व शिकायतों का अंबार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस शनिवार को आयोजित हुआ। एसपी केशव चौधरी ने रानीपुर थाने अचानक पहुंचकर पीड़ितों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में सबसे ज्यादा राजस्व शिकायतों का अंबार लगा रहा। निस्तारण के लिए संबंधित लेखपाल व पुलिस की संयुक्त टीम को गठित किया गया।

रुपईडीहा निवासी हनुमान प्रसाद का गांव के ही लोगों से जमीनी विवाद चल रहा है। निपटाने के लिए थाने में प्रार्थना पत्र दिया। रूपईडीहा थानाध्यक्ष श्रीधर पाठक ने बताया कि शिकायत मिलने पर तत्काल टीम को भेजा गया। फखरपुर के बुबकापुर गांव निवासी इंद्र बहादुर ने बताया कि विपक्षी से रास्ते का विवाद चल रहा है। विवाद के निस्तारण के लिए वह बीते छह महीने से थाना दिवस व समाधान दिवस का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन निस्तारण नहीं कराया जा रहा है।

थानाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि शिकायतों के निस्तारण के लिए गठित कर दी गई है। हरदी के ओंकार सिंह पुरवा गांव निवासी सिराज अहमद ने बताया कि रास्ते का विवाद विपक्षी से चल रहा है। कई बार प्रार्थना पत्र दे चुका है, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### निस्तारण के लिए टीमें गठित

थाना समाधान दिवस पर मैं स्वयं रानीपुर थाने गया और पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। राजस्व से जुड़ी समस्या ज्यादा देखने को मिली। राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें गठित कर निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**-केशव चौधरी**, एसपी, बहराइच

## अधिवक्ता पर हमले के खिलाफ होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

**बहराइच।** दरगाह निवासी एक अधिवक्ता पर हुए जानलेवा हमले के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी न होने का उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने संज्ञान लिया है। काउंसिल के पूर्व चेयरमैन ने कहा कि अगर हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी न हुई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

बख्शीपुरा निवासी अधिवक्ता अशोक मिश्रा को 16 नवंबर को अज्ञात लोगों ने गोली मार दी थी। अधिवक्ता का इलाज लखनऊ में चल रहा है। कार्रवाई न होने पर अब उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने गंभीरता से लिया है। काउंसिल के पूर्व चेयरमैन व सदस्य अजय कुमार शुक्ला ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए पुलिस व जिला प्रशासन से हमलावरों की गिरफ्तारी कर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की मांग की है। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 27-11-2022

# बच्चे हमारे देश का भविष्य: मंजू पाण्डेय

**श्रावस्ती, संवाददाता।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से देहात समाज कार्य संगठन की तरफ से संचालित चाइल्डलाइन श्रावस्ती ने आओ बच्चों के दोस्त बनें सप्ताह के तहत सुरक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा बंधन मनाया।

इस मौके पर महिला थानाध्यक्ष मंजू पाण्डेय ने कहा की बच्चे हमारे देश का भविष्य है और आज जो बच्चों ने सुरक्षा सूत्र बांधकर हमसे सुरक्षा का वचन लिया है हम बच्चों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह कार्यक्रम के तहत बच्चों ने महिला के अधिकारी एवं कर्मचारियों के सुरक्षा सूत्र बांधकर रक्षा का वचन लिया है। हमें चाहिए कि हम बच्चों से दोस्ती कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें अक्सर होता है कि बच्चे बड़ों से दोस्ती करने में झिझक व शर्म करते हैं।




आओं बच्चों के दोस्त बनें सप्ताह कार्यक्रम में बच्चों से मिलतीं महिला थानाध्यक्ष।

# मोबाइल हाथ में, 1090 हमेशा आपके साथ में

**जागरूकता**

**गिलौला, संवाददाता** गिलौला कस्बे में मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी स्वावलंबन को ध्यान में रखते हुए नारी सुरक्षा का जन जागरण किया जा रहा है। जिस पर महिलाओं के लिए एक कार्ड वितरण किया जा रहा है जिसमें महिलाओं के लिए संदेश लिखे गए हैं।

गिलौला थाना क्षेत्र के तहत कस्बा गिलौला में नारी सुरक्षा को लेकर गिलौला पुलिस की तरफ से महिलाओं दिया जा रहा है जिसमें डायल 1090 पर विशेष जोर दिया गया है। महिलाओं को अगर कोई सम्मानजनक तरीके से व्यवहार करता है और घरेलू हिंसा तथा प्रशिक्षित महिला में मनोवैज्ञानिकों के माध्यम से परामर्श सेवा प्रदान किया जाता है। अगर आप कोई फोन या इंटरनेट के माध्यम से परेशान करता है और अगर सार्वजनिक स्थल या कार्यस्थल पर छेड़खानी जैसी हिंसा होती है तो उसमें 1090 को डायल कर पुलिस की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। पुरुषों के लिए विशेष संदेश इस कार्ड में लिखा गया है जिसमें पहला है कि मैं महिलाओं का सम्मान करूंगा और दूसरा संकल्प अगर कोई महिलाओं के साथ हिंसा करता है यह सम्मान पूर्वक पेश आता है तो मैं 112 डायल को सूचित करूंगा।

# सभी सरकारी कार्यालयों में दिलाई गई संविधान के पालन की शपथ

## आज ही 1949 को स्वतंत्र भारत की संविधान सभा ने वर्तमान संविधान को मंजूरी दी

**समारोह**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** संविधान दिवस पर शनिवार को सभी सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में संविधान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर स्कूली छात्रों को संविधान के बारे में जानकारी देकर संविधान के अनुसार काम करने की अपील की गई। न्यायालय में जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने शपथ दिलाई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने सभी न्यायिक अधिकारियों व न्यायिक कर्मचारियों को शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। कारण है कि 26 नवंबर 1949 को स्वतंत्र भारत की संविधान सभा ने वर्तमान संविधान को मंजूरी दिया था। इस अवसर पर श्यामलाल कोरी, श्रीमती करुणा सिंह, मृत्युंजय श्रीवास्तव, असगर अली आदि लोग मौजूद रहे।

इसी तरह से अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह ने कलेक्ट्रेट में कर्मियों को संविधान का संकल्प दिलाई। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं कार्यालय पुलिस अधीक्षक में एसपी अरविन्द कुमार मौर्य तथा विकास भवन में सीडीओ अनुभव सिंह ने कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई और हर हाल में संविधान की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। एसएसबी कार्यालय खरगौरा में उप कमांडेण्ड सोनू कुमार ने संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर स्वतंत्र भारत के लिए एक बहुत खास दिन है, क्योकि इसी दिन भारत गणराज्य का बन कर तैयार हुआ था। देश की संविधान सभा ने वर्तमान संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था। इसलिए प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस मौके पर वाहिनी के समस्त बलकर्मी मौजूद रहे।



संविधान दिवस पर शनिवार को जगतजीत इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। ● हिन्दुस्तान

**26** नवंबर को भारत गणराज्य का बन कर तैयार हुआ था

- न्यायालय में जिला जज ने कर्मियों और अधिवक्ताओं को दिलाई शपथ
- स्कूली छात्राओं को दिलाया गया संविधान को बचाने का संकल्प

### अधिकारियों व कर्मचारियों ने लिया यह संकल्प

संविधान दिवस पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज 26 नवम्बर को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

**गिरफ्तार**–**श्रावस्ती :** पुलिस ने 25 हजार के फरार इनामी गैंगस्टर बहराइच जिले के विशेश्वरगंज क्षेत्र के बंजारनपुरवा निवासी जालिम को उसके घर से गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा दिया।( वि.)

# 78 शिकायतों में 14 निस्तारित



भिनगा कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनतीं डीएम नेहा प्रकाश ( दाएं से दूसरे ) व एसपी अरविंद कुमार मौर्य ( दाएं ) ● जागरण

**जागरण टीम, श्रावस्ती** : शनिवार को भिनगा कोतवाली समेत सभी थानों में समाधान दिवस आयोजित हुआ। कुल 78 प्रार्थना पत्र आए। इनमें से मौके पर सिर्फ 14 का निस्तारण हो सका। डीएम नेहा प्रकाश व एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने भिनगा कोतवाली में दिवस की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनें। समय सीमा में निस्तारित कराएं।

डीएम ने कहा कि समाधान दिवस में आई भूमि विवाद की शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए। राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के शिकायतों का समयावधि के अंदर निस्तारण करे। एसपी ने कहा कि

## समाधान दिवस

समाधान दिवस में आई शिकायतों को सूचीबद्ध कर रजिस्टर में दर्ज करें। मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने मल्हीपुर थाने में शिकायतें सुनी। सीओ अतुल कुमार चौबे ने सिरसिया व इकौना सीओ महेंद्र पाल शर्मा ने श्रावस्ती थाने में आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण के लिए मातहतों को निर्देशित किया। इकौना थाने में 11, श्रावस्ती में दो, सिरसिया में 23, गिलौला में पांच शिकायतें आईं। निस्तारण शून्य रहा। सोनवा में 14 में से चार, मल्हीपुर में 10 में से दो, भिनगा कोतवाली में 15 में से चार शिकायतों का निस्तारण हुआ।

# शांतिभंग की आशंका में सात गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार रात गस्त के दौरान सात लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई कर उन्हें संबंधित उपजिलाधिकारी न्यायालय में पेश किया गया। संवाद

# समाधान दिवस में 20 मामले निपटे

**श्रावस्ती।** जिले के थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। भिनगा कोतवाली सहित सिरसिया, इकौना, गिलौला, मल्हीपुर, सोनवा व नवीन मॉडर्न थाने में 172 मामले आए। मात्र 20 का ही मौके पर निस्तारण हो सका। सोनवा में फरियाद लेकर आई बहराइच स्थित रिसिया के नरसिंह डीहा निवासी भूरी देवी ने बताया कि उसका विवाह चार वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के सतरही निवासी पवन कुमार के साथ हुआ था। पारिवारिक विवाद के कारण एक वर्ष से वह अपनी बच्ची के साथ मायके में रह रही है। इस पर प्रभारी निरीक्षक एसके शर्मा व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षी आरती सिंह ने पति को बुलाया। समझाने पर दोनों साथ रहने के लिए राजी हो गए। संवाद

# कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने शुक्रवार रात एक व्यक्ति को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम अयोध्यापुरवा निवासी कृष्ण कुमार के रूप में हुई। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# चाकू के साथ युवक को पकड़ा

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने शुक्रवार रात एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम लोहनिया निवासी नान्हू के रूप में हुई। उसके विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कार्रवाई की है। संवाद

# भिनगा कोतवाली का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** भिनगा कोतवाली का शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, परिसर, बैरक व मेस में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। साथ ही रजिस्टरों की जांच कर उनके रखरखाव व पाई गई कमियों को सुधारने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की बात कही। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। संवाद

# हेलमेट और सीट बेल्ट का करें इस्तेमाल



सीआरबी इंटर कॉलेज में नियमों की जानकारी देते यातायात प्रभारी। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**कटरा (श्रावस्ती)**। चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज, कटरा में पुलिस यातायात माह के दौरान शनिवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्रभारी निरीक्षक, यातायात ने छात्रों को यातायात नियमों व संकेतों की जानकारी दी।

प्रभारी निरीक्षक, यातायात मनीष कुमार पांडे ने कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय उच्च कोटि का हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनना जरूरी है। बगैर लाइसेंस व तेज गति से वाहन न चलाएं।

कभी भी मार्ग पर गलत तरीके से या फिर अनावश्यक वाहन न खड़ा करें, निर्धारित पार्किंग स्थल का प्रयोग करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। ओवरलोड वाहनों पर सफर करने से बचे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रबंधक व शिक्षक सहित काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## 36 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती**। जिला पुलिस की ओर से शनिवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 36 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही पुलिस ने 43000 रुपये शमन किया। संवाद

# लोकतंत्र ही हमारे भारत का सार

## संविधान दिवस पर हुए कई कार्यक्रम, बुद्ध विहार में भी किया गया आयोजन

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से न्यायालय परिसर में शनिवार को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने मौजूद सभी न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है।

लोकतंत्र भारत का सार है जो संविधान से उत्पन्न होता है। इस दौरान श्यामलाल कोरी, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, करुणा सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मृत्युंजय श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदि मौजूद रहे।

**डॉ. आंबेडकर ने दिलाया समानता का अधिकार :** कटरा । संविधान दिवस पर भंते चंद्रकीर्ति की ओर से चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

महिला सशक्तिकरण संघ के सहयोग से बुद्ध विहार में आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश से आए उपासकों ने भाग लिया। इस दौरान भंते चंद्रकीर्ति, भदंत करुणा करण तथा बौद्ध भिक्षु यू ओवाथा व देवेंद्र थेरो ने भगवान बुद्ध व डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस दौरान बौद्ध भिक्षु करुणा करण ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समानता का अधिकार दिलाया है। कार्यक्रम में विजय बौद्ध, मोनिका सिंह व मंजू लाल आदि मौजूद रहीं।

**संविधान की रक्षा का संकल्प : कटरा।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मौजूद छात्रों ने संविधान का उद्देश्य पढ़ने के साथ ही इसकी रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान डॉ. श्याम नारायण वर्मा, डॉ. दिलीप कुमार, उपेंद्र कुमार सोनी आदि मौजूद रहे।



संविधान दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में शपथ दिलाते एडीएम। -संवाद

### कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय में कार्यक्रम

**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार व एसपी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों को संविधान के मूल कर्तव्यों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एडीएम डीपी सिंह ने कहा कि संवैधानिक आदर्शों का आदर करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी अरविंद कुमार सिंह ने मातहतों को शपथ दिलाई। संवाद